09 मई, शुक्रवार 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) | वर्ष-31, अंक- 201, पृष्ठ-12 | वैशाख शुक्ल पक्ष 12, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

₹3.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

- जम्मू-कश्मीर, पंजाब व राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैकआउट सायरन बजा
- जम्मू और जैसलमेर में ड्रोन हमले की कोशिश नाकाम, भारत ने दिया करारा जवाब

### चीन ने पाकिस्तान की मदद से किया इनकार

चीन ने तनाव के बीच पाकिस्तान की मदद से इनकार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय से जब पूछा गया कि क्या भारत-पाकिस्तान संघर्ष में चीनी जेट शामिल थे तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान बीजिंग में नियमित मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

ऑपरेशन सिंदूर



**भारत ने शुरू की जवाबी कार्रवाई, पाकिस्तान के एफ-16 और जेएफ-17 जेट को मार गिराया**

## भारत के 15 शहरों को निशाना बना रहा था पाकिस्तान

# जवाबी कार्रवाई में लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह, पाक के रडार हुए बेकार...

पहलगाम हमले के जवाब में भारत के मिसाइल हमलों के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। अपनी बौखलाहट में उसने भारत के कई अग्रिम स्थानों पर गोलाबारी की है। हालांकि, भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी खामियाजा उठाना पड़ा है। भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।




## देश के सशस्त्र बलों ने पाक के कई ठिकानों को निशाना बनाया

वक्तव्य के अनुसार, गुरुवार सुबह देश के सशस्त्र बलों ने अपनी जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई ठिकानों को निशाना बनाया। पाकिस्तान जिस तरह से हमले कर रहा है, भारत का जवाब भी वैसा ही है। विश्वसनीय जानकारी के अनुसार पता लगा है कि लाहौर में पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया गया है।

**पाकिस्तान को रोकनी पड़ी गोलाबारी :** पाकिस्तान नियंत्रण रेखा स्थित जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उड़ी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार से गोले दाग रहा है, इनमें 16 नागरिकों की जान गई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। यहां भी भारत को पाकिस्तान को करारा जवाब देना पड़ा, जिसके बाद पाकिस्तान को गोलाबारी रोकनी पड़ी।

## पाकिस्तानी ड्रोन को एस-400 ने हवा में ही कर दिया तबाह

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर का जवाब देने के लिए पाकिस्तान ने बीती रात भारत के कई शहरों में ड्रोन से मिसाइल अटैक किया, जिसे भारतीय वायुसेना की एस-400 सुदर्शन चक्र एयर डिफेंस सिस्टम ने नेस्तनाबूद कर दिया। पाकिस्तान ने 7-8 मई की रात ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि भारतीय सेना ने इन हमलों को एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम से बेअसर कर दिया।

**एस-400 'सुदर्शन चक्र' की विशेषताएं :** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एयर डिफेंस सिस्टम में शामिल एस-400 'सुदर्शन चक्र' लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम है। इसे रूस के अल्माज-एंटी द्वारा विकसित किया गया है। इसमें स्टेल्थ फाइटर जेट, बमवर्षक, क्रूज और बैलिस्टिक शेष पेज 11 पर

## पाकिस्तान की हर कोशिश नाकाम

गुरुवार सुबह से पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से इस तरह की खबरें सामने आ रही थीं कि लाहौर में कुछ धमाके सुनाई दिए हैं। अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों से भी इसी तरह की खबरें सामने आ रही थीं। इसके बाद सरकार के पत्र सूचना कार्यालय यानी पीआईबी की तरफ से दोपहर 2:34 बजे एक वक्तव्य जारी किया गया। इसमें कहा गया कि माहौल को और तनावपूर्ण बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है। साथ ही भारत ने पाकिस्तान की हरकतों का माकूल जवाब दिया है।

### भारत ने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को टारगेट नहीं किया

सरकार की तरफ से जारी वक्तव्य में कहा गया कि बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग के दौरान भारत ने यह स्पष्ट किया था कि हमारा जवाब संतुलित था और टकराव बढ़ाने के मकसद से नहीं था। ब्रीफिंग में यह स्पष्ट किया गया था कि हमने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को टारगेट नहीं किया है। लिहाजा, अगर भारत के सैन्य ठिकानों पर कोई हमला किया जाता है तो इसका उचित जवाब दिया जाएगा।वक्तव्य के मुताबिक, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई शेष पेज 11 पर

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड दौरा टला

**रांची।** रांची में 10 मई को प्रस्तावित पूर्वी क्षेत्र अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होनी थी। इसके लिए वह 9 मई को रांची पहुंचने वाले थे। आधिकारिक सूत्रों ने बैठक स्थगित होने की वजह नहीं बताई है, लेकिन यह माना जा रहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच जारी टकराव और तनाव की स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। परिषद के सदस्य चारों राज्यों को बैठक स्थगन की सूचना दे दी गई है। बैठक की नई तारीख बाद में तय की जाएगी।

### भारत के सैन्य ठिकानों पर कोई भी हमला हुआ तो देंगे उचित जवाब : कर्नल सोफिया

**ब्यूरो । नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विदेश सचिव विक्रम मिसरी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह व कर्नल सोफिया कुरैशी ने संवाददाता सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण बातें बताईं। इसमें कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, '07 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, भारत ने अपनी प्रतिक्रिया को केंद्रित, मापा हुआ और गैर-बढ़ावा देने वाला बताया था। यह विशेष रूप से उल्लेख किया गया था कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया था। शेष पेज 11 पर

# सरकारी कर्मचारियों-पेंशनर्स को अब 55 फीसदी मिलेगा डीए

**झारखंड कैबिनेट का फैसला**

- डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन की मिली मंजूरी
- रिम्स के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की स्थापना के लिए 103 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के 3 लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स की लॉटरी लग गई। हेमंत सोरेन सरकार ने इन्हें बड़ा तोहफा दिया है। झारखंड कैबिनेट की 8 मई को हुई बैठक में 7वें केंद्रीय वेतनमान में महंगाई भत्ता बढ़ाने की स्वीकृति दे दी है। इतना ही नहीं, राज्य सरकार के पेंशन/पारिवारिक पेंशनभोगियों के महंगाई राहत में भी वृद्धि करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। गुरुवार को कैबिनेट की बैठक के कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। बैठक में मंत्रिपरिषद ने 34 प्रस्तावों को स्वीकृति दी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि झारखंड राज्य सरकार के कर्मियों को दिनांक 01.01.2016 से प्रभावी पुनरीक्षित वेतनमान (सातवें केंद्रीय वेतनमान) में 01 जनवरी, 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गई। 'राज्य के सेवीवर्ग, जिनके



वेतनमान/वेतन संरचना का पुनरीक्षण (सप्तम वेतन पुनरीक्षण) विभाग के संकल्प संख्या 217/वि. दिनांक 18.01.2017 द्वारा दिनांक 01.01.2016 के प्रभाव से किया है, उन्हें दिनांक 01.01.2025 के प्रभाव से वेतन का 55 फीसदी (पचपन प्रतिशत) महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है।

पेंशनर्स को अब 55 प्रतिशत मिलेगा डीआर

इतना ही नहीं, दिनांक 01.01.2016 से पुनरीक्षित/प्रभावी राज्य सरकार के पेंशन/पारिवारिक पेंशनभोगियों को 01 जनवरी, 2025 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गयी। 'राज्य के पेंशनधारियों / पारिवारिक पेंशनभोगियों, जिनके मूल पेंशन का पुनरीक्षण (सप्तम पुनरीक्षण) वित्त विभाग के संकल्प संख्या 218/वि. दिनांक 18.01.2017 द्वारा दिनांक 01.01.2016 के प्रभाव से किया गया है, उन्हें दिनांक 01.01.2025 के प्रभाव से मूल पेंशन का 55 फीसदी (पचपन प्रतिशत) महंगाई राहत स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स)के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की स्थापना के लिए विभिन्न स्तर के कुल 103 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नाम में परिवर्तन के लिए झारखंड राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2017 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। इस पर आदिवासी छात्र संघ ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

### उग्रवादियों व अपराधियों की गिरफ्तारी पर इनामी राशि बढ़ी

**रांची।** झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रमुख फैसलों में कुख्यात उग्रवादियों और अपराधियों की गिरफ्तारी पर मिलने वाली इनामी राशि में वृद्धि का निर्णय शामिल है। जिन अपराधियों पर 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, उनकी गिरफ्तारी पर अब 20 से 30 लाख रुपये तक की इनामी राशि दी जाएगी। वहीं, जिनके विरुद्ध कम से कम तीन मामले दर्ज हैं, उनकी गिरफ्तारी पर न्यूनतम दो लाख रुपये तक का इनाम मिलेगा।

# वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल लाल बहादुर साहित्य रत्न से सम्मानित

- पूर्वी भारत के अनेक साहित्यकारों को रांची में सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था मंजिल ग्रुप साहित्यिक मंच 'मगसम' की पूर्वी भारत समूह के तत्वावधान में साहित्य की सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 साहित्यकारों को सर्वोच्च लाल बहादुर शास्त्री साहित्य रत्न सम्मान सहित राष्ट्रीय स्तर पर वोटिंग के आधार पर चयनित अन्य साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इनमें डॉ विनोद कुमार, दरभंगा, देवानंद साहा आनंद कोलकाता, कमल पुरोहित अपरिचित कोलकाता तथा रांची के डॉ वीके सहाय, निर्मला कर्ण, गोपाल भारतीय, मुजफ्फरपुर, डॉ प्रशांत करण, रांची, गीता सिन्हा गीतांजलि, रांची, बाबा बैद्यनाथ झा, पूर्णिया, गीता चौबे गूंज, रांची, रुणा रश्मि दीप्त, रांची, सुनील सिंह बादल रांची, रेणु बाला धार, रांची शामिल हैं। रचना स्वर्ण प्रतिभा सम्मान से सम्मानित लोगों में उदय प्रताप नादान, दरभंगा, सौम्या कुमार विभु, दरभंगा, रितु प्रज्ञा, दरभंगा, मुनमुन ढाली, रांची, मीनू मीना सिन्हा मीनल, रांची शामिल हैं।





सारिका भूषण, रांची, दिनेश चंद्र प्रसाद दिनेश, कोलकाता को रचना रजत प्रतिभा सम्मान मिला है। रचना प्रतिभा सम्मान श्रीकांत दुबे कोलकाता को प्रदान किया गया। एक शाम मां के नाम तथा अन्य सम्मान सूची में राजीव थेपड़ा, रांची, रेणु त्रिवेदी मिश्रा, रांची, नंदा पांडे, रांची, अनीता रश्मि, रांची, गरिमा पाठक, रांची, डॉ एनके पाठक, रांची तथा पुष्पा पांडे, रांची शामिल हैं।

इस अवसर पर भव्य पुस्तक विमोचन सह सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें चर्चित लेखिका गीता सिन्हा 'गीतांजलि' की आठवीं कृति का लोकार्पण हुआ। इस संग्रह में 79 कहानियां संकलित हैं, जिसे पंचतंत्र की आधुनिक पुनर्व्याख्या के रूप में अतिथियों ने सराहा।

स्वागत भाषण में राष्ट्रीय संयोजक सुधीर सिंह सुधाकर ने कहा कि कथा सम्राट प्रेमचंद को 186 देशों में लोग जानते हैं, पर उन्हें कोई सम्मान नहीं मिला था और आज साहित्यकार सिर्फ अपने सम्मान के लिए दबाव बनाते हैं, इसीलिए मगसम राष्ट्रीय स्तर पर वोटिंग से प्राप्त हरे कार्ड के आधार पर पारदर्शी तरीके से सम्मान देती है और किसी से कोई चंदा नहीं लेती। मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ जंग बहादुर पांडे ने इस कृति की तुलना पंचतंत्र से करते हुए कहा, जहां पंचतंत्र की 59 कथाएं नैतिक शिक्षा देती थीं, वहीं गीतांजलि की 79 कहानियां समकालीन समाज की सच्चाइयों को व्यंग्य और संवेदना से प्रस्तुत करती हैं शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# बदले बदले से हैं तेवर भारत विरोधी पश्चिमी मीडिया के

पहलगाम में हुए हमले के बाद से भारत की पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई की खबर दुनिया भर के बड़े अख़बारों और विभिन्न मीडिया में है। इनमें युद्ध की आशंका



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

और भविष्य की संभावनाओं की चर्चा भी है और बदले हुए भारत की तस्वीर भी। पहले भारत के खिलाफ जहर उगलने वाली पश्चिमी मीडिया के तेवर भी बदले हुए हैं हालांकि बहुत से लोगों खास तौर पर इन्हें आदर्श मानने वाले प्रशंसकों को इनसे निराशा भी हुई होगी क्योंकि इन्हें भारतीय मीडिया गोदी मीडिया लगती है। बीबीसी उर्दू सर्विस की एक महिला रिपोर्टर ने बीबीसी के पूर्ववत भारत विरोधी भेदभावपूर्ण रिपोर्टिंग के अनुरूप कहा कि भारत ने मुजफ्फराबाद की मस्जिद पर हमला किया जबकि मस्जिद के नाम पर वहां चल रहे आतंकी अड्डों का नाम तक नहीं लिया यह रिपोर्ट इन्सटाग्राम पर खूब देखी गई। अमेरिकी अख़बार वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा है, "भारत के स्ट्राइक की वजह से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और 2021 से जारी सीज़फ़ायर ख़त्म हो गया है।" "विश्लेषक दक्षिण एशियाई उपमहाद्वीप में कश्मीर पर दशकों से चल रहे संघर्ष के बढ़ने की चेतावनी दे रहे हैं।""बुधवार का हवाई हमला, 2019 की तुलना में कहीं अधिक बड़े पैमाने पर हुआ। 2019 में भारत ने कश्मीर में आत्मघाती बम विस्फोट के जवाब में पाकिस्तान में हमला किया था।" एक अन्य अमेरिकी अख़बार न्यूयॉर्क टाइम्स ने विशेषज्ञों के हवाले से लिखा है भारत और पाकिस्तान के बीच जंग को टाला जा सकता है। "पाकिस्तान का कहना है कि उसने अपने सभी विकल्प खुले रखे हैं। लेकिन राजनयिकों और विश्लेषकों ने उम्मीद जताई है कि पूर्ण युद्ध टाला जा सकता है।" अख़बार ने लिखा, "पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि वह भारत के साथ अपने देश के संकट को कम करने में मदद के लिए अमेरिका के आगे के प्रयासों का स्वागत करेंगे।" हमारे दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख मुजीब मशाल ने हमलों के पीछे की वजह इन दोनों देशों का इतिहास वास्तव में शत्रुता




का इतिहास रहा है।" "फ़्रांसीसी अख़बार ला मोंड ने लिखा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति में बुधवार को ऐसी कई विरोधाभासी रिपोर्ट्स प्रसारित की गईं, जिन्हें स्वतंत्र रूप वैरिफ़ाई करना असंभव था।एक अन्य फ़्रांसीसी मीडिया आउटलेट, फ़्रांस 24 ने शोधकर्ताओं के हवाले से कहा कि पूर्ण युद्ध दोनों देशों को महंगा पड़ेगा और वे इससे बचने की कोशिश करेंगे।फ़्रांस 24 के एक शो में यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रैडफ़र्ड में पीस स्टडीज़ और इंटरनेशनल डेवलपमेंट के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर सुधीर सेलवराज ने कहा, "पूरी तरह से युद्ध करना महंगा पड़ेगा और दोनों पक्ष हर क़ीमत पर इससे बचने की कोशिश करेंगे।"ब्रिटेन के अख़बार दे डेली टेलीग्राफ़ ने लिखा कि एशिया में चल रहे संकट में मध्यस्थता की ज़िम्मेदारी अमेरिका की है।द डेली टेलीग्राफ़ ने लिखा, "कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच लगभग 80 सालों से विवाद चल रहा है। कई बार दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है, लेकिन शांति बहाल करने के लिए वे अक्सर अमेरिकी मध्यस्थता का सहारा लेते रहे हैं। लेकिन यह मत समझिए कि यह पैटर्न हमेशा खुद को दोहराता रहेगा।"अख़बार ने सवाल किया, "जब दो परमाणु शक्तियों के बीच जंग का ख़तरा मंडरा रहा है, तो कौन समाधान की मध्यस्थता करेगा?""हम एक बार मान सकते थे कि अमेरिका तनाव कम करने के लिए एक ठोस प्रयास का नेतृत्व करने के लिए आगे आएगा। जब 2002 में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा, तो दिवंगत अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पॉवेल ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच मध्यस्थता की, इसमें हमारे (ब्रिटेन के) तत्कालीन विदेश सचिव जैक स्ट्रॉ भी शामिल थे।"ब्रिटेन के एक अन्य अख़बार द गार्डियन ने लिखा है कि 'दुनिया भर में जंग को सामान्य बना दिया गया है।' "भारत की पाकिस्तान के ख़िलाफ़ कार्रवाई ऐसे समय पर हुई जब दुनिया भर में जंग सामान्य बात हो गई है और दुनिया की कूटनीतिक प्रणाली कमज़ोर हो गई है।" "भारत ने जिन जगहों पर स्ट्राइक किया है उनमें से चार टारगेट पाकिस्तान के घनी आबादी वाले पंजाब क्षेत्र में हैं। इस इलाक़े में भारत ने 1971 के युद्ध के बाद से हमला नहीं किया था।" गल्फ़ न्यूज़ ने लिखा है कि पाकिस्तान के ख़िलाफ़ भारतीय हमलों की वजह से विश्लेषक तनाव के और अधिक बढ़ने की आशंका जता रहे हैं।ऑस्ट्रेलियन स्ट्रैटेजिक पॉलिसी इंस्टीट्यूट में सीनियर रेजिडेंट फ़ेलो राजेश्वरी पिल्लई राजगोपालन के हवाले से गल्फ़ न्यूज़ ने लिखा, 1998 में दोनों देशों के परमाणु संपन्न होने के बाद से पिछले तीन दशकों में उनके बीच हुए बार-बार के संघर्षों को देखें तो पाएंगे कि उन्होंने संयम दिखाया है।"खलीज टाइम्स ने इस ख़बर को प्रमुखता से छापा है। अख़बार की वेबसाइट भारत पाकिस्तान तनाव पर एक लाइव ब्लॉग भी चला रही है। "दक्षिण एशिया के ये पड़ोसी 1947 के बाद कई युद्ध लड़ चुके हैं। भारतीय सेना ने कहा है कि अब इंसाफ़ हो गया है। भारतीय प्रवक्ता ने कहा है कि उनकी कार्रवाई तनाव बढ़ाने वाली नहीं, और नपी-तुली थी

कुलपति डॉ. सिंह की दो माह की उपलब्धियों की रिपोर्ट कार्ड

# विश्वविद्यालय में पारदर्शिता जवाबदेही व शैक्षणिक गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता: वीसी



राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अपने दो माह के कार्यकाल की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विश्वविद्यालय में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण को सशक्त बनाने का प्रयास जारी है।उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर वर्षों से लंबित वित्तीय मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया गया है।

शेष पेज 11 पर

# देवरी सोन नदी का जल स्तर कम हुआ

**◀◀ शहरी क्षेत्रों में 10 दिनों से जलापूर्ति ठप, शहरवासी परेशान**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** देवरी सोन नदी में जल स्तर कम होने से 10 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से पेयजल संकट गहरा गया है। बताया जाता है कि लगातार सोन नदी का जल स्तर कम होने से सोन नदी से नगर पंचायत क्षेत्र सहित शहर में होने वाली जलापूर्ति 10 दिनों से बाधित है। इस गर्मी के मौसम में लोगों को पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। नलों में पानी सप्लाई बंद होने के बाद पानी लाने की जुगाड़ में लोगों की भागदौड़ जारी है। वर्तमान में इनके बीच कई चापानल ही सहारा बना है। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रायः वाटर फिल्टर प्लांट में खराबी आने से जलापूर्ति बाधित होना आम बात हो गई है। कभी मोटर जलने व तकनीकी खराबी के कारण भी जलापूर्ति बाधित का मुख्य कारण भी बताया जाता रहा है। अभी वर्तमान में एक सप्ताह तक शहरी क्षेत्रों में होने वाली जलापूर्ति ठप रहेंगी। नगर पंचायत कर्मियों का कहना है कि सोन नदी में जलापूर्ति के लिए बिछाया गया पाइप पानी की सतह से उपर हो गया है। इसके कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है। सोन नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद ही जलापूर्ति की जा सकती हैं। बताया जाता है कि डीप बोर नहीं होने के कारण पेयजल की समस्या हमेशा बनी रहती है। हुसैनाबाद अनुमंडल के विभिन्न गांवों में सोन नदी से पानी लाने की योजना पर कार्य शुरू किया गया है। इस योजना पर 56 करोड़ खर्च किया जा रहा है। परंतु कार्य की धीमी गति से लोगों को शुद्ध पानी कब मिलेगा, यह भविष्य के गर्भ में है।

**सोन नदी में पानी कम होने से नहीं हो रही आपूर्ति: कार्यपालक पदाधिकारी**

नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने बताया कि बिजली की समस्या तो है ही, परंतु सोन नदी का जल स्तर नीचे चले जाने के कारण भी पेयजल आपूर्ति ठप है। वैसे वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नगर पंचायत के 16 वार्डों में जहां पानी का घोर संकट होगा, उस क्षेत्रों मे प्राथमिकता के आधार पर टैंकर से जलापूर्ति की जाएगी। साथ ही सोन नदी में खुदाई कर पानी लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पीएम श्री विद्यालय हुसैनाबाद में प्रमाणीकरण परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत झराहा ग्राम स्थित कस्तूरबा गांधी पीएम श्री प्लस टू विद्यालय में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की ऑडिट टीम द्वारा प्रमाणीकरण परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना और छात्राओं की बौद्धिक क्षमता का समग्र मूल्यांकन किया गया। टीम के सदस्य लालू कुमार यादव ने विद्यालय में स्मार्ट क्लास, लैब टेक्नीशियन की व्यवस्था, खेल मैदान, स्वच्छ जल, पोषणयुक्त भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा अभिलेख संधारण की बारीकी से जांच की। साथ ही छात्राओं की बौद्धिक क्षमता का परीक्षण भी किया गया। उन्होंने शिक्षकों व छात्राओं के साथ एक संवादात्मक सेमिनार आयोजित कर प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी जानकारी साझा की और शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया जाएगा। लालू कुमार यादव ने विद्यालय की व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे ह्यप्रशंसनीय और प्रेरणादायीह्व बताया। मौके पर विद्यालय वार्डेन किरण सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

**झारखंड शिक्षा परियोजना की टीम ने शैक्षणिक गुणवत्ता, संसाधनों और छात्राओं की बौद्धिक क्षमता का किया मूल्यांकन**

## सांसद प्रतिनिधि व मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के विभिन्न संस्थानों में ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह ने मुखिया नाजमा खातून के प्रतिनिधि नावाजिश खान ने जांच किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र करीमनडीह में सफाई, पोषाहार वितरण में गड़बड़ी को लेकर सेविका को नियम के तहत कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पहली बार जांच के बाद सुधार नहीं लाया गया तो सीधे सांसद और उपायुक्त तक उनकी शिकायत की जायेगी। उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय परिसर में वर्ग कमरा छोड़ बाहर विचरण कर रहे छात्रों को देख संबंधित हेडमास्टर को भी अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाने को कहा। साथ ही परिसर की साफ सफाई की कमी पर नाराजगी जतायी। इस क्रम में उन्होंने रसोई घर और मध्याह्न भोजन के गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने स्कूल हेडमास्टर सहित शिक्षकों को कहा कि ड्यूटी करनी है तो दिशा निर्देशों का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित करना होगा। जांच में उनके अलावा अशफाक, जावेद खान, उमेश सिंह, सूरज पासवान, आदाब खान, राहत खान सहित कई ग्रामीण व अभिभावक शामिल थे।

## अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाकर की खुदकुशी



**हुसैनाबाद।** थाना के दंगवार गांव निवासी 42 वर्षीय दिनेश ठाकुर ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना मिलते ही दंगवार ओपी पुलिस घटना स्थल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार दिनेश ठाकुर पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से काफी परेशान रहते थे। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## नशा मानसिक, शारीरिक व सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचाता है: थाना प्रभारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना परिसर के सभागार में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर के प्लस टू उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक कुरीतियों, अपराधों से बचाव के लिए जागरूक करना था। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता और उनकी टीम ने विद्यार्थियों को एनडीपीएस एक्ट (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट), नशा उन्मूलन, डायल 112 सेवा, गुड टच-बैड टच, पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में सरल भाषा में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि नशा युवाओं को मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से किस प्रकार नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के तहत लागू कानूनी प्रावधानों को भी उदाहरणों के माध्यम से समझाया। साथ ही डायल 112 सेवा के महत्व पर बताया कि यह सेवा 24 घंटा प्रतिदिन उपलब्ध है और किसी भी आपात स्थिति में नागरिक त्वरित सहायता प्राप्त कर सकते हैं। 'गुड टच और बैड टच' विषय पर विद्यार्थियों को बताया कि यह जानकारी बच्चों को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग बनाने में सहायक है। कार्यक्रम के अंत में खुले संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता से प्रश्न पूछे। थाना प्रभारी ने सभी सवालों के जवाब दिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## बराही धाम में भूमि पूजन को लेकर ट्रस्ट ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बराही धाम में 551 फीट का दुर्गा मंदिर व 151 फीट का नवग्रह मंदिर का भूमि पूजन 14 मई को होगा। इसे लेकर गुरुवार को हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष सह ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों को मंदिर निर्माण कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में मंदिर निर्माण क्षेत्र वासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को 14 मई को भूमि पूजन कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। उन्हें बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई केंदीय मंत्री पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इसमें तम मन धन से सहयोग करने का आग्रह किया। सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। ट्रस्ट के सचिव सह जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि बुधवार से 51 घंटे का अखंड कीर्तन का कार्यक्रम जारी है। उन्होंने बताया कि 13 मई को बराही धाम से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में सभी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ झारखंड बिहार उत्तरप्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने क्षेत्र वासियों को इस कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है। शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से ही सफल होगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर सहयोग का आग्रह किया है। बैठक में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, मुखिया सुदामा यादव, आत्मेश सिंह उर्फ बब्लू सिंह, मनोज भारती, लखन यादव, विमलेश पासवान, श्रवण राम, योगेन्द्र सिंह के अलावा प्रबुद्ध समाजसेवी अयोध्या सिंह टिकैत, प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र सिंह, जाकिर अली उर्फ राज अली समेत कई लोग मौजूद थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ छह पर एफआईआर दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत के माली गांव में विद्युत विभाग की ओर से की गई छापेमारी में 6 लोगों को बिजली चोरी करते पाए जाने पर उनके खिलाफ स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है। साथ ही सभी पर कुल मिलाकर 36 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो ने किया। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से विभिन्न गांवों में की गई जांच के दौरान माली में बिजली का अवैध तरीके से उपभोग करते हुए सभी को पकड़ा गया है। जिनमें बलराम शर्मा, सरस्वती देवी, गोपाल महतो, लाल बिहारी राम, मनोज कुमार और सरजू कुमार रवि के नाम शामिल हैं। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कुल 36 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली का अवैध तरीके से उपभोग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने इससे बचने के लिए वैध तरीके से बिजली का उपभोग करने की सलाह दी है। अभियान में मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता, मंटू मुंडा और रविशंकर सिंह शामिल थे। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**36 हजार का जुर्माना वसूला**

## पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान

**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत लोहड़ा पंचायत के गड़ेरियाडिह मे जल संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई वर्षों से क्षेत्र में जल संकट को होने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने वर्तमान जल संकट को उत्पन्न स्थिति के संबंध में बताया कि यह पेयजल समस्या आज से नहीं बल्कि पिछले कई बर्षों से है। जल समस्या से निजात के लिए कई अधिकारियों व से भी मिल का समाधान करने का प्रयास किया गया लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। ग्रामीणों ने बताया की शिव मंदिर के पास जो जलमीनार है वह भी ऐसी स्थिति में है, जिससे एक बाल्टी पानी लेने के लिए चार घंटा खड़ा रहना पड़ता है। जिसका मुख्य कारण है की जलमीनार मे फीट नलों से पानी की बहुत कम मात्रा ही निकलता है।

## मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति चढ़ा बिजली टावर पर , घंटो प्रयास के बाद सकुशल उतरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के अलीडीह गांव निवासी मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक गुरुवार को निर्माणाधीन 100 फीट ऊंचे बिजली के टावर पर चढ़ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पिपराटांड़ थाना पुलिस व परिजनों समेत स्थानीय लोगों के काफी प्रयास के बाद युवक को नीचे उतारा में सफलता मिली। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार युवक के टावर पर चढ़े होने की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। यह जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दी गई। इसके बाद मौके पर पिपराटांड़ थाना प्रभारी राज्यवर्धन सिंह दलबल के साथ पहुंचे, जिसके बाद युवक को नीचे उतारने की कोशिश शुरू की गई। लगभग 100 फीट ऊंचे टावर से नीचे उतारने का कोई साधन नहीं होने के बावजूद पुलिस व स्थानीय लोगों ने मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को हौसला देते हुए उसे नीचे उतरने को मनाया। 2 घंटे के प्रयास के बाद युवक सकुशल नीचे उतरा। बता दे कि गांव में हाई टेंशन बिजली टावर लगाने का कार्य किया जा रहा है। फिलहाल टावर में बिजली का तार नहीं लगाया गया है, अन्यथा कोई बड़ी घटना हो जाती। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक पहले भी इस तरह का कई हरकत कर चुका है।

## खराब चापानलों की मरम्मत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**हरिहरगंज।** प्रखंड में बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने खराब पड़े चापानलों और जलमीनारों की मरम्मति के लिए दल तैनात किए गए हैं। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि पलामू डीसी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के सभी बंद पड़े चापानल और जलमीनारों का मरम्मती कार्य शीघ्र करना है। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कहीं भी अगर चापानल खराब है तो कोई भी व्यक्ति इसकी शिकायत मोबाइल नंबर 8709498654 पर दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। चापानल में खराबी अथवा वैसे जलमीनार, जो किसी कारणवश क्रियाशील नहीं है। उन सब की जानकारी हर पंचायत में बैठक कर ग्रामवार तैयार की गई है। इसका ग्राम वार निदान किया जा रहा है।

## मोहम्मदगंज में गरीब रथ के ठहराव की उम्मीद नहीं हुई पूरी,उपभोक्ता निराश



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर 12877/78 रांची-नई दिल्ली गरीब रथ के ठहराव की उम्मीद अब तक पूरी नहीं हुई। इससे रेल उपभोक्ताओं में निराशा व्याप्त है। सांसद विष्णु दयाल राम इसे लेकर लगातार प्रयत्नशील बताए जाते हैं। बताया जाता है कि सांसद लोकसभा में नियम 377 के तहत संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेलवे से संबंधित अन्य मांगों के साथ ही स्थानीय रेलवे स्टेशन पर भी गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग पेश करते रहे हैं। जिसकी मांग इस ट्रेन से लाभान्वित इस क्षेत्र के उपभोक्ता काफी समय से करते आ रहे हैं। बताया जाता है कि इसे गंभीरता से लेते हुए लोस चुनाव से पहले भी सांसद ने धनबाद में संसदीय सलाहकार समिति की 19 जनवरी 2024 को हुई बैठक और इसके बाद तीसरी बार सांसद चुने जाने पर नई दिल्ली में रेलमंत्री से मिलकर व तभी संसद में भी इस मांग को पेश किया था। ऐसे में इस स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव दिलाने के प्रति उनकी गंभीरता सकारात्मक पहल साबित होती है। इसके बावजूद इस स्टेशन पर गरीब रथ के ठहराव की संभावना को बल नहीं मिला है। इससे रेल उपभोक्ता निराश हैं। उनका कहना है कि इस मुद्दे को सांसद ने गंभीरता से लेकर जनभावना को बड़ा सम्मान दिया है। बावजूद इसके इसे कार्यरूप नहीं दिया जा रहा है। जबकि इस स्टेशन पर रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होने से देश की राजधानी के एम्स जैसे बड़े अस्पतालों के साथ ही धर्मनगरी प्रयागराज, व्यावसायिक शहर कानपुर तक इस स्टेशन के आसपास के अलावा सीमावर्ती गढवा जिले के कई गांवों सहित पड़ोसी बिहार राज्य के कैमूर और रोहतास के लोगों को रेलमार्ग से पहुंचने का सहज रूप में लाभ मिलेगा। इससे इलाज में सहुलियत मिलेगी। धार्मिक स्थलों के दर्शन और रोजगार-व्यापार को लेकर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

## उमस ने बढ़ाई परेशानी, मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम में बदलाव के साथ बुधवार को तीखी धूप व गर्म हवाओं के बीच दिनभर असहज महसूस कर रहे लोगों के लिए देर शाम आधे घंटे तक मध्यम दर्जे की बारिश से राहत मिलने के बजाय उमस भरा वातावरण बन गया है। गुरुवार को लोग गर्मी से बेचैन रहे। आसमान में बादलों के कारण दिनभर कभी धूप, कभी छांव का नजारा पेश होते रहे। लोगों का कहना है कि ऐसे मौसम चक्र से मौसमी बीमारियां फैलेंगी। हालांकि बारिश से गिरते जलस्तर पर नियंत्रण हो सकता है। गर्मा फसलों और सब्जियों को जल्दी सिंचाई की जरूरत नहीं होगी। घास सूखने से बचेगा। इससे तत्काल चारा की कमी दूर होगी। मगर मौसम पूवार्नुमान की मानें, तो 10 मई से लू के प्रभावी रूप धारण करने की संभावना जताई गई है। जिसमें सावधनी बरतना जरूरी होगा। जानकार कहते हैं कि मौसम में बदलाव का स्तर यही रहा, तो अच्छी बरसात की संभावना जाती रहेगी।

**बरकाकाना-पटना अप पलामू एक्सप्रेस का हुआ समय परिवर्तन**

## मोहम्मदगंज में अब 11.45 बजे होगा आगमन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बरकाकाना-पटना अप पलामू एक्सप्रेस 13347 के आगमन और प्रस्थान की बदली हुई समय सारणी जारी कर दी गई है। इस पर खुशी व्यक्त करते हुए रेल उपभोक्ताओं ने इस दिशा में सफल और सकारात्मक पहल के लिए सांसद विष्णु दयाल राम के प्रति आभार व्यक्त किए हैं। बदली समय सारणी के अनुसार स्थानीय स्टेशन पर अब इस ट्रेन का आगमन व प्रस्थान रात्रि 2.22/2.24 की जगह 23.45/23.47 बजे ही होगा। जबकि बरकाकाना से इसका प्रस्थान 21.35 से पहले 18.30 बजे होगा। जो अब डालटनगंज 22.5,गढवा रोड 23.20, उटारी रोड 23.32,हैदरनगर 23.57, जपला 24.06 बजे ही पहुंचेगी। वहीं, डेहरी ऑन सोन 1.20 और पटना पहुंचने का समय सुबह 6.50 बजे निर्धारित किए गए हैं। 10 मई से समय सारणी लागू हो जाएगी। पूर्व मध्य रेल हाजीपुर की ओर इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## न्यूज | बॉक्स

### एसडीओ ने जलमीनार मरम्मत कराने का निर्देश दिया

**छतरपुर।** पंचायत मुरूमदाग में पेयजल समस्या व उसके समाधान के लिए एसडीओ आशीष गंवार ने गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण किया। ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। बता दें कि पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा ग्राम चिल्हो कला में 5 और भिकही में 9 जलमीनार बनवाये गए थे (क्षमता 4000 लीटर)। जिसमें से अधिकतर जलमीनार खराब पाए गए। एसडीओ ने 10 दिनों के अंदर जलमीनार मरम्मत कराने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अभिकर्ता को भी इस संबंध में निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित मुखिया,जलसहिया, ग्रामीणों को समझाया की मरम्मत के बाद जिम्मेवारी पूर्वक इसका रखें और इस्तेमाल किये गए मोटर, अन्य उपकरणों का रख रखाव उस प्रकार से करें जैसे स्वयं की संपत्ति है। मुरुमदाग मुखिया को 14 वें वित्त से निर्मित सभी चापानलों की मरम्मत 10 दिनों के अंदर करा लेने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ आशीष कुमार साहू, जेई, रोजगार सेवक मनरेगा और ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरकारी पेयजल संसाधन के निजी उपयोग पर होगी कार्रवाई

**मोहम्मदगंज।** उप विकास आयुक्त के आदेश और इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी खबर के आलोक में सरकारी पेयजल संसाधन (चापानल) के निजी उपयोग के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर प्रखंड प्रशासन ने ऐसे लोगों को आगाह किया है। बताया गया कि ग्रामीणों से सरकारी चापाकल में समर्सिबल लगाकर अथवा घेराबंदी करके सिर्फ निजी उपयोग कर रहे व्यक्तियों की सूचना तत्काल मुखिया या पंसस को देने का आग्रह किया गया है। साथ ही ऐसे लोगों को 24 घंटा के अंदर समर्सिबल एवं घेराबंदी हटाकर चापानल को सार्वजनिक उपयोग के योग्य बनाने की हिदायत दी गई है। युवा समाज सेवी सुशील कुमार मेहता ने बताया कि इसके संबंध में शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार को स्थानीय ग्रामीणों की ओर से की गई है। इस पर बीडीओ ने तत्संबंधित आदेश दिए हैं। इसमें 24 घंटा के अंदर सरकारी चापाकल को समर्सिबल और घरबंदी से बाहर नहीं करने पर उसकी जब्ती के साथ ही सबंधित व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी चापानल से किसी भी ग्रामीण को पानी को लेकर कठिनाई नहीं हो, इसके प्रति सजगता बरती जा रही है। मुखिया कमला देवी और पंसस ममता देवी ने ग्रामीणों से खराब सरकारी चापानल की सूचना उन्हें तुरंत देने की अपील की है। जिससे उनकी मरम्मत और रख रखाव कराकर पेयजल सर्वसुलभ किया जा सकेगा।

### खराब चापानलों को शीघ्र मरम्मत कर चालू करें: एसडीएम

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा व तलैया बभंडी पंचायत में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने दर्जनों खराब बंद पड़े चापानलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि डीसी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के सभी चापानल व जलमीनारों की अति शीघ्र मरम्मत कर चालू कराना हैं। इसे लेकर प्रखंड स्तर पर सभी पंचायतों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। पंचायत के लोगों को जल संकट का सामना न करना पड़े, इसको लेकर सभी मुखिया, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता व पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। खराब पड़े चापानल व जलमीनार को अति शीघ्र मरम्मती कर चालू करने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने कहा कि पेयजल समस्या को लेकर चल रही परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से सभी पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े चापानल व जलमीनार की सूची तैयार कर मरम्मत का कार्य पूरा किया जाएगा। मौके पर निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल,आवास कॉर्डिनेटर बीरबल कुमार,प्रखंड समन्वयक अमित चौबे सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### सीता प्लस टू उच्च विद्यालय का प्रमाणीकरण के लिए मूल्यांकन किया

**हरिहरगंज।** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग रांची द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय, आदर्श विद्यालय, पीएम श्री विद्यालय के प्रमाणीकरण कार्यक्रम के तहत नियुक्त पदाधिकारी मनोरमा देवी ने गुरुवार को सीता प्लस टू उच्च विद्यालय का मूल्यांकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के आधारभूत संरचनाओं सहित प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल व अन्य व्यवसायिक शिक्षा से जुड़े प्रयोगशालाओं का विधिवत जांच किया। छात्र-छात्राओं के बौद्धिक स्तर के जांच को लेकर ओएमआर से परीक्षा ली गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय प्रसाद राय, शिक्षक डॉ. नागदेव यादव, डॉ. राजकुमार, नीरज कुमार सिंह, डॉ. ऋषिकेश कुमार, कपिल कुलश्रेष्ठ, विवेक कुमार, विनय कुमार त्रिपाठी, अरमान अंसारी, अबू साद, विवेक कुमार मुंडा, राकेश पाठक के अलावे कई शिक्षाकर्मी उपस्थित थें।

### चापानल व जलमीनार का मरम्मत कार्य शुरू

**हैदरनगर।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लंबे समय से बंद पड़े चापानल और जलमीनार को अविलंब चालू कराने को लेकर प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। पेयजल व स्वच्छता विभाग के अधिकारी व संबंधित कर्मी सहित जल सहिया इस गर्मी के मौसम में अपने दायित्व व कर्तव्यों के प्रति गंभीर दिखने लगे हैं। एक माह से हैदरनगर प्रखंड के सभी पंचायतों में खराब पड़े चापानल व जलमीनार का सर्वे कार्य भी जोरों पर शुरू किया गया है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा के निर्देश पर जल व स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने इस कार्य के लिये प्रखंड के सभी जल सहिया के साथ लगातार बैठक की है। साथ ही उन्हें जागरुकता कार्यक्रम में समय देकर सर्वे रिपोर्ट भी अविलंब तलब किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में प्रखंड जल समिति के कनीय अभियंता व विभागीय अधिकारी व अभियंता का सहयोग भी लगातार मिल रहा है। जिससे अब तक खराब पड़े चापानल व जलमीनार की मरम्मति कार्य तेजी भी आई हैं। रिंकी देवी, शगुफ्ता परवीन, रिंकी कुमारी, प्रमिला आदि जलसहिया ने संबधित पंचायत व गांवों में गर्मी चालू मौसम को देखते हुए सभी जलश्रोतों को दुरुस्त कराने के प्रति गंभीरता दिखाई है। इनकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए परता में देवी धाम, बभंडी, मोकहर कला, बरडंडा, खरगाड़ा, बिलासपुर, चौकड़ी पंचायत के कई जलश्रोतों को ठीक कराया गया है। इसकी मॉनिटरिंग स्वयं प्रतिदिन प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल सहियाओं की तत्परता को देख पंचायत प्रतिनिधियों में पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, फरहाना खातून व राजीव कुमार शर्मा, गुलशन आरा, सामजिक कार्यकर्ता नावाजिश खान, डॉ. अजय जयसवाल, मुखिया जितेन्द्र सिंह,कमल कुमार पासवान, संतोष कुमार सिंह, सुदर्शन राम, कुसुम देवी, नाजमा खातून, शहनाज परवीन आदि जलसहिया को सहयोग करने में सक्रियता दिखाई है।

# कर्तव्य पुकारे तो निजी सुखों से ऊपर उठे जवान, राष्ट्रसेवा के लिए वापस लौटे पलामू के सपूत

## किसी की बहन की शादी, तो किसी का अधूरा घर... सब छोड़ देश के लिए फिर से डटे अर्धसैनिक बलों के जवान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जब देश ने पुकारा, तो जवानों ने निजी खुशी, पारिवारिक दायित्व और सपनों को किनारे रख दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद गृह मंत्रालय के ताजा निर्देश के तहत केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की सभी छुट्टियाँ तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। सीआईएसएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ समेत सभी बलों के जवानों को वापस मुख्यालय लौटने का आदेश जारी कर दिया गया है। पलामू के भी अनेक जवान, जो छुट्टियों में अपने घरों पर थे, कोई बहन की शादी में शरीक होने आया था, कोई वर्षों से रुके मकान का निर्माण कराने अब सब कुछ अधूरा छोड़कर वर्दी का धर्म निभाने चल पड़े हैं। उनका यह समर्पण देश के लिए प्रेरणा बन गया है। एसएसबी में कार्यरत जवान हेमंत कुमार पांडेय ने बताया कि उनकी छुट्टी अभी पूरी नहीं हुई थी, लेकिन जैसे ही



मुख्यालय से बुलावा आया, उन्होंने बगैर टिकट लिए ट्रेन पकड़ ली। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पहले है। सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल पद पर कार्यरत राहुल कुमार अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होने घर आए थे। शादी 11 मई को होनी है, लेकिन वह अधूरी छोड़ अब वापस लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, परिवार ज़रूर मायूस है, लेकिन जब देश बुलाता है, तब कोई और विकल्प नहीं बचता। सीआईएसएफ के एसआई अवनीश सिंह राजपूत दिल्ली में पदस्थ हैं। वे अपने गृह नगर घर बनवाने आए थे। निर्माण कार्य अधूरा है, लेकिन बुलावे के बाद उन्होंने सब रोककर हेडक्वार्टर लौटने का निर्णय ले लिया। इन सभी जवानों की एक ही भावना है: देश पहले, बाकी सब बाद में। वर्दी पहनने का मतलब ही है कि जब देश संकट में हो, तब निजी जीवन पीछे रह जाता है। पलामू के ये जवान न केवल अपने परिवार के लिए, बल्कि हर भारतीय के लिए गर्व का विषय हैं।

# कोयल नदी में जलस्तर बढ़ा पेयजल संकट से मिली राहत



● शादी-ब्याह से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक टैंकर निर्भरता में आई कमी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बीते दिनों हुई बारिश से उत्तर कोयल नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है, जिससे शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में सुधार देखा जा रहा है। नदी में पानी आने से जहां एक ओर लोगों को स्नान और कपड़े धोने जैसी बुनियादी जरूरतों में राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर शहरी जलापूर्ति भी अब पहले से बेहतर हो गई है। करीब एक महीने पहले नदी में जलधारा इतनी कम हो गई थी कि लोगों को नहाने तक में कठिनाई हो रही थी। जल स्तर गिरने से शहर के कई वार्डों में टैंकर से पानी मंगाने की नौबत आ गई थी। शादियों जैसे आयोजनों में भी पानी की कमी बड़ी परेशानी बन चुकी थी। हालांकि, 1 मई को हुई बारिश के बाद नदी में आई जलराशि से स्थिति में सुधार आया है। वर्तमान में सुदना, पंपुकल, हमीदगंज, शाहपुर समेत अन्य इलाकों में जलापूर्ति अब सुचारू रूप से संचालित हो रही है। इस संबंध में सिटी मैनेजर अनुराग कुमार ने बताया कि कोयल नदी में बीच-बीच में हो रही वर्षा से जलस्तर लगातार बना हुआ है। फिलहाल पेयजल की कोई गंभीर समस्या नहीं है। यदि भविष्य में कोई संकट उत्पन्न होता है तो वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लोगों को राहत दी जाएगी।

# किराना दुकान की आड़ में बेची जा रही थी अवैध शराब, सदर पुलिस ने की छापेमारी



● गुप्त सूचना पर कार्रवाई, विभिन्न ब्रांड की भारी मात्रा में शराब जब्त, संचालक पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुआ में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। यह शराब एक किराना दुकान में छुपाकर रखी गई थी, जिसे हरि ठाकुर द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुआ स्थित एक किराना दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री हो रही है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी की, जिसमें गॉडफादर 500 एमएल की 08 बोतलें, 8 पीएम ब्लैक 375 एमएल की 4, स्टर्लिंग रिजर्व 375 एमएल की 4, रॉयल स्टेज 180 एमएल की 5, रॉयल चैलेंज 180 एमएल की 1, स्टर्लिंग रिजर्व 180 एमएल की 1, रॉयल स्टेज 750 एमएल की 2, 8 पीएम ब्लैक 750 एमएल की 2 तथा गॉडफादर 650 एमएल की 40 बोतलें बरामद की गई। सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी पुलिस को तत्काल दें।

# शैक्षणिक संस्थानों के पास बिक रहे नशे के सामान, निर्देशों की अनदेखी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के बाहर खुलेआम नशे के सामान की बिक्री की जा रही है, जिससे स्कूली बच्चों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। गुटखा, सिगरेट, बीड़ी जैसे तंबाकू उत्पाद और शराब की दुकानें भी कुछ विद्यालयों के पास पाई गई हैं, जो राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों की सीधी अवहेलना है। जून 2023 में राज्य सरकार ने स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि किसी भी स्कूल या कॉलेज की 100 मीटर की परिधि में नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। बावजूद इसके, मेदिनीनगर के कई स्कूलों के पास गुमटी और दुकानों में धड़ल्ले से तंबाकू उत्पाद बेचे जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण यह गंभीर स्थिति बनी हुई है।



● 100 मीटर की सीमा में बिक रहे तंबाकू उत्पाद और शराब, कई स्कूलों के पास दुकानें संचालित

**प्रमुख मामले**

1. गिरवर स्कूल के पास कई गुमटियों में सिगरेट, गुटखा और खैनी की बिक्री हो रही है। कोयल नदी किनारे होने के कारण वहां नशेड़ी भी जमावड़ा लगाते हैं।
2. रेड़मा कन्या विद्यालय के सामने शराब की दुकान वर्षों से संचालित है, जिसकी शिकायतों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।
3. ब्राह्मण विद्यालय के समीप भी शराब की दुकान मौजूद है, जो नियमों का उल्लंघन है।
4. कुमारेश इंटरनेशनल बीएड कॉलेज के आस-पास की दुकानों में भी खुलेआम तंबाकू उत्पाद बिक रहे हैं।
5. इनमें से कई दुकानें सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर चलाई जा रही हैं। जिला प्रशासन न तो अतिक्रमण हटाने में सफल हो रहा है और न ही नशे के कारोबार पर अंकुश लगा पा रहा है।
6. जिला बार एसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यालयों की 100 मीटर सीमा के भीतर नशीली वस्तुओं की बिक्री कानूनी अपराध है और इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।
7. नशे की लत बच्चों को गंभीर बीमारियों की ओर धकेल रही है। दुर्भाग्य की बात यह है कि न तो सामाजिक संगठन और न ही अभिभावक इस दिशा में गंभीरता दिखा रहे हैं।

# छः मुहान पर मॉक ड्रिल आयोजित, आपात स्थिति में आग से बचाव का अभ्यास



● शहर थाना व अग्निशमन विभाग ने संयुक्त रूप से किया रिहर्सल, सुरक्षा को लेकर अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के व्यस्तम स्थल छः मुहान पर बुधवार को शहर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने किया। उन्होंने बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर हाल के घटनाक्रम और सुरक्षा एजेंसियों की बढ़ती सतर्कता को देखते हुए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस और बचाव दल तैयार रहें। बताया गया कि पाकिस्तान के पर्यटक स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 16 दिन के भीतर आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई की है, जिससे पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में शहर में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन वाहन, दमकल कर्मी और पुलिस बल की तैनाती रही। कैसे आग बुझाई जाए, लोगों को कैसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए और यातायात को कैसे नियंत्रित किया जाए — इन बिंदुओं पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कई सिपाही उपस्थित रहे। नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह मॉक ड्रिल न केवल प्रशिक्षण था, बल्कि शहरवासियों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश भी था।

# स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक लोगों की जांच, 12 ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू, जिला शाखा एवं पारस हॉस्पिटल, रांची के संयुक्त तत्वावधान में पलामू क्लब परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त शशि रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा रक्तदान करके की गई। यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें पारस हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार अभिषेक आर्य, नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार, और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सच्चिदानंद ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान लगभग 100 से अधिक लोगों ने हृदय और नस संबंधी जांच, तथा 125 से अधिक लोगों ने रक्त जांच कराई। साथ ही 12 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान दिया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि संस्था स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन करती रहेगी। इस अवसर पर आलोक पाठक, गिरधारी गर्ग, सुधीर अग्रवाल, आलोक वर्मा, रिंकू दुबे, कृष्णा अग्रवाल समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी परिषद का पूर्व कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न, उत्साह से गूंजा सभागार

# परिषद में मन का भेद हो सकता है विचारों का नहीं : आशीष चौहान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर के एक निजी होटल में पूर्व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने की, जबकि संचालन पूर्व कार्यकर्ता अमित तिवारी ने किया। जैसे ही कार्यक्रम आरंभ हुआ, पूरा सभागार "भारत माता की जय" और "वन्दे मातरम्" के नारों से गूंज उठा। इस सम्मेलन का उद्देश्य पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करना और उनके अनुभवों को साझा करना था। कार्यक्रम में 1970 के दशक से परिषद से जुड़े कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने समय-समय पर संगठन को दिशा देने और नए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। अपने संबोधन में राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि इस वर्ष परिषद ने देशभर में 56 लाख नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा है। झारखंड के पलामू में 6000, गढ़वा में 4700 तथा लातेहार में 1700 नए कार्यकर्ता परिषद से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता आज राजनीति, शिक्षा, खेलकूद सहित हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। परिषद की उपस्थिति आज विश्व के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों में है। उन्होंने यह भी कहा कि परिषद केवल संगठन



नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की पाठशाला है। दिल्ली में कश्मीरी और पूर्वोत्तर के छात्रों के साथ बैठक इसका प्रमाण है। "परिषद में भले ही मत अलग हों, लेकिन विचारों की एकता हमारी पहचान है। हमें इस पर ध्यान देना होगा कि हम अपने कार्यकर्ताओं को क्या संस्कार और शिक्षा दे रहे हैं, ताकि वे राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहें।" आशीष चौहान ने याद दिलाया कि कोरोना महामारी के समय भी परिषद ने अपने सेवा कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी। उन्होंने कहा, "परिषद के भीतर एक अदृश्य शक्ति है, जो इसे सशक्त बनाती है।" अंत में धन्यवाद ज्ञापन धनंजय सिंह ने सभी पूर्व कार्यकर्ताओं को उनके बहुमूल्य समय और योगदान के लिए दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से याज्ञवल्क्य शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री निलेश कटारी, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, डॉ. आर.पी. सिंह, ज्योति पांडेय, ए.के. मिश्रा, के.के. मिश्रा, श्वेतांक गर्ग, रोहित पाठक, राहुल भट, राम बाबू, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, राजीव रंजन पांडेय, विनीत पांडेय, सूर्यकांत पासवान सहित 50 से अधिक पूर्व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ठाकुरबाड़ी मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा सह भंडारा आज

**चंदवा।** हरैया में नवनिर्मित श्री श्री 108 श्री ठाकुरबाड़ी मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार को की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा। गुरूवार को रूद्राभिषेक व देवी-देवताओं का पूजन किया गया। बुधवार को कुलदेवी पूजन व क्षत्रपाल पूजन किया गया था। बनारस से आए आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री,पं. वैभव सारस्वत,पं. शिवन गौड़,पं. प्रमोद गोरेनकर,पं. मोहित शर्मा व पं. राघव शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान डॉ. मनीष कुमार व डॉ. प्रिया कुमारी के साथ अन्य पूजा-अर्चना में हिस्सा ले रहे हैं। अनवरत की जा रही पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वातावरण भक्तिमय बना है। मंदिर निर्माणकर्ता संतोष सिंह, प्रतिमा देवी,मृत्युंजय सिंह,के साथ पं. अमरेश दुबे,प्रमोद जायसवाल,बिहारी सिंह,सुबोध जायसवाल,अजय जायसवाल, दीपक भगत,आयोजित कार्यक्रमों की सफलता को लेकर तन्मयता से जुटे हैं।

# हर्षोल्लास से मनाई जाएगी आनंद पूर्णिमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरु श्री श्री आनंदमूर्ति उर्फ प्रभात रंजन सरकार का 104वां जन्मदिवस आगामी सोमवार, 12 मई को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर को 'आनंद पूर्णिमा' के रूप में मनाने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति केंद्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बीते एक सप्ताह से जिले के विभिन्न हिस्सों में 'बाबा नाम केवलम' कीर्तन, अन्नदान, वस्त्रदान और मेडिकल कैंप सेवा कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। वरिष्ठ आनंदमार्गी बैजनाथ जी ने बताया कि 1921 में बुद्ध पूर्णिमा के दिन बिहार के जमालपुर में सुबह 6:07 बजे श्री श्री आनंदमूर्ति



का जन्म हुआ था। जन्मदिवस के दिन सभी मार्गी मिलकर भजन-कीर्तन, साधना और शोभायात्रा निकालकर उनके विचारों का प्रचार करते हैं। सोमवार को सुबह 7 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए पुनः जागृति केंद्र लौटेगी। इसके बाद जागृति परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कोशकी नृत्य और तांडव प्रतियोगिता इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# नशा मुक्ति को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली रैली, जागरूकता की ली सीख



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, पिपरा के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। इस रैली में शिक्षकगण भी शामिल रहे। विद्यार्थियों ने पिपरा बाजार क्षेत्र में हाथों में नशा विरोधी स्लोगन और बैनर लेकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और समाज को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया। रैली के उपरांत सभी विद्यार्थियों को पिपरा थाना परिसर लाया गया, जहाँ पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें यातायात नियम, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, डायल 112 सेवा, पुलिस-पब्लिक संबंध समेत कई विषयों पर जानकारी दी। बच्चों ने उत्सुकता के साथ सवाल किए, जिसका जवाब देकर अधिकारियों ने उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहना और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना हर विद्यार्थी की जिम्मेदारी है।

# विद्यालय प्रमाणीकरण के अंतिम दिन सम्मान समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पीएम श्री राजकीयकृत महात्मा गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय, सरजा पोलपोल में विद्यालय प्रमाणीकरण प्रक्रिया के अंतिम दिन एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची से आए प्रतिनिधि सकेंद्र राम का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य श्री जयशंकर प्रसाद सोनी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य सोनी ने बताया कि प्रमाणीकरण प्रक्रिया विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रबंधन, आधारभूत संरचना एवं छात्र-अध्ययन परिणामों का समग्र मूल्यांकन करती है। इस प्रक्रिया





के माध्यम से राज्य भर के स्कूलों में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार किया जा रहा है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि इस मूल्यांकन में स्कूल की लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, छात्र उपस्थिति और परिणामों सहित कई मानकों का गहन निरीक्षण किया जाता है। प्रमाणीकरण के आधार पर विद्यालयों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान पीजीटी शिक्षक श्री संजीत पासवान ने कहा कि राज्य में यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। टीजीटी शिक्षक ऐनुल अंसारी ने इसे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाली प्रक्रिया बताया, वहीं शिक्षक सनोज कुमार ने इसे शिक्षा में गुणवत्ता सुधार की दिशा में उपयोगी और प्रेरणादायक कदम बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# कोयल रिवर फ्रंट की तोड़फोड़ पर अरुणा शंकर ने निगम की चुप्पी पर उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोयल रिवर फ्रंट पर हुई तोड़फोड़ को लेकर शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नगर निगम की निष्क्रियता पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने रविवार की रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा कैनोपी तोड़े जाने की घटना को 'विकास विरोधी साजिश' करार देते हुए कहा कि निगम मूकदर्शक बना हुआ है, जबकि शहर की सुरक्षा के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अरुणा शंकर ने स्वयं मौके पर पहुंच कर टूटे कैनोपी का निरीक्षण किया और निगम संसाधनों से मरम्मत का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि शहर की देखरेख निजी स्तर पर न की जाए, तो धीरे-धीरे इसकी सुंदरता और पहचान खत्म हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी रिवर फ्रंट की ग्रिल तोड़ी गई थी और आरोपियों को पकड़कर थाना से नोटिस भी भेजा गया, परंतु आज तक न किसी पर केस हुआ, न



जुर्माना लगाया गया। जानकारी लेने पर यह बताया गया कि 'ऊंची पैरवी' के चलते मामले को शांत कर दिया गया। महापौर ने आशंका जताई कि यदि निगम की यह चुप्पी बनी रही तो उनके कार्यकाल में पारित ग्रीन जोन, लता मंगेशकर चौक, चैनपुर सूर्य मंदिर उद्यान जैसे निर्माणाधीन स्थल भी जल्द ही अपने अस्तित्व को खो बैठेंगे। उन्होंने नगर आयुक्त से अपील की कि नगर निगम को एक स्थायी टीम गठित कर रखरखाव सुनिश्चित करना चाहिए, अन्यथा अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) की तरह सभी विकसित स्थल बदहाली के शिकार हो जाएंगे।

# विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क पोशाक वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह स्थित 10 प्लस टू उच्च विद्यालय में अध्यनरत कक्षा दो व तीन के 97 छात्र -छात्राओं के बीच निःशुल्क पोशाक वितरण किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों के बीच पोशाक वितरण मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान व प्रधानाध्यापक दीपक सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि जल्द ही सभी छात्र -छात्राओं को स्कूल बैंग, किताब और कीट मिलेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान ने कहा कि शिक्षा विभाग हर वर्ष बच्चों को पोशाक, जूता, बैग सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराता है झारखंड सरकार का लक्ष्य है कि निजी विद्यालयों की तरह सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी सभी संसाधनों से परिपूर्ण हो तथा उन्हें भी गुणात्मक शिक्षा मिले। उन्होंने बताया कि सरकार की इस कदम से आज सरकारी विद्यालय सभी संसाधनों से परिपूर्ण है ,बस जरूर इन संसाधनों का सदुपयोग करने का है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आग्रह किया।इस मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव कुमार ठाकुर, उप मुखिया, प्रतिनिधि सत्येंद्र गुप्ता सहित शिक्षक उपस्थित थे।

# अपराधी सत्या पासवान हत्याकांड का दूसरा आरोपी पांच माह बाद पुणे से गिरफ्तार

**पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो पिस्टल, दो मैगजीन, 9 जिंदा कारतूस घाघरा जंगल स्थित शिकारगाह गुफा से बरामद किया**

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस ने कुख्यात अपराधी गढ़वा के उचरी निवासी सत्येंद्र कुमार उर्फ सत्या पासवान हत्या कांड मामले का आरोपी विशनपुर गांव निवासी तौसीम खान उर्फ तौसीफ पिता गुड्डु खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तौसीम के निशानदेही पर घाघरा जंगल स्थित शिकारगाह के एक गुफा से दो पिस्टल, चार मैगजीन, 9 जिंदा





कारतूस पुलिस ने बरामद किया है। बुधवार को यह जानकारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने दी। बताया कि 3 दिसंबर को गोसाईंबाग में एक पान दुकान के निकट गढ़वा के कुख्यात अपराधी सत्या पासवान की दिन दहाड़े हत्या गोली मारकर कर दी गयी थी। हत्या के मुख्य आरोपित इकबाल खान को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूसरा आरोपी तौसीम खान उर्फ तौसीफ को 2 मई को पुणे से गिरफ्तार किया गया था। 72 घंटे का ट्रांजिट रिमांड लेकर 5 मई को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मंगलवार को न्यायालय से 24 घंटे का पुलिस रिमांड लेकर तौसीम से पूछताछ किया गया। तौसीम के निशानदेही पर घाघरा जंगल स्थित शिकारगाह के गुफा से मैगजीन सहित दो पिस्टल, अलग से दो मैगजीन व 9 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामद दोनों पिस्टल से सत्या पासवान पर फायर कर हत्या किया गया था। तौसीम काफी दिनों से फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर हत्या में प्रयोग किया गया पिस्टल मैगजीन सहित बरामद कर लिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### नशा के विरुद्ध एसडीएम की बड़ी कार्रवाई: ड्रोन कैमरे की मदद से अवैध शराब के ठिकानों पर प्रहार

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने उत्पाद विभाग, पुलिस, वन विभाग, सीआरपीएफ की मदद से गुरुवार को मेराल के दुलदुलवा क्षेत्र में अवैध शराब को लेकर सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान गांव के रिहायशी इलाकों के साथ-साथ अमवार, भहरवा के जंगलों में भी सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान 10 क्विंटल अर्धनिर्मित महुआ शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही चार शराब भट्ठियां भी ध्वस्त की गयी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को भी सदर एसडीएम ने इस जंगल क्षेत्र में अवैध शराब को लेकर कार्रवाई की थी। इस इलाके में गुरुवार को इस सप्ताह की दूसरी बड़ी कार्रवाई थी। दुर्गम जंगल क्षेत्र में अवैध शराब के अड्डे खोजने के लिए सीआरपीएफ के ड्रोन कैमरा, तकनीकी कर्मी की मदद ली गयी। गढ़वा में अवैध शराब भट्टियां खोजने के लिए पहली बार ड्रोन तकनीक की मदद ली गयी। ड्रोन कैमरा की मदद से इस पूरे इलाके में आगे भी अवैध शराब को लेकर नियमित सर्च अभियान चलाया जाता रहेगा। एसडीएम के नेतृत्व में पहुंचे संयुक्त धावादल ने दुलदुलवा गांव के 10 से अधिक संदिग्ध घरों में महिला पुलिस की मौजूदगी में छापेमारी की। वहीं कई लोग छापेमारी की भनक लगते ही अपने घरों में ताला बंद कर भाग खड़े हुए थे। अभियान के दौरान मौजूद उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार ने कहा कि इस इलाके में स्थानीय पुलिस और वन विभाग की मदद से अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान में उत्पाद पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत, सीआरपीएफ के तकनीकी कर्मी दीपक कुमार सिंह, वनपाल पुष्पराज, वनरक्षी राजकुमार, गार्ड राकेश भारती एवं नागेंद्र कुमार, ग्राम चौकीदार आदि के अलावा जिला पुलिस बल के महिला व पुरुष जवान मौजूद थे।

### बीआरसी कार्यालय में कैरम टैलेंट प्रतियोगिता आयोजित

**केतार।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड संसाधन केंद्र केतार में कैरम टैलेंट प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीपीएम रवि कुमार बैद् , शिक्षक नवीन प्रकाश और दीपक सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कैरम प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय मेरौनी, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय छाताकुड़, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह के कक्षा नौवीं से 12वीं तक के अंडर 17 से अंडर 19 के छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अंडर 19 बालक वर्ग में उच्च विद्यालय परसोडीह के प्रिंस कुमार और रितेश कुमार विजेता हुए। अंडर 19 बालिका वर्ग में आवासीय विद्यालय केतार की छात्रा सितारा कुमारी विजेता बनी।

# प्रखंड संसाधन केन्द्र के 13 लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटरों का तबादला

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंड संसाधन केन्द्रों में तीन वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित, कार्यरत लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटरों का स्थानांतरण किया है। स्थानांतरित किए गए लेखापाल सह कम्प्यूटर ऑपरेटरों में प्रदीप कुमार शुक्ला कांडी से मझिआंव, प्रेम नीलम समद रमना से डंडई, मानिक चंद गुप्ता रमकंडा से चिनियां, चंदन कुमार नगर उंटारी से खरौंधी, प्रभाकर कुमार सिन्हा गढ़वा से रमकंडा, ब्रम्हदेव राम भवनाथपुर से धुरकी, मनुज कुमार सहाय चिनियां से मेराल, राकेश कुमार तिवारी डंडई से नगर उंटारी,अरुण कुमार गुप्ता धुरकी से रमना,



राकेश रौशन तिर्की मझिआंव से कांडी, अभय कुमार रंका से गढ़वा, धनंजय प्रसाद गुप्ता भंडरिया से बरडीहा, धनंजय प्रसाद गुप्ता को मेराल से रंका का स्थानांतरित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि स्थानांतरण आदेश जारी करने के बाद सभी संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक को निर्देश दिया गया है कि स्थानांतरित लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर को नवपदस्थापित प्रखंड संसाधन केन्द्र में योगदान के लिए 12 मई तक हर हाल में विरमित करना सुनिश्चित करेंगे। सभी स्थानांतरित लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर का माह मई का मानदेय भुगतान नवपदस्थापित प्रखंड संसाधन केन्द्र से ही देय होगा। उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि नवपदस्थापित प्रखंड संसाधन केन्द्र में योगदान के फलस्वरूप 13 मई को अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत कराएंगे।

# स्कूल का 21वां स्थापना दिवस मना



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन विद्यालय में 21वां स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। इस विद्यालय के समर्पित शिक्षक व शिक्षिकाओं में सर्वाधिक उपस्थिति के लिए शिक्षक करण कुमार कौशल को अंगवस्त्र एवं उचित राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में ऋषभ कुमार, आरुषि कुमारी, दीपिका कुमारी, शिवांश चौबे , वीणा कुमारी, शिवम कुमार रजक व दीपक कुमार को निदेशक धर्मेंद्र द्वारा उपयोगी शिक्षण सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर निदेशक धर्मेंद्र देव ने बताया कि इस विद्यालय की स्थापना आठ मई 2004 चार को हुई थी।

## पूर्व मुखिया ने निजी खर्च से बनाई सड़क

**केतार।** प्रखंड के परसोडिह पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने अपने निजी खर्च से जेसीबी मशीन लगाकर 500 फीट मिट्टी मोरम सड़क का निर्माण कराया है। यह सड़क रामाशीष गुप्ता के घर से प्रयाग साह के घर तक बनेगी। पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने कहा कि यह सड़क बनने से ग्रामीणों को सहुलियत होगी। इस सड़क से ग्रामीण सीधे पंचायत सचिवालय से जुड़ेंगे। सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों में हर्ष है। इस मौके पर विश्वनाथ प्रजापति, मोतीचंद गुप्ता, श्रवण गुप्ता, विनोद गुप्ता, अजय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
Electric Supply Area, Medininagar
*Regd. Office: By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102*
*email:-gm_mdnjseb@yahoo.in/ Telephone:-06562-295539*

**e-Tender cancellation notice**

As per recommendation of TEC, **NIT No -356/PR/JBVNL/2024-25** is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 348012

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 351961 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D


# तोरेलावा बना प्रखंड स्तरीय कैरम चैंपियन



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** प्रखंड संसाधन केंद्र खरौंधी में राज्य परियोजना के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के चार उच्च विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय अमरोरा, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भलुही, परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा व जमा दो उच्च विद्यालय राजी के छात्र शामिल हुए। प्रतियोगिता का पहला मैच अमरोरा और तोरेलावा विद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें तोरेलावा ने पहले सेट में 7 और दूसरे में 5 अंकों से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला भलुही और राजी विद्यालय के बीच हुआ, जिसमें राजी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले सेट में 5 और दूसरे में 1 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला तोरेलावा और राजी विद्यालय के बीच हुआ, जिसमें तोरेलावा के छात्रों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 5 और 7 अंकों से दोनों सेट जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। रेफरी की भूमिका अमरेश कुमार राम और अंजनी कुमार द्विवेदी ने निभाई।बीपीएम नवीन कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य परियोजना के अंतर्गत इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का अवसर देती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि अब तोरेलावा विद्यालय को जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होगा ताकि राज्य स्तर तक पहुंचा जा सके। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे नियमित अभ्यास कराकर विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रेरित करें, जिससे खरौंधी क्षेत्र का नाम रोशन हो।

## लरकोरिया गांव में पीने का पानी नहीं, ग्रामीणों को रही परेशानी

**रंका।** प्रखंड के लरकोरिया गांव में 10 वर्षों से पीने का पानी घर-घर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में परेशानी हो रही है। पंचायत के समाज सेवी नसीम अंसारी ने बताया कि 2011 में पानी टंकी का निर्माण शुरू होने चार वर्ष के बाद चालू होने के बाद छह माह तक ही लोगों के घरों में पानी पहुंचा। उसके बाद से आज तक सरकार की घर-घर पीने के पानी पहुंचाने की मुहिम बेकार साबित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इसे बनाने के लेकर कई बार जल सहिया के माध्यम से विभाग को सूचित किया गया, परंतु अभी तक विभाग द्वारा इस कार्य को ठीक नहीं कराया गया। जिससे पीने की पानी की समस्या गांव के ग्रामीणों को बनी हुई है। ग्रामीण ने बताया कि सोलर का एक प्लेट तूफान से उड़ गया है। एक सोलर से मशीन चालू होता है, जिससे उस स्थान पर कुछ पानी गिरता है जो लोग लोगों द्वारा पीने के उपयोग में लाया जाता है। ग्रामीणों की मांग है कि इसमें पाइप लगाकर घर-घर पानी पहुंचाया जाए ताकि ग्रामीण शुद्ध पानी पी सके।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछुआरों को बीमा कवरेज से किया जायेगा आच्छादित

नवीन मेल संवाददाता

**गढवा।** भारत सरकार मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी मंत्रालय, मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत क्रियांवित की जा रही ग्रुप एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम को अब प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इंश्योरेंस ऑफ फिशर कंपोनेंट में समाहित कर दिया गया है। उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे द्वारा जिले के सक्रिय मछुआरों को सामूहिक दुर्घटना बीमा कवरेज के लिए बीमित मछुआरों की संख्या अनुमोदन से संबंधित सूची बैठक में प्रस्तुत किया गया। जिले के सक्रिय मछुआरों को सामूहिक दुर्घटना बीमा कवरेज के लिए 6757 लोगों की सूची अनुमोदन कर दी गई, जिनमें महिला, पुरुष व विभिन्न वर्गों के मछुआरे शामिल हैं। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि इस योजना में 18 वर्ष से 70 वर्ष आयु वर्ग के राज्य के वैसे सभी सक्रिय मछुआरा लाभान्वित होंगे, जो किसी भी निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति या मत्स्यजीवी स्वावलम्बी समिति के सदस्य हों अथवा जिला स्तर, प्रमंडल स्तर,राज्य स्तर पर मत्स्य विभाग से संबद्ध मत्स्य कृषक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य बीज उत्पादक, मत्स्य श्रमिक, मछली पकड़ने वाले, केज मत्स्य मित्र, मत्स्य मित्र, मत्स्य पालन से संबंधित संबद्ध गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल व्यक्तियों की कोई अन्य श्रेणी हों। इस योजना के तहत मृत्यु अथवा पूर्ण स्थायी अपंगता की स्थिति में बीमित व्यक्ति को अथवा उनके वैध आश्रित को पांच लाख रुपए का भुगतान बीमा कंपनी द्वारा किया जाएगा।आंशिक स्थायी अपंगता की स्थिति में दो लाख 50 हजार रुपए व 25 हजार रुपए तक का अस्पताल खर्च भुगतान किया जाएगा। बीमा दावों के निस्तार के लिए राष्ट्रीय मात्स्यकी विकास बोर्ड में एक कोषांग का भी गठन किया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी धनराज कापसे, मत्स्य पालक के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


**कार्यालय-जिला ग्रामीण विकास शाखा,पलामू (मनरेगा)**
Phone No. 06562-295137, Email. ID - ddc-pal@nic.in

**अतिअल्पकालीन निविदा**

मनरेगा आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जे0एस0एल0पी0एस0, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 572 दिनांक 02.06.2021 के आलोक में दीदी बगीया योजना में Polyshed का निर्माण किया जाना है। इच्छुक निविदादाता से निविदा आमंत्रित की जाती है। एक Polyshed का संरचना निर्माण हेतु निम्न विशिष्टियों गुणवतापूर्ण होना अनिवार्य है :–

| PolyShed House dimension (15m X 7m) | | |
|---|---|---|
| Sl. No. | Item | No. |
| 1 | 25 - mm Bracing etc. | 01 |
| 2 | 32m- Bottom Chord etc. | 01 |
| 3 | 40mm - Purlin, Bottom Chord etc | 01 |
| 4 | 50mm - Post, Arch etc. | 01 |
| 5 | Fabrication of Tubular Structure | 01 |
| 6 | Supply of Ultra Voilet Stabilized 40 mesh superior quality transparent colour insect | 01 |
| 7 | GI Profile | 300 mtr |
| 8 | GI Clamp | 50 nos. |
| 9 | Nut Bolt | 35 Kg |
| 10 | SDS | 700 No. |
| 11 | Zig-Zag Spring Coated with PVC | 300 mtr |

इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सिलबंद लिफाफे में **दिनांक 17.05.2025 के अपराह्न 01:00 बजे** तक निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिन **17.05.2025 अपराह्न 02:00 बजे** निविदादाता या प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में दीदी बगीया योजना में Polyshed निर्माण अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्त पलामू के Official Website-www.palamu.nic.in एवं डी0आर0डी0एस0, पलामू के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है

PR 351914
District(25-25).D

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,पलामू


# एसडीओ ने ग्रामीणों की शिकायत पर अबुआ आवास योजना की जांच की

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड के सोनडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना के घोटाले की शिकायत को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने गुरुवार को सोनडीहा ग्राम पहुंच कर मामले की जांच की। इस दौरान एसडीओ ने जांच के क्रम में बताया कि अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप सही पाया गया। उन्होंने कहा कि इस गड़बड़ी में जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध 48 घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने सोनडीहा ग्राम के हरिजन टोला में पहुंचे। वहां उपस्थित अबुआ आवास योजना के लाभुक ने पंचायत के मुखिया पति हनुमंत यादव पर आवास योजना स्वीकृत को लेकर 30 हजार रुपए लेने की बात कही। कई आवास लाभुकों ने बताया कि मुखिया पति और आवास योजना से जुड़े सभी लोगों ने आवास योजना दिलाने के नाम पर 30-30 हजार लिया गया। इसके बावजूद नाम कटवा दिया गया। लोगों ने एसडीओ को बताया कि पैसा मांगने पर मुखिया पति द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। उसके विरुद्ध धुरकी थाना में लिखित शिकायत किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया पति ने कई ऐसे लाभुक को अबुआ आवास योजना दिया गया है जो सरकारी पद पर है। लोगों ने बताया कि कई लाभुक के पति पूर्व में प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ ले चुके हैं. उन्हें भी अबुआ आवास योजना का लाभ दिया है। ग्रामीणों द्वारा किए गए शिकयत के बाद एसडीओ ने उपस्थित आवास कोऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव, स्वयं सेवक को कड़ी फटकार लगाया।

## कैंसर पीड़ित युवक की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम धुरकी में कैंसर से पीड़ित राहुल नामक युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक का साइकिल, मोटरसाइकिल का पंचर बनाकर जीविका चलाता था। उसके निधन पर दीपक सिंह,संतोष जायसवाल ,इंद्रमणि जायसवाल ,दामोदर जायसवाल शशि कमलापुरी, रामप्रवेश यादव, रामप्रवेश गुप्ता ने शोक व्यक्त किया है।

# फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का वितरण एमटीएस विद्यानंद प्रजापति द्वारा किया गया। किट में डेटाल साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, टब, मग, तौलिया सहित अन्य सामग्री दी गई,जिससे बीमारी से पीड़ित मरीज फाइलेरिया ग्रसित अंगों की नियमित रूप से देखभाल कर सकें। मौके सलाहकार एमटीएस विद्यानंद प्रजापति ने मरीजों को स्वयं की देखभाल के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देते हुए बताया कि नियमित दवा के सेवन से व मिले उक्त किट के उपयोग से हाथी पांव से ग्रसित अंग की नियमित साफ-सफाई कर प्रभावित अंग में संक्रमण को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान किट जनित रोग मलेरिया,डेंगू, चिकनगुनियां आदि बीमारियों का संक्रमण बढ़ जाने की संभावना रहती है। इसकी ससमय प्रबंधन की तैयारी करना आवश्यक हो जाता है। मौके पर अस्पताल के कर्मी,सहिया और लाभुक उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने मंडल डैम डूबे क्षेत्र के लोगों के साथ की बैठक

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करने का किया आश्वस्त



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने समाहरणालय सभागार में मंडल डैम के अवशेष कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक में मंडल डैम के निर्माण को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि डूब क्षेत्र के अंतर्गत सभी 6 गांव चिन्हित स्थल पर पुनर्स्थापन के लिए सकारात्मक रवैया अपनाए। किसी भी प्रकार की नकारात्मकता व बाहरी हस्तक्षेप से बचे। किसी भी प्रकार की रुकावट या समस्या आने पर त्वरित उचित माध्यम से जिला प्रशासन को सूचित करें। बता दें कि मंडल डैम निर्माण अंतर्गत बड़गड़ प्रखंड के मदगाड़ी पंचायत के 6 गांव डूब क्षेत्र में आते हैं। सर्वे किए गए सभी 780 परिवारों को सरकार द्वारा एक-एक एकड़ जमीन व दो किस्तों में 15 लाख रुपया दिया जाना है। इसके अतिरिक्त इन लोगों को नये बसे हुए स्थल पर सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं सहित अन्य सुविधाओं से भी लाभान्वित किया जाना है। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप निदेशक पीटीआर प्रजेश जेना, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, डीएफओ साउथ एबिन बेन्नी एब्राह्म, बीडीओ बड़गड़ अमित कुमार, कार्यपालक अभियंता रूपांकन प्रमंडल सं टू मेदिनीनगर, डूब क्षेत्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष, मदगाड़ की मुखिया, सभी सहायक अध्यापक, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, जेएसएलपीएस के कोऑर्डिनेटर व ग्रामीण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रज्ञा केंद्र का ताला खुला

**मेराल।** पूर्वी पंचायत भवन में संचालित प्रज्ञा केंद्र में बंद किए गए ताला को बीडीओ के निर्देश पर कनीय अभियंता सुजीत कुमार ने खोल दिया है। दो प्रज्ञा केंद्र संचालकों के बीच विवाद होने के कारण ताला बंद कर दिया गया था। वर्तमान प्रज्ञा केंद्र के संचालक रीमा कुमारी द्वारा लिखित आवेदन देकर जांच के बाद प्रज्ञा केंद्र में लगे तला को खोने की मांग किया था। पंचायत भवन के ऊपरी मंजिल पर बिजली का वायरिंग होने पर प्रज्ञा केंद्र स्थानांतरित करते हुए नीचे के कमरा से ऊपर रीमा कुमारी द्वारा ले जाया जाएगा। पांच मई को प्रज्ञा केंद्र का ताला खोलने के लिए दंडाधिकारी नियुक्त किया गया था। दंडाधिकारी सुजीत कुमार ने ताला खोलकर कमरा में रखे सामग्री का वीडियो रिकॉर्ड किया और संचालक रीमा कुमारी को सौंप दिया। साथ ही प्रज्ञा केंद्र संचालन के लिए निर्देश दिया। रीमा कुमारी ने बताया कि ताला खुलने के बाद प्रज्ञा केंद्र चालू कर दिया गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।**
**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक श्री मिथुन गुप्ता, लोहरदगा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन जनजातीय क्षेत्रीय उप योजना (आदिवासी कल्याण) के अन्तर्गत प्रखण्ड– पेंशरार में पुन्दाग हुसरू पथ पर पुन्दाग नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 05.01.2022 को किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 04.10.2022 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 644 दिनांक– 17.05.2024, पत्रांक– 695 दिनांक– 12.06.2024 के द्वारा डीबार करने हेतु लिखा गया है। आपके द्वारा उक्त कार्य को करने में अभिरूची नहीं लिया जा रहा है। जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिश्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं एकरारनामा की कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

इसे अत्यावश्यक समझें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 351947 Lohardaga(25-26)D

### विश्व थैलेसीमिया दिवस पर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल लातेहार स्थित ब्लड बैंक में रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा दिया गया रक्त थैलेसीमिया व सिकल सेल रोग से पीड़ित मरीजों के लिए जीवनदान साबित होगा। हम सभी को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। हम रक्तदान कर किसी की जान को बचा सकते हैं। इसलिए समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। 24 घंटे में कहीं ज्यादा रक्त बनता है। शरीर भी स्वस्थ रहता है। रक्तदान किसी दुर्घटनाग्रस्त या रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों व अन्य लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर सिविल सर्जन ,रेडक्रॉस लातेहार के सचिव व अन्य लोग उपस्थित थें।

## शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर गुरुवार को रेडक्रॉस सोसाइटी लातेहार व श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रकाश राम, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा दिव्यांगों को जरूरत के अनुसार कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। मौके पर विधायक प्रकाश राम ने कहा कि इस निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण में दूर-दूर से आए लाभुक को लाभ मिल रहा है। यह सराहनीय कदम है। उन्होंने इसके लिए रेडक्रॉस सोसाइटी व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर के सराहनीय कार्य व सहयोग के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य वैसे सभी जरूरतमंदों की सेवा करना है, जो आर्थिक तंगी की वजह से कृत्रिम हाथ पैर नहीं लगा पाते हैं। किसी दिव्यांग को कोई सहायता मिल जाता है तो यह बड़ी बात है। इस शिविर के माध्यम से कई दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए गए, जिनके हाथ या पैर किसी कारणवश कट गए हैं, या फिर वे जन्म से ही शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। उपायुक्त ने कहा कि कुल 68 जरूरत मंदो को निःशुल्क कृत्रिम उपकरण वितरण किया गया हैं। तीन दिवसीय शिविर में अब तक कुल 68 दिव्यांगों का पंजीकरण हुआ है। इस निःशुल्क शिविर के माध्यम से दिव्यांगों को बैसाखी व किसी तरह के दुर्घटना में अपना हाथ या पर गंवाने वाले दिव्यांगों को कृत्रिम अंग का भी निःशुल्क रूप से प्रत्यारोपण का लाभ दिया गया। उन्होंने कहा की

## न्यूज बॉक्स

### डीसी ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पेंशन दरबार सह सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के अधीन अप्रैल 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को उपायुक्त ने सेवानिवृत्त 7 शिक्षकों को मोमेंटो, शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को सेवानिवृत्ति के बाद उनके बेहतर स्वस्थ व खुशहाल जीवन की कामना की। जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने बताया किसेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी सेवानिवृत्ति पावना (सेवानिवृत्ति लाभ) का भुगतान किया गया।

### फोरलेन निर्माण भूमि अधिग्रहण को लेकर शिविर

**चंदवा।** जिला भू अर्जन पदाधिकारी सक्षम प्राधिकार लातेहार द्वारा एनएच 39 (एनएच 75) के चौड़ीकरण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर गुरुवार को चेटर पंचायत सचिवालय में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें चीरो, टूढ़ामू, रुद, लटदाग, नवाड़ी ग्राम से संबंधित रैयतों को कैंप में आमंत्रित किया गया था। इस विशेष कैंप की अध्यक्षता अंचल निरीक्षक महेश सिंह ने की। सीआई ने बताया कि अधिग्रहित भूमि के मुआवजा राशि के भुगतान के लिए भूमि का सत्यापन, राजस्व कागजातों के आधार पर किया जाना है। राजस्व कागजात के अभाव में भुगतान करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए यह विशेष कैंप आयोजित किया गया है। इस कैंप के माध्यम से रैयतों को अपने कागजात राजस्व कर्मचारी व अंचल निरीक्षक के पास जमा करें ताकि भुगतान की कार्रवाई की जा सके। शिविर में दर्जनों रैयतों ने अपने राजस्व कागजात जमा किया। इस दौरान 17 रैयतों के समस्या का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। सीआई ने बताया कि कागजातों की जांच कर भुगतान की कार्रवाई तेजी से की जाएगी। मौके पर राजस्व कर्मचारी राजेंद्र कुजूर समेत दर्जनों रैयत मौजूद थे।

### सोलर जलमीनार खराब, ग्रामीण परेशान

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचयात अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित बघौता टोला में जल जीवन मिशन के तहत लगाये गए सोलर जलमीनार पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ है। इससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पेयजल के लिए परेशानी बढ़ गई है। राजू कुमार रवि, मोहन कुमार रवि, लीलावती देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, सुषमा देवी, कौलश्वर राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की सोलर जलमीनार पिछले एक सप्ताह से खराब होने के कारण हम लोगों को पानी पीने में परेशानी हो रही है। अभी गर्मी के दिनों में सोलर जलमीनार से ही अपना पेयजल व दैनिक कार्य पूरी कर लेते थे, लेकिन अभी जलमीनार से पानी आना बंद हो गया है। इससे हम सभी ग्रामीणों को पानी के लिए कुछ दूर जाकर दूसरे के कुआं से पानी लाकर पीना पड़ रहा है। यहां पर 9 घरों में लगभग 25 परिवार रहते हैं, जो जलमीनार के सहारे आश्रित हैं। ग्रामीणों नें उपायुक्त से खराब जलमीनार को दुरस्त कराकर पेयजल बहाल करने की मांग की है।

### डीएसओ ने खेलो इंडिया नेशनल में भाग लेकर वापस लौटे खिलाड़ियों को दी बधाई

**लातेहार।** डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों का खेलो इंडिया नेशनल में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। उक्त बातें लातेहार जिला खेल कार्यालय में जिला खेल पदाधिकारी लातेहार संजीत कुमार ने कहीं। गौरतलब है कि डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र की दो खिलाड़ी अनुष्का कुमारी और आभा कुमारी पटना में आयोजित खेलो इंडिया नेशनल के वॉलीबॉल खेल में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर लातेहार वापस लौटी। खिलाड़ियों ने जिला खेल पदाधिकारी से आशीर्वाद लिया। जिला खेल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि लातेहार जिला के खिलाड़ी मुझे अपना बड़ा भाई समझे, मैं जिले के खिलाड़ी के लिए 24 घंटे साथ खड़ा हूं।

### संदिग्ध परिस्थिति में घर के कमरे में दुपट्टा से लटका मिला शव

**चतरा/हंटरगंज।** थाना क्षेत्र के औरू गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरूवार सुबह 18 वर्षीय सुष्मिता कुमारी (मृतका) का शव घर के कमरे में दुपट्टा से लटका मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हंटरगंज पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। सुष्मिता ने दो माह पूर्व औरू गांव निवासी रंजीत भारती के साथ प्रेम विवाह की थी। ग्रामीणों के अनुसार यह प्रेम विवाह प्रेमी के परिजनों को पसंद नहीं था। चार दिन पूर्व ही मायके वालों ने ससुराल पक्ष को बर्तन, पलंग, किचन सामग्री, कपड़ा वगैरह उपहार में दिया था। गुरुवार को जब ससुराल के परिजनों ने देखा कि उसका शव दुपट्टा से लटक रहा है। पति रंजीत ने तुरंत उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। कुछ ग्रामीणो ने बताया कि सुबह 7 बजे तक सब ठीक था। मृतका खाना बना रही थी, लेकिन अचानक फांसी लगा ली ये समझ से परे आ रहा है। मृतका के मायके पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के जानकारी के अनुसार पति-पत्नी समेत मृतका की सास के बीच विवाद की बात सामने आई है।

## बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक योजना स्थलों का किया निरीक्षण

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के चोपे पंचायत सचिवालय में प्रखंड स्तरीय सभी विभागों की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र देव प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्राम पंचायत चौपे के विकास के लिए की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी अपने अघतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की गई। बाल विकास परियोजना अंतर्गत पंचायत में 7 आंगनबाडी केंद्र, 3 मिनी केंद्र संचालित है। जिसमें पढ़ रहे बच्चों का नामांकन कक्षा एक में निकटतम विद्यालय में कराने का निर्देश दिया गया। सीआरपी शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग द्वारा सहयोग प्रदान नहीं किया जाता है। जिसपर बीडीओ द्वारा स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत मंईया सम्मान योजना एवं अन्य पेंशन योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। आवास योजना अंतर्गत आवास हेतु किए जा रहे सर्वेक्षण 2.0 की समीक्षा की गई। पाया गया कि कुछ लाभुकों के पास भूमि उपलब्ध नहीं रहने के कारण आवास निर्माण प्रारंभ नहीं कराया जा सका है। उपस्थित अंचल निरीक्षक को भूमि उपलब्ध कराने को कहा गया। मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत संचालित गड्ढा खोदो अभियान एवं मिट्टी-मोरम पथ की समीक्षा की गई। प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को संबंधित पंचायत के कनिय अभियंता से समन्वय बनाते हुए चार-चार मिट्टी-मोरम पथ की योजना को चालू करने एवं लेबर बजट के अनुरूप मानव दिवस सृजित करने का निर्देश रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को दिया गया। कृषि विभाग अंतर्गत मौजूदा सत्र में बीज प्राप्त होने के बाद योग्य किसानों को चिन्हित करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीज वितरण करने का निर्देश प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी व बीटीएम को दिया गया। समीक्षा के बाद ग्राम पंचायत चोपे में क्रियान्वित योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर के तत्वावधान में गुरुवार को दादा दादी, नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध कार्यकारणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, जिला संचालक अनिल कुमार ठाकुर, पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर किया। अतिथियों का परिचय वरिष्ठ आचार्य ओंकारनाथ सहाय द्वारा कराया गया। सम्मान समारोह में आए सभी दादा-दादी व नाना-नानी को भैया बहनों द्वारा पारंपरिक ढंग से पैर धोकर ,तिलक लगाकर, माला पहनाकर, मिष्ठान खिलाकर और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने इस अवसर पर कहा कि केरल का सभी राज्यों की तुलना में शैक्षिक रिकार्ड अच्छा है। फिर भी सबसे अधिक वृद्धाश्रम वही है। पूरे भारतवर्ष में 750 से अधिक वृद्धाश्रम है। आज के समय में अधिकतर बच्चे अपने माता-पिता दादा-दादी की बात नहीं मान रहे तो कहीं ना कहीं हमारी शिक्षा में कमी है। हम शिक्षा के साथ संस्कार के प्रति अपने व्यवहार को भी जाने। इसकी नींव हमें बचपन में ही डालनी होगी।

जिला संचालक अनिल कुमार ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम में आकर अपने आप को धन्य पाता हूं। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों की शिक्षा नीति मैकाले शिक्षा पद्धति समाज व परिवार को बांटने का कार्य किया। समाज में मानव मूल्यों को बनाए रखने में विद्या भारती विद्यालय सराहनीय कार्य कर रही है। आज के कार्यक्रम में छोटे-छोटे भैया बहनों द्वारा मनमोहक नृत्य व गीत की प्रस्तुति की गई, जिसे देखकर आए सभी दादा-दादी नाना-नानी इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की। अरुण कक्षा के अनिल अग्रवाल की नानी सुधा अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों व संस्कार भी सिखाया जाता है, इसीलिए हमने अपनी नाती का नामांकन इस विद्यालय में कराया है। अंश राज के दादा मुकेश प्रसाद ने कहा कि बच्चों द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुति हम सभी को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय प्रबंध कार्यकारणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय ने बताया कि आधुनिक और प्रौद्योगिकी के इस युग में बच्चे संस्कार और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से निश्चित रूप से भैया बहन संस्कारवान होंगे। मंच संचालन रजनी नाग ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में 100 भैया बहनों के दादा-दादी व नाना-नानी उपस्थित थे।

### पीएम आवास योजना में नियमों की उल्लंघन का आरोप

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड उपप्रमुख राहुल कुमार गुप्ता ने हंटरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित शिकायत देकर हंटरगंज प्रखंड के जोरी कला पंचायत सचिवालय में पीएम आवास योजना के लिए योग्य,आयोग्य लाभुको का चयन ग्राम सभा की बैठक बुलाने के बारे में नियमों की उल्लंघन का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि केवल एक दो ग्रामीणों के राय मसवारा कर मनमाने तरीके से सूची में अंकित लोगों को अयोग्य लाभुक को योग्य ठहरा दिया गया। पंचायत में इसका उल्लंघन किया गया है। वर्तमान में ग्राम सभा की बैठक 7 मई को बुलाई गई। उक्त बैठक में ना ही जनप्रतिनिधि पहुंचे ना ही कोई ग्रामीण उपस्थित हुए। इसके बावजूद 20-25 लोगों को बैठाकर ग्राम सभा का कोरम पूरा कर लिया गया। उपप्रमुख ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों द्वारा 10-15 लोगों का फर्जी हस्ताक्षर भी कर दिए गए हैं।

### बाराती वाहन पलटने से तीन घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के जरी मोड़ के पास बाराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन बराती गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायलों में मनीष कुमार (20वर्ष),राजेन कुमार (16वर्ष), अनीश कुमार (16 वर्ष)का नाम शामिल है। बताया जाता है कि उपरोक्त लोग बुधवार मध्य रात्रि को लातेहार जिला के चंदवा थाना क्षेत्र बालूमाथ शेरेगड़ा की ओर स्कॉर्पियो से बारात जा रहे थे। इस दौरान स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर जरी चौक समीप पलट जाने से सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### शादी के मंडप से युवक गिरफ्तार

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने एक युवक को विवाह मंडप से शादी के तुरंत बाद ही गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी युवती ने बालूमाथ थाना में यौन शोषण का मामला दर्ज कराया था। युवती के बयान पर युवक सूरज उरांव (24 वर्ष) पिता सुखदेव उरांव ग्राम पचपेड़ी थाना बालूमाथ को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवक का युवती से 2 वर्ष पहले से ही प्रेम प्रसंग था। युवती लोहरदगा स्थित कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी तब से युवक युवती एक दूसरे के संपर्क में थे। मौके पर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बालूमाथ थाना पुअनी विकास कुमार, पुअनि अमित कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### हिंडाल्को कंपनी लगाया आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

**चंदवा।** प्रखंड के चकला में स्वास्थ्य उप केंद्र और हिंडाल्को चकला कोल माइंस के साझा प्रयास से आयुष हेल्थ कैंप के तहत निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कंपनी के यूनिट हेड दीपक लंका,एचआर हेड प्रकाश कुमार,डॉ. सुरभि,डॉ. अकबर द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण अपने स्वास्थ्य की जांच कराने पहुंचे थे। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा दी। डॉ. सुरभि व डॉ. अकबर ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से भी बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज संभव है। आज के दौर में भी लोग आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पर अपना भरोसा जताते हैं। सबसे बड़ी बात की इससे शरीर में किसी प्रकार का कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं होता है। हिंडाल्को कंपनी के यूनिट हेड दीपक लंका व एचआर हेड प्रकाश कुमार ने कहा कि कंपनी द्वारा लगातार क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका लाभ यहां के ग्रामीणों को मिल रहा है। इसके अलावा क्षेत्रवासियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कंपनी कई कार्यक्रम चला रही हैं। चिकित्सा शिविर में लगभग 95 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा दी गई। मौके पर सीएसआर की सरिता डुंगडुंग, समाजसेवी मो. इजहार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक श्री संजार अंसारी, इस्लाम नगर, लोहरदगा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) के अन्तर्गत पीलर मोड़ से (शाहीघाटी) मन्हें पार्ट तक लम्बाई– 5.10 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 04.09.2022 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या– JH/LOH/17/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 30.03.2023 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 218 दिनांक– 29.01.2024, पत्रांक–337 दिनांक– 20.02.2024, पत्रांक–437 दिनांक–12.03.2024 के द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए आपको निदेशित किया गया था। आपके द्वारा उक्त कार्य को बंद रखा गया है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिश्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजार अंसारी, इस्लाम नगर, लोहरदगा। | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) के अन्तर्गत पीलर मोड़ से (शाहीघाटी) मन्हें पार्ट तक लम्बाई– 5.10 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य। | JH/LOH/17/ 2022-23 | 30.03.2023 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 351948 Lohardaga (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक श्री अजमल अंसारी, ग्राम एवं पोस्ट–चिरी, थाना–कुडू, जिला– लोहरदगा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना Post Five Year Maintenance अन्तर्गत (1) कैरो नावाटोली से शराबे पथ (2) बाघी गुड़ी नगरा से नदी नगरा तक (3) नारी से होन्दगा पथ मरम्मति कार्य का एकरारनामा किया गया था। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 27.11.2020 को किया गया था, जिसका एकरारनामा संख्या– JH/LOH/07/2020-21 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 26.05.2021 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 446 दिनांक– 22.06.2021, पत्रांक– 558 दिनांक– 28.06.2023 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु आपको निदेशित किया गया था। आपके द्वारा उक्त कार्य को विगत तीन वर्षो से बंद रखा गया है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिश्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

इसे अत्यावश्यक समझें।

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजमल अंसारी, ग्राम एवं पोस्ट–चिरी, थाना–कुडू, जिला– लोहरदगा | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना Post Five Year Maintenance अन्तर्गत (1) कैरो नावाटोली से शराबे पथ (2) बाघी गुड़ी नगरा से नदी नगरा तक (3) नारी से होन्दगा पथ मरम्मति कार्य। | JH/LOH/07/2 020-21 | 26.05.2021 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 351949 (Lohardaga)25-26*D



**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–05/2025.26**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**
**PR.NO.351375 Building(25-26):D का शुद्धिपत्र**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–05/2025-26/EE/BCD/GARHWA दिनांक–08.05.2025

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Renovation of Administrative Building, Work Shop, Canteen, Generator Room, Boundary Wall, P.C.C Road in the Campus of ITI Jhagarakharn, Block Bhawnathpur Distt. Garhwa for the year 2025-26. | ` 2,26,15,200.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 09 (नौ) माह
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.05.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 17.05.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 19.05.2025 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, झारखण्ड,राँची लिंक टैंक रोड, पिन कोड–834001
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 351992 (Building) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक A.K.S. & R.K.S काठीटॉड़ रातु, राँची को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना PMGSY-III के अन्तर्गत (1) जीमा चौक से बराटपुर, लम्बाई– 8.100 कि0मी0 (2) मन्हें मोड़ से भक्सों लम्बाई– 5.00 कि0मी0 (3) टी0 6 भक्सों ऐने नदी नगड़ा से बाधी लम्बाई– 9.10 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। पथ निर्माण कार्य जिसका एकरारनामा संख्या– JH/LOH/1,2,3/2023-24 एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 05.06.2024 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा का पत्रांक– 217 दिनांक– 29.01.2024, पत्रांक– 241 दिनांक– 05.02.2024, पत्रांक– 346 दिनांक– 22.02.2024, पत्रांक– 528 (अनु0) दिनांक– 22.03.2024, पत्रांक–546 दिनांक– 03.04.2024 एवं पत्रांक– 696 दिनांक–12.06.2024 के द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए आपको निदेशित किया गया था, लेकिन आपके द्वारा उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन में कोई रूचि नहीं ली गई एवं कार्यो को बंद रखा गया है, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन में आपको कोई अभिरूची नहीं है।

दिनांक–19.05.2025 को पूर्वाह्न 10.00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के द्वारा उक्त योजनाओं की कार्य स्थल की अंतिम मापी लिया जायेगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थिति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात् आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A.K.S. & R.K.S काठीटॉड़ रातु, राँची। | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना PMGSY-III के अन्तर्गत (1) जीमा चौक से बराटपुर, लम्बाई– 8.100 कि0मी0 (2) मन्हें मोड़ से भक्सों लम्बाई– 5.00 कि0मी0 (3) टी0 6 भक्सों ऐने नदी नगड़ा से बाधी लम्बाई– 9.10 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य। | JH/LOH/1,2, 3/2023-24 | 05.06.2024 | 19.05.2025 को पूर्वाह्न 10.00 बजे। |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR.NO.351950 Lohardaga(25-26):D

## भारतीय सेना के द्वारा पाक के नौ आतंकी ठिकाने तबाह : पवन तिग्गा



**लोहरदगा।** भाजपा के नेता पवन तिग्गा ने कहा कि भारतीय सेना के द्वारा आतंकियों के विरुद्ध किए गए एयर स्ट्राइक को भारत सरकार का ऐतिहासिक कदम बताया है जिस तरह आतंकवादियों ने अपने देश में आकर निर्ममता से हिंदुओं की हत्या कर चुनौती दी थी।भारतीय सेना ने भी उन आतंकियों के घर में घुसकर मार गिराया है। भारतीय सेना इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने 25 मिनट के भीतर लक्ष्य को सटीक भेदने वाली 24 अति आधुनिक तकनीकी वाली मिसाइल पाकिस्तान और गुलाम जम्मू कश्मीर को देखते हुए अपना अभियान पूरा किया। और इसके तहत पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में करीब 100 किलोमीटर अंदर और गुलाम जम्मू कश्मीर से मिसाइल से हमला करते हुए नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

# लोहरदगा में 3 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

### पीडीजे राजकमल मिश्रा की अदालत का फैसला

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सातवीं कक्षा की नाबालिक छात्रा से बलपूर्वक सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपियों को प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने गुरुवार को सिक्स पोक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा का फैसला सुनाया है। दुष्कर्मी आरोपियों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के गड़गांव सेमरटोली निवासी मंटू सिंह (22वर्ष), फुल्केश्वर उरांव (24वर्ष) एवं संतोष उरांव (21 वर्ष) के रूप में की गई है।सभी आरोपी पूर्व से न्यायिक हिरासत में है। दुष्कर्मियों को अदालत सुनवाई के दौरान साक्ष्य और दलीलें प्रस्तुत कर सजा दिलाने में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि, मामला सेन्हा थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 का है। पीड़िता द्वारा आरोपियों के विरुद्ध महिला थाना कांड सं 6/ 2021 में नामजद मामला दर्ज करने के पश्चात पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। संगीन अपराध के कारण आरोपियों की जमानत याचिका उच्च न्यायालय में पूर्व में भी रिजेक्ट किया गया है। लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि, सेन्हा थाना क्षेत्र में रहने वाले नाबालिक छात्रा जब शौच के लिए घर से दूर खेतों में गई तो, घात लगाए उपरोक्त आरोपियों ने बलपूर्वक उसके साथ झाड़ियां में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। गंभीर धमकी देने के कारण पीड़ित नाबालिक घटना की जानकारी किसी को नहीं दिया। इससे दुष्कर्मियों के हौसले बढ़ गए। पुनः सामूहिक दुष्कर्म की मंशा से सड़क पर चल रहे पीड़िता का बाइक से उपरोक्त आरोपियों ने अपहरण करने का प्रयास किया। बावजूद, मौके पर हो हल्ला होने और ग्रामीणों के पहुंचने से घबराकर आरोपी फरार हो गए। पीड़िता ने इस दौरान अपने साथ हुई पूरी वारदात परिजनों को बता दिया। परिजनों के साथ पीड़िता ने महिला थाना में आरोपियों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर तत्काल जेल भेज दिया था।



## न्यूज बॉक्स

### विद्युत ऊर्जा चोरी मामले व राजस्व क्षति के आरोप में पांच पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** विद्युत ऊर्जा चोरी मामले में बिजली विभाग ने बुधवार को सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान सेन्हा खास में पांच नामजद पर विद्युत ऊर्जा चोरी करने तथा राजस्व क्षति करने का आरोप लगाते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 52/25 दर्ज आरोपी के विरुद्ध कराया गया। गौरतलब हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में गठित टीम सहायक विद्युत अभियंता के नेतृत्व में बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पांच लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। और विभागीय अग्रतर कारवाई करते हुए सभी के अवैध कनेक्शन को काट तार जप्ती कर पांचों के विरुद्ध सेन्हा थाना में कांड संख्या 52/25 दर्ज करवाया गया। और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/137 के तहत नामजद सेन्हा निवासी कैमूल अंसारी के 39 वर्षीय पुत्र मुजामिल अंसारी,तौकिर अंसारी के 36 वर्षीय पत्नी अनीसा खातून,उस्मान गनी के 42 वर्षीय पुत्र जाकिर हुसैन,साबिर अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र दानिश अंसारी,तथा असलम अंसारी के 34 वर्षीय पुत्र अफसर आलम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया। विद्युत ऊर्जा चोरी का लिखित शिकायत करते हुए सहायक विद्युत अभियंता अजू कच्छप ने बताया कि बकाया राशि अधिक होने के कारण विभाग की ओर से पूर्व में कनेक्शन काट दिया गया था। उसके बाद भी विद्युत ऊर्जा चोरी कर फर्नीचर दुकान व्यवसायिक हेतु इस्तेमाल किया जा रहा था। जबकि कुछ लोग टोका लगा कर विद्युत ऊर्जा चोरी कर रहे थे तो कुछ लोग बिजली मीटर से पहले सर्विस तार में टैप कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने का आरोप लगते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया। साथ ही आरोपियों पर बकाया के साथ क्षतिपूर्ति जुर्माना लगाया गया है। छापेमारी के दौरान मुख्य रूप से सहायक विद्युत अभियंता अजू कच्छप,सारणी पुरुष फिरोज अख्तर, मानव दिवस कर्मी प्रमोद उराँव, करमचंद उराँव,विकास गोप के अलावे अन्य बिजली कर्मी शामिल थे।

### नावाडीह पंचायत में डाक जीवन बीमा व खाता खोलने को लेकर शिविर आयोजित

**लोहरदगा।** लोहरदगा मुख्य डाकघर एवं शाखा डाकघर के कर्मचारियों द्वारा किस्को प्रखंड के नावाडीह पंचायत में डाक जीवन बीमा एवं खाता खोलने से संबंधित एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया एवं रोजगार सेवक की उपस्थिति में शिविर का विधिवत संचालन हुआ। शिविर के दौरान डाक विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को डाकघर से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इनमें डाक जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, मासिक आय योजना, आवर्ती जमा और बचत खाता जैसे विकल्पों को समझाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और कई लोगों ने मौके पर ही नया खाता खुलवाया। कर्मचारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में डाकघर की योजनाओं का लाभ उठाएं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें।

### विद्यालय अनुसूचित जनजाति बालिका विद्यालय परिसर में जलमीनार का उदघाट्न

**लोहरदगा।** चिरोडीह पंचायत अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को पेयजल एवं दैनिक रोजमर्रा के पानी की आवश्यकता समस्या को देखते हुए अमतीपानी चिरोडीह हिंडाल्को माइंस के सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) पहल पर विद्यालयों लगे जलमीनार का उद्घाटन अंतिपानी चिरोडीह हिंडाल्को माइंस के वरीय खान प्रबंधक शम्भु शरन वशिष्ठ के द्वारा किया गया। विद्यालय में नामांकित 88 छात्राओं को नियमित पेयजल की अनुपलब्धता के कारण अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिससे माइंस के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संज्ञान में लेते हुए विद्यालय से 340 मीटर की दूरी पर स्थित जल स्त्रोत प्राप्त कर कुएं का निर्माण किया गया एवं सूर्य ऊर्जा पम्प सिस्टम के माध्यम से जमलीनार का निर्माण कर विद्यालय परिसर तक पहुँचाया गया। अमितीपानी चिरोडीह हिंडाल्को माइंस के वरीय खान प्रबंधक शम्भु शरण वशिष्ठ के द्वारा बताया गया कि बालिका आवासीय विद्यालय, चौरापाठ में एक महत्वपूर्ण पेयजल परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है।

# जिला प्रशासन की तत्परता से कुडू प्रखंड में बाल विवाह रोका गया

- जिला टीम की तत्परता से नाबालिग को मिला संरक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला प्रशासन की सक्रियता व वीरेंद्र कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा के मार्गदर्शन मे कुडू प्रखंड के अंतर्गत एक नाबालिग लड़की का बाल विवाह समय रहते रोका गया। चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) पर प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने विवाह स्थल पर पहुंचकर विवाह को रुकवाया। यह कार्रवाई बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 और झारखंड बाल विवाह प्रतिषेध नियमावली, 2015 के अंतर्गत की गई। लड़की और उसके माता-पिता की काउंसलिंग की गई, जिसमें उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए भी अत्यंत घातक है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 भारत में बाल विवाह को प्रतिबंधित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु की लड़की या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के के विवाह को बाल विवाह के रूप में परिभाषित करता है। लड़की के परिजनों से लिखित शपथपत्र लिया गया कि जब तक लड़की 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं कर लेती, तब तक उसका विवाह नहीं किया जाएगा। लड़के के परिवार को भी कड़े शब्दों में समझाया गया और कानून का हवाला देते हुए चेतावनी दी। जिला प्रशासन ने पुनः अपील की है कि समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ सभी लोग एकजुट होकर कार्य करें और कोई भी संदिग्ध विवाह होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098/ जिला बाल संरक्षण इकाई/ बाल कल्याण समिति/ स्थानीय प्रशासन जिला प्रशासन को तुरंत सूचना दें। इस संयुक्त अभियान में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा, पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार, कुंती साहू, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, अनुरंजन कुमार, संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक-देखरेख ,चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर श्रीमती अर्चना मिश्रा, जितेंद्र कुमार जिला समन्वयक, एलजीएसएस, अभिलाषा कुमारी शामिल थे।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

## 'संकट की घड़ी में संयम व सहयोग सबसे बड़ा हथियार'



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बड्र्स पब्लिक स्कूल, लोहरदगा में गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को आपातकालीन और पैनिक की परिस्थितियों में स्वयं, अपने परिवार, साथियों और अन्य लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें, इस विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के प्रातःकालीन असेंबली में स्कूल के डायरेक्टर मुकेश कुमार गुप्ता ने लाइव डेमो के माध्यम से बच्चों को भूकंप, बाढ़, बिजली चमकने जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा, "संकट की घड़ी में संयम और सहयोग ही सबसे बड़ा हथियार होता है। बच्चों को छोटी उम्र से ऐसी परिस्थितियों का सामना करने की मानसिक और व्यावहारिक तैयारी दी जानी चाहिए, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने प्राथमिक उपचार के महत्व पर भी बल दिया और बताया कि किसी भी दुर्घटना के समय घायलों को त्वरित फर्स्ट एड देकर चिकित्सकीय मदद तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। इमरजेंसी बैग की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि ऐसे बैग में जरूरी चीजें जैसे खाने-पीने का सामान, पीने का पानी, आवश्यक दवाएं, मोबाइल चार्जर, पावर बैंक, टॉर्च आदि हमेशा तैयार रखना चाहिए। साथ ही, बच्चों को यह भी समझाया गया कि किसी आपदा की स्थिति में अफवाहों से बचते हुए सिर्फ आधिकारिक स्रोतों से मिली सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

### लोहरदगा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, लोहरदगा इकाई द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा की भावना से ओतप्रोत बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस आयोजन का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता के समय ज़रूरतमंदों की मदद करना और समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। चेयरमैन डॉ. गणेश प्रसाद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि रेड क्रॉस का उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा है। रक्तदान एक ऐसा कार्य है, जिससे हम बिना किसी नुकसान के किसी की जान बचा सकते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सेवा भाव बढ़ता है। सचिव अरुण राम ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद को समय पर रक्त मिले। इस दिशा में रेड क्रॉस समाज में एक पुल की भूमिका निभा रहा है। कोषाध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि आज के दिन हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हर तीन महीने में नियमित रूप से रक्तदान करें। यह एक छोटी सी कोशिश कई जिंदगियों के लिए बड़ी राहत बन सकती है। रक्तदान शिविर प्रभारी देशराज गोयल ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मानवता अभी भी जीवित है।

# विश्व रेड क्रॉस डे पर लोहरदगा में आयोजित जागरूकता शिविर

### डॉ. गणेश प्रसाद ने छात्रों को किया प्रेरित

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** विश्व रेड क्रॉस डे के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, लोहरदगा इकाई द्वारा यतीराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. गणेश प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं विद्यालय के प्राचार्य बी. के. ब्लॉजिनप्पा एवं लाइफ मेंबर संजय बर्म्मन भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनां की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वागत गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरे वातावरण में ऊर्जा और जागरूकता का संचार हुआ। डॉ. गणेश प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा, "रेड क्रॉस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता की जीती-जागती मिसाल है। हमें आपदा के समय दूसरों की मदद के लिए तैयार रहना चाहिए और युवाओं को इस दिशा में प्रशिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। ताकि मानवीय मूल्य का विकास हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा, रक्तदान और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े अनेक पहलुओं पर जानकारी दी।

सोसाइटी के लाइफ मेंबर संजय बर्म्मन ने कहा आज की पीढ़ी को केवल शिक्षित होना ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनना भी आवश्यक है। रेड क्रॉस के माध्यम से समाज सेवा के मूल्यों को आत्मसात करना बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा।

# कल राष्ट्रीय लोक अदालत व राज्य स्तरीय विधिक सेवा शिविर का आयोजन

- न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद व न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी रहेंगी मुख्य अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी 10 मई 2025 को लोहरदगा सदर प्रखंड अंतर्गत न्यू नगर भवन में राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन एवं राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर गुरुवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) अध्यक्ष राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, सीजेएम के.के. मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल जज सीनियर डिविजन टू अभिषेक कुमार, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं हिंडाल्को प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां और अधिक से अधिक सुलह योग्य वादों के निष्पादन पर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ ही शिविर में लाभुकों के बीच वितरित की जाने वाली परिसंपत्तियों की जानकारी ली गई।

कार्यक्रम के दिन मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और प्रशासनिक न्यायाधीश लोहरदगा न्याय मंडल माननीय न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी उपस्थित रहेंगी।


**मध्याह्न भोजन अनु श्रवण कोषांग (MDM Cell), गढ़वा**
**जिला समाहरणालय विकास भवन 'बी' पहला तल्ला कमरा संख्या– 207**
**दूरभाष :–06561-223433, E-mail :–garhwamdm@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा
पी0एम0 पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना कोषांग, गढ़वा
**आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत् प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 21.05.2025 के 03:00 बजे अपराह्न तक जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय में निविदा जमा की जाएगी। जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निम्न विवरणी एवं शर्तो के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन 04:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के Website:- garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा

PR 351997 Human Resource Developement(25-26).D

**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**तिथि विस्तारण संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापांक 1127/जि0प0, दिनांक 30.04.2025 (PR No.- 351488 Palamu (25-26)-D) के माध्यम से प्रखण्ड चैनपुर, पाटन एवं नीलाम्बर–पीताम्बरपुर में स्थित Koel Aajeevika Apparel Park के आवंटन हेतु आमंत्रित निविदा EOI No. 01/CEOZP/2025-26 की तिथि निम्न प्रकार विस्तारित की जाती है–

| Name of Work | कार्यक्रम की विवरणी | पूर्व निर्धारित तिथि | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|
| Operation, maintenance and Development of "Koel Aajeevika Apparel Park" Chainpur, Patan &Nilamber-Pitambarpur in Palamu District. | Pre Bid Discussion | 08.05.2025 04:00 PM | 15.05.2025 04:00 PM |
| | Tender submission Date | from 02.05.2025 to 07.05.2025 03:00P.M. | Upto 17.05.2025 02:00P.M. |
| | Bid Opening Date | 09.05.2025 04:00 PM | 17.05.2025 03:00 PM |

निविदा की शेष सभी सूचनाएँ यथावत रहेंगी। निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 351982 District(25-26)#D

**जिला खनन कार्यालय, गढ़वा**

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिलान्तर्गत JSMDC द्वारा संचालित बालू घाट के बालु बुकिंग हेतु प्रकिया निम्नवत् है:–

Website :- www.jsmdc.in
JSMDC Portal झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 पोर्टल
↓
ऑनलाई बालु की बुकिंग
↓
आवेदक को सर्वप्रथम अपनी आई0डी0 बनाना है।
↓
आई0 डी0 बनाने के पश्चात् बालू कय की विवरणी देनी है, जैसे– नाम (आवेदक का) बालू (कय की मात्रा) आधार नम्बर, मोबाईल नम्बर तथा आवेदन शुल्क एवं वाहन नम्बर ( जिसमें बालू का परिवहन होगा)
↓
टोकन निर्गत
↓
टोकन की बैधता 45 दिन है।
↓
आवेदक टोकन लेकर बालू स्टॉकयार्ड से बालू किसी भी दिन 45 दिनों के बीच उठाव कर सकते है।

जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 351994 Mines and Geology(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक मेसर्स कृष्णा कन्स्ट्रक्सन, अमित कुमार पाण्डे, द्वारा उपेन्द्र नाथ पाण्डे, ग्राम–डुरंगी, खुर्द, जिला– लातेहार को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना Post Five Year Maintenance अन्तर्गत किस्को से अपर कोचा भाया खरकी पथ मरम्मति का कार्य का एकरारनामा किया गया था। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 12.10.2020 को किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 11.05.2023 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 571 दिनांक– 05.07.2023 के द्वारा आपको निदेशित किया गया था, लेकिन आपके द्वारा उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन को अबतक पूर्ण नहीं किया गया है। जो अत्यंत ही खेद जनक है। आपके द्वारा उक्त कार्य को करने में अभिरूची नहीं लिया जा रहा है। जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिश्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

इसे अत्यावश्यक समझें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 351946 (Lohardaga) 25-26 (D)

**कार्यालय:-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी**
**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.**

**राज्य योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य की शहरी झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में आवासित लोगों को प्राथमिक सेवाएँ उपलब्ध करानें हेतु संचालित योजना के तहत जिला लातेहार अंतर्गत संचालित"अटल मुहल्ला क्लीनिक " के संचालन–प्रबंधन हेतु चिकित्सापदाधिकारी (MBBS) एवं आयुष चिकित्सक को सूचिबद्ध किये जानें हेतु साक्षात्कार की सूचना।**

**Walk In Interview**

राज्य योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य की शहरी झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में आवासित लोगों को प्राथमिक सेवाएँ उपलब्ध करानें हेतु के निमित स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के स्तर से **"अटल मुहल्ला क्लीनिक"** स्थापित कर संचालित किये जानें की योजना संचालित है। इस क्रम में लातेहार जिले के लिए कुल 02 (दो) **"अटल मुहल्ला क्लीनिक" का संचालन डुरूवा एवं बानपुर** में की जा रही है।उक्त आलोक में **"अटल मुहल्ला क्लीनिक"** के संचालन एवं प्रबंधन हेतु चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) एवं आयुष चिकित्सक की सेवा प्राप्त करनें हेतु चिकित्सकों को सूचिबद्ध किया जाना है।

**01.उक्त आलोक में अटल क्लीनिक डुरूवा एवं लातेहार में बैकलॉग रिक्ति के विरूद्ध चिकित्सकों को सूचिबद्ध किये जानें हेतु निम्नरूपेण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वेश्म में Walk In Interview आयोजित की जाती है:–**

| क्र0 | अटल क्लीनिक का नाम | पद का नाम | बैकलॉग रिक्ति | | | कुल | मानदेय प्रतिमाह। | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | | | |
| 01 | अटल क्लीनीक डुरूवा/बानपुर | चिकित्सापदाधिकारी (MBBS) | 01 | 01 | 0 | 02 | 36400/– (1400 रू0 प्रतिदिन) | MBBS |
| 02 | अटल क्लीनीक डुरूवा/बानपुर | आयुषचिकित्क | 00 | 01 | 00 | 01 | 20000/– | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of Computer |

नोट:–
- इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक–19.05.2025 को सिविलसर्जन कार्यालय, लातेहार के कार्यालय वेश्म में अपनें सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/अनुभव/पहचान पत्रों की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।
- आयु सीमा–: एम0बी0बी0एस0 चिकित्सा पदाधिकारी हेतु अधिकतम 70 वर्ष एवं आयुष चिकित्सक हेतु अधिकतम 60 वर्ष।
- सूचिबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य में नियमिति करण हेतु किसी प्रकार का दावामान्य नहीं होगा।
- सूचिबद्ध चिकित्सकों की सेवाओं के संदर्भ विभागीय दिशा निर्देश/शर्तें प्रभावी होंगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार

PR 351945 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

# खपिया चेगरी गांव में पेयजल संकट, अधूरा सोलर जलमीनार बना ग्रामीणों की परेशानी का कारण

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** घाघरा प्रखंड के खपिया चेगरी गांव में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव के लगभग 25 परिवार पानी के लिए रोजाना एक किलोमीटर दूर स्थित कुएं पर निर्भर हैं। पीने के पानी के लिए जहां लंबा सफर तय करना पड़ता है, वहीं स्नान और अन्य कार्यों के लिए ग्रामीणों को कोयल नदी जाना पड़ता है।

**ग्रामीणों में भय और असंतोष :** ग्रामीणों ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चों को भी साथ ले जाकर पानी लाना पड़ता है, जिससे हर दिन दुर्घटना का डर बना रहता है। उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

**सोलर जलमीनार अधर में लटका :** गांव में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व सोलर जलमीनार की योजना शुरू की गई थी। लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे ग्रामीणों की आशाएं धूमिल हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि जब जलमीनार का ढांचा खड़ा हुआ था तो सभी को लगा कि जल्द पानी की समस्या से राहत मिलेगी, परंतु यह योजना अधूरी रह गई।

**ग्रामीणों की मांग और विभाग का आश्वासन :** ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अधूरी जलमीनार योजना को पूरा कर चालू किया जाए। इस संबंध में जब पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता रजनीश कुमार से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही अधूरी योजना को पूरा कराया जाएगा, जिससे लोगों की परेशानी दूर हो सके।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों में नीलम उरांव, सोमारी देवी, झीबी उरांव, मंटु उरांव, महेश्वर चिक बढ़ाइक, संजय उरांव और बुधु उरांव समेत कई लोग शामिल थे, जिन्होंने मिलकर इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान खींचा।

## न्यूज बॉक्स

### रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक श्रद्धांजलि



**गुमला।** बचपन द लिटिल किंगडम स्कूल के लोहरदगा रोड स्थित प्ले स्कूल और बैंक कॉलोनी स्थित प्राइमरी विंग में गुरुवार को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गुरुदेव को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्ले स्कूल में छोटे बच्चों को टैगोर के जीवन की प्रेरक कहानी सरल व रोचक शैली में सुनाई गई, जिससे वे महान कवि, शिक्षाविद और विचारक के व्यक्तित्व से परिचित हो सके। वहीं प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से रवींद्रनाथ टैगोर के साहित्यिक, दार्शनिक और शैक्षिक योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यालय के निदेशक चंद्रशेखर गिरि ने टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और बच्चों को टैगोर के बहुआयामी व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, "7 मई, 1861 को जन्मे रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत को साहित्य, संगीत, शिक्षा और राष्ट्रवाद के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाई। उनकी रचना 'गीतांजलि' के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला, और उनका लिखा 'जन गण मन' आज देश का राष्ट्रगान है। शांतिनिकेतन और विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना कर उन्होंने शिक्षा को नए आयाम दिए।"

### सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल, दो अन्य को मामूली चोट

**भरनो।** भरनो प्रखंड के अंबवा गांव की एक बुजुर्ग महिला गुरुवार को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह दुर्घटना एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर महुआडीपा स्थित भगत पेट्रोल पंप के समीप सिसई थाना क्षेत्र में घटी, जहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंबवा निवासी राहुल कुमार अपनी भाभी को पैशन प्रो बाइक पर सवार कर सिसई बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे शिवनाथपुर निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति की लूना मोपेड से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इस हादसे में अंबवा निवासी दुष्यंत साहू की 60 वर्षीय पत्नी लीलावती देवी को गंभीर चोटें आईं। खासकर उनके कान के अंदरूनी हिस्से में चोट लगने से खून बहने लगा। वहीं, लूना सवार बुजुर्ग को पैर में हल्की चोट और बाइक चालक राहुल को भी मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया गया।

### सीआरपीएफ कैंप के पास कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल, गंभीर हालत में रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला-छत्तीसगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुरसांग थाना क्षेत्र के पहाड़ टोली गांव निवासी पंचम किसान और कमल किसान घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद पंचम किसान की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया है। पंचम का एक पैर टूट गया है और शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं। वहीं कमल किसान को मामूली चोटें आई हैं और वह फिलहाल खतरे से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक गुमला शहर के बेहरा टोली गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे थे। तभी सीआरपीएफ कैंप के समीप एक तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे और कुछ देर तक अचेत पड़े रहे। फिलहाल पुलिस कार की पहचान और चालक की तलाश में जुट गई है।

### शादी से तीन दिन पहले लगाई फांसी, मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी ग्राम निवासी सूरज उरांव ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार सूरज उरांव का शव गुरुवार को उसके घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर में शौच करने जा रहे लोगों ने झाड़ी कुदुर नामक जगह पर पेड़ में फंदे से झूलता हुआ देखा। जिसके बाद इसकी सूचना परिजन व घाघरा थाना को दी गई। घाघरा पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता कृष्णा उरांव ने बताया कि सूरज का 11 मई को शादी था। आज लड़की के घर मुंह देखवनी कार्यक्रम में जाना था। शादी की तैयारी को लेकर बीते रात हम सभी लोग मिठाई बना रहे थे ।इसी दौरान सूरज घर आया और अपने कमरे में चला गया। हम लोगों ने सोचा कि वह पहले की तरह अपने रूम में सोया होगा। अचानक ही सुबह सूचना मिली की उक्त स्थल पर सूरज का शव फंदे के सहारे झूल रहा है। जिसके बाद हम सभी पहुंचे। घटना के कारणों का कोई पता नहीं चल सका है ।इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### फोरलेन पर दो बाइकों की टक्कर, बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआडीपा स्थित भगत पेट्रोल पंप के समीप एनएच फोरलेन पर गुरुवार सुबह करीब 10:45 बजे दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अम्बुआ निवासी राहुल कुमार तेज गति से पैशन प्रो बाइक पर अपनी भाभी को बैठाकर सिसई बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे शिवनाथपुर निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति की लूना मोपेड से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में अम्बुआ निवासी दुष्यंत साहू की 60 वर्षीय पत्नी लीलावती देवी को गंभीर चोटें आई हैं। खासकर उनके कान के अंदरूनी हिस्से में चोट लगने से कान से खून बहने लगा। वहीं, लूना चालक को पैर में हल्की चोट और बाइक चालक राहुल कुमार को भी मामूली चोटें आईं हैं। घटना के बाद, स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल महिला को सिसई रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### पालकोट के फुल्हेरा टोली में बंद कमरे में युवक ने लगाई फांसी, गांव में छाया मातम

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के फुल्हेरा टोली में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रोहित नायक (पिता - बरन नायक) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रोहित ने अपने घर के एक बंद कमरे में फांसी लगाई। जैसे ही घरवालों ने दरवाजा खोला और युवक को फंदे से झूलता देखा, वे तुरंत उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चैनपुर थाना क्षेत्र में बोलेरो पिकअप पलटा चालक और सहचालक गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर में बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। गुमला की ओर से आ रहे एक बोलेरो पिकअप वाहन ने नियंत्रण खो दिया और पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर और दो सहचालक गंभीर रूप से घायल हो गए ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन तेज गति से गुमला से चैनपुर की ओर जा रहा था। अचानक गाड़ी का नियंत्रण खो गया और वह पलट गई। इस दुर्घटना में चालक सचिन गोप 27 वर्ष के कान, हाथ और माथे में गंभीर चोटें आईं। वहीं, सहचालकों लवकुश कुमार 25 वर्ष और आनंद किशोर एक्का 23 वर्ष के माथे में भी चोटें आईं। घायलों को तत्काल चैनपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर डीसी ने किया रक्तदान

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को दिए उपहार, की भावनात्मक मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को गुमला सदर अस्पताल परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने स्वयं रक्तदान कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उपायुक्त का यह मानवीय कदम न केवल प्रेरणादायक था, बल्कि समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देने वाला भी रहा। रक्तदान के बाद डीसी कर्ण सत्यार्थी ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उन्हें स्नेहपूर्वक उपहार स्वरूप खिलौने भेंट किए। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली इस मुलाकात का माहौल भावुक और आत्मीय रहा।

**डीसी ने की रक्तदान की अपील :** इस अवसर पर उपायुक्त ने आमजन से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि "एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। विशेषकर थैलेसीमिया जैसे गंभीर रक्त विकार से जूझ रहे बच्चों को समय-समय पर रक्त की आवश्यकता होती है, इसलिए प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए।"

उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रोग है, जिसमें शरीर पर्याप्त मात्रा में हीमोग्लोबिन नहीं बना पाता, जिससे मरीजों को जीवनभर नियमित रक्त संक्रमण की जरूरत होती है।

**बच्चों की शिक्षा और पोषण पर विशेष ज़ोर :** डीसी ने थैलेसीमिया सेंटर का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद बच्चों और उनके परिजनों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, पोषण और मनोबल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। साथ ही प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से इन बच्चों का जीवन सामान्य बनाया जा सकता है और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य दिया जा सकता है।

**कार्यक्रम में मौजूद रहे अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी :** इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में कई युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों ने भी भाग लेकर मानवता का परिचय दिया।

# अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई, ट्रैक्टर व हाइवा जब्त




**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से सख्त हो गया है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर गठित खनन टास्क फोर्स समिति द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार, 8 मई की सुबह सिलाफरी पंचायत के नवाटोली चौक के समीप एक ट्रैक्टर और हाइवा वाहन को अवैध रूप से बालू उठाव करते हुए पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त स्थान पर किसी को भी बालू भंडारण हेतु अनुज्ञप्ति निर्गत नहीं है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एक ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से बालू का भंडारण कर हाइवा में लोड किया जा रहा था। खनन टास्क फोर्स की टीम को देख चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। जिला खनन पदाधिकारी के अनुसार, जब्त किए गए वाहनों के खिलाफ झारखंड खनिज नियमावली 2004 एवं झारखंड खनिज (अवैध खनन की रोकथाम) अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### जिला प्रशासन की अपील

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार के अवैध खनन या खनिज परिवहन की जानकारी मिलती है तो वे तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें या मोबाइल नंबर 9934887613 पर संपर्क करें। जानकारी देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। गौरतलब है कि जिले में अवैध खनन को लेकर पूर्व में खनन विभाग की भूमिका पर मिलीभगत के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में यह कार्रवाई प्रशासन की पारदर्शिता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# अष्टम वेतनमान से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मियों को बाहर रखने की तैयारी से पेंशनरों में नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2026 से लागू होने जा रहे अष्टम वेतनमान की सिफारिशों से जनवरी 2026 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मियों को वंचित रखने के संकेतों को लेकर पेंशनरों में गहरा रोष देखा गया। उपाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यदि सरकार ने इस गंभीर विसंगति को दूर नहीं किया और सभी पेंशनधारियों को समुचित लाभ नहीं दिया, तो देशभर के पेंशनर्स संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने इसे लाखों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया। बैठक के दौरान नगर परिषद के चार सेवानिवृत्त कर्मियों और एक पारिवारिक पेंशनभोगी ने बताया कि उन्हें पिछले सात माह से पेंशन नहीं मिली है। यह सुनकर सभी सदस्य आक्रोशित हो उठे। सचिव महावीर प्रसाद मिश्र ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही करार देते हुए कहा कि पेंशन किसी का हक है और इसे रोका नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही नगर परिषद के प्रशासक से मिलकर लंबित भुगतान की मांग करेगा। बैठक में समाज की आर्थिक संरचना पर भी चर्चा हुई और सदस्यों से मासिक सहयोग राशि समय पर जमा करने की अपील की गई।


# कार्यालय, पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मेदिनीनगर

**Regional Transport Authority, Palamu Non renewal of permits of the passenger vehicles active on roads**

सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी पीएजी (अंकेक्षण) महालेखाकार (लेखा परीक्षा), झारखण्ड, राँची के कार्यालय के पत्रांक 02, दिनांक 13.12.2024 तथा परिवहन विभाग झारखण्ड राँची का पत्रांक 485 दिनांक 05.05.2025 के आलोक में संलग्न सूची में उल्लेखित स्थायी स्वारीगाड़ी एवं स्कूल बस परमिट धारकों को सूचित किया जाता है, कि एक सप्ताह के अंदर बकाया राशि का भुगतान करें अन्यथा बकाया राशि की वसूली हेतु मोटरयान अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के तहत समुचित कार्रवाई की जाएगी।

| Sl No | REGN_NO | REGN_DT | PURCHASE_DT | VEH_CATG | SEAT_CAP | SLEEPER_CAP | PERMIT_NO | PERMIT | MANU_YR | TAX_PAID_UPTO | FIT_VALID_UPTO | PERMIT_VALID_FROM | PERMIT_VALID_UPTO | AGE OF VEH in years | fee+ application fee | surcharge | Late fee | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01AX8750 | 16-02-2013 | 04-02-2013 | LPV | 33 | 0 | 08/2017 | stage | 2013 | 22-10-2021 | 22-05-2024 | 21/03/2017 | 20-03-2022 | 9.09 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 2 | JH03N2818 | 02-04-2016 | 02-02-2016 | MPV | 48 | 0 | 202017 | stage | 2015 | 18-10-2024 | 06-06-2024 | 18/10/2017 | 17-10-2022 | 6.55 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 3 | JH01CF7610 | 10-01-2017 | 26-12-2016 | HPV | 51 | 1 | 04/2017 | stage | 2016 | 13-09-2024 | 22-10-2022 | 24/01/2017 | 23-01-2022 | 5.04 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 4 | JH14C2641 | 24-03-2013 | 01-11-2012 | HPV | 49 | 0 | PAL/70/2015 | stage | 2013 | 10-01-2018 | 23-12-2017 | 30/10/2015 | 29-10-2020 | 7.61 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 5 | JH01BG6482 | 22-05-2014 | 08-03-2014 | HPV | 49 | 0 | PAL/39/2015 | stage | 2014 | 12-08-2019 | 21-05-2019 | 10/06/2015 | 06-06-2020 | 6.05 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 6 | JH01AK3430 | 07-02-2011 | 24-01-2011 | MPV | 41 | 0 | PAL/31/2015 | stage | 2011 | 23-01-2019 | 06-05-2024 | 15/05/2015 | 14-05-2020 | 9.27 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 7 | JH03J1338 | 12-03-2014 | 31-01-2014 | MPV | 48 | 0 | PAL/46/2015 | stage | 2013 | 22-02-2024 | 13-06-2024 | 30/06/2015 | 29-06-2020 | 6.30 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 8 | JH03G9595 | 08-09-2012 | 05-07-2012 | MPV | 48 | 0 | PAL/07/2015 | stage | 2012 | 06-07-2019 | 02-08-2019 | 25/03/2015 | 24-03-2020 | 7.55 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 9 | JH01BC6453 | 12-10-2013 | 04-10-2013 | LPV | 33 | 0 | PAL/62/2015 | stage | 2013 | 14-01-2025 | 11-04-2024 | 03/09/2015 | 12-09-2020 | 6.92 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 10 | JH03J7019 | 28-09-2013 | 19-08-2013 | MPV | 51 | 0 | 47/2014 | stage | 2013 | 15-11-2024 | 29-04-2024 | 24/09/2014 | 23-09-2019 | 5.99 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 11 | JH03G2488 | 18-01-2012 | 24-12-2011 | MPV | 41 | 0 | PAL/35/2014 | stage | 2011 | 15-01-2025 | 07-03-2025 | 20/09/2014 | 19-09-2019 | 7.67 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 12 | JH01BC5071 | 07-11-2013 | 21-10-2013 | LPV | 33 | 0 | PAL/27/2016 | stage | 2013 | 03-10-2019 | 06-05-2024 | 06/05/2016 | 05-05-2021 | 7.50 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 13 | JH14B7866 | 20-01-2012 | 07-01-2012 | LPV | 33 | 0 | SC-PSTS-0014/18(PLM) | stage | 2012 | 13-09-2024 | 19-04-2024 | 19/06/2018 | 18-06-2023 | 11.42 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 14 | JH03E5021 | 24-04-2010 | 12-04-2010 | MPV | 44 | 0 | PAL/30/20016 | stage | 2010 | 18-04-2023 | 23-04-2024 | 13/08/2016 | 12-08-2021 | 11.31 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 15 | JH01AG8282 | 25-09-2010 | 08-09-2010 | LPV | 53 | 0 | PAL/01/2018 | stage | 2010 | 19-01-2024 | 24-09-2023 | 10/01/2018 | 09-01-2023 | 12.30 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 16 | JH03G9707 | 14-09-2012 | 27-08-2012 | LPV | 33 | 0 | PAL/31/2017 | stage | 2012 | 17-10-2023 | 15-03-2025 | 01/11/2017 | 31-10-2022 | 10.13 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 17 | JH02V6300 | 22-05-2012 | 03-05-2012 | MPV | 41 | 0 | PAL/68/2016 | stage | 2012 | 04-07-2021 | 21-02-2020 | 29/12/2016 | 28-12-2021 | 9.61 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 18 | JH03G4140 | 20-03-2012 | 07-03-2012 | LPV | 33 | 0 | PAL/16/2012 | stage | 2011 | 31-03-2021 | 17-03-2024 | 30/05/2017 | 29-05-2022 | 10.20 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 19 | JH03M2665 | 17-10-2015 | 26-08-2015 | HPV | 56 | 0 | PAL/16/2018 | stage | 2015 | 15-11-2024 | 25-05-2024 | 05/06/2018 | 04-06-2023 | 7.64 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 20 | JH03E0922 | 10-12-2009 | 16-11-2009 | HPV | 53 | 0 | PALM/05/2004 | stage | 2009 | 03-03-2024 | 22-06-2024 | 31/01/2019 | 30-01-2024 | 14.15 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 21 | JH08G2403 | 31-05-2018 | 31-03-2018 | MPV | 51 | 0 | SC-PSTS-0027/18(PLM) | stage | 2017 | 20-12-2024 | 13-04-2024 | 30/11/2018 | 29-11-2023 | 5.50 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 22 | JH01DW9971 | 19-03-2020 | 16-03-2020 | LPV | 45 | 0 | SC-PSTS-0005/19(PLM) | stage | 2020 | 31-03-2024 | 15-03-2025 | 07/02/2019 | 06-02-2024 | 3.89 | 6300 | as per distance of routes | 10000 | 16300 |
| 23 | JH03L1139 | 20-02-2015 | 15-01-2015 | MPV | 53 | 0 | 76/2015 | school | 2014 | 26-10-2024 | 19-11-2024 | 15/06/2015 | 14-06-2020 | 5.32 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 24 | JH03L7232 | 21-02-2015 | 29-01-2015 | MPV | 48 | 0 | 59/2015 | school | 2014 | 03-03-2025 | 20-05-2024 | 04/08/2015 | 03-08-2020 | 5.45 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 25 | JH03L2281 | 21-02-2015 | 30-01-2015 | MPV | 48 | 0 | 58/2015 | school | 2014 | 11-04-2024 | 20-05-2024 | 04/08/2015 | 03-08-2020 | 5.45 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 26 | JH03M9664 | 05-01-2016 | 18-12-2015 | MPV | 53 | 0 | 36/2016 | school | 2015 | 09-12-2021 | 17-12-2024 | 02/06/2016 | 01-06-2021 | 5.41 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 27 | JH03F3316 | 03-03-2011 | 22-10-2010 | MPV | 53 | 0 | 11/2016 | school | 2010 | 26-09-2020 | 31-08-2023 | 11/03/2016 | 10-03-2021 | 10.03 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 28 | JH03J0557 | 20-09-2013 | 12-08-2013 | LPV | 33 | 0 | PAL/78/2015 | school | 2013 | 23-08-2024 | 14-12-2024 | 15/06/2015 | 14-06-2020 | 6.74 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 29 | JH03L9346 | 21-02-2015 | 29-01-2015 | MPV | 48 | 0 | PAL/57/2015 | school | 2014 | 19-07-2024 | 20-05-2024 | 04/08/2015 | 03-08-2020 | 5.45 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 30 | JH03L0373 | 21-02-2015 | 29-01-2015 | MPV | 48 | 0 | PAL/56/2015 | school | 2014 | 19-07-2024 | 20-05-2024 | 04/08/2015 | 03-08-2020 | 5.45 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 31 | JH03L2874 | 20-02-2015 | 15-01-2015 | MPV | 53 | 0 | PAL/77/2015 | school | 2014 | 27-10-2024 | 19-11-2024 | 15/06/2015 | 14-06-2020 | 5.32 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 32 | JH03D9820 | 03-09-2009 | 27-04-2009 | LPV | 37 | 0 | PAL/31/2014 | school | 2009 | 31-08-2019 | 02-12-2018 | 05/07/2014 | 04-07-2019 | 9.84 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 33 | JH03M2937 | 16-07-2015 | 05-05-2015 | LPV | 37 | 0 | PAL/52/2017 | school | 2015 | 12-05-2017 | 15-04-2017 | 21/07/2016 | 20-07-2021 | 6.02 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 34 | JH03Q9757 | 28-03-2017 | 08-03-2017 | MPV | 57 | 0 | PAL/41/2017 | school | 2016 | 10-11-2025 | 19-04-2025 | 12/10/2017 | 11-10-2022 | 5.54 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 35 | JH03Q4128 | 01-04-2017 | 08-03-2017 | HPV | 57 | 0 | PAL/43/2017 | school | 2016 | 10-11-2025 | 19-04-2025 | 12/10/2017 | 11-10-2022 | 5.53 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| 36 | JH19B3157 | 08-05-2018 | 20-04-2018 | MPV | 32 | 0 | SB-PSTS-0001/19(PLM) | school | 2018 | 01-02-2024 | 03-05-2024 | 18/01/2019 | 18-01-2024 | 5.70 | 6150 | 3000 | 10000 | 19150 |
| | | | | | | | | | | | | | | | 224700 | 42000 | 360000 | 626700 |

PR.NO.351958 District(25-26):D

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मेदिनीनगर।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूँ, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### आतंकी अड्डों पर हमले का संदेश

सात मई, 2025 को इतिहास रचा गया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर बेहद सटीक कार्रवाई कर डाली। हमले के कुछ घंटों बाद दो भारतीय महिला सैन्य अधिकारियों, एक हिंदू व एक मुसलमान, ने मीडिया को बताया कि हमने क्या किया है। विवाह और नारीत्व का प्रतीक 'सिंदूर' नाम महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के बारे में एक शक्तिशाली कथन है। हम अपने देश को भारत माता कहते हैं और जब पहलगाम में इसी मां की दो दर्जन से अधिक बेटियों के माथे का सिंदूर कुछ अमानवीय लोगों ने मिटा दिया, तो मां का रूप बदला और वह हाथ में खड्ग लेकर दुर्गा बन गईं। हमने वैश्विक आतंकवाद के संरक्षकों के मन में भ्रम पैदा कर दिया, जिससे वे हमारे जवाब की आशंका से डरने लगे। वे भ्रमित थे और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां देते रहे। हमने तब हमला किया, जब उन्हें उम्मीद नहीं थी। भारत ने आतंकिस्तान की छाती पर पल रहे सांपों को कुचलने के लिए बहुत अंदर जाकर हमला किया। हमारे कदम से एक दिन पहले छह मई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान के अनुरोध पर बंद कमरे में बैठक बुलाई। पर इस्लामाबाद तब हैरान रह गया, जब सुरक्षा परिषद, जिसके स्थाई और अस्थाई सदस्यों को हमने पहले ही जानकारी दे दी थी, ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तोइबा की पाकिस्तान में मौजूदगी पर ही पूछ लिया। नोटिस टू एयरमैन (एनओटीएएम) जारी किए बगैर पाकिस्तान के मिसाइल परीक्षण पर भी सवाल उठा, तो पाकिस्तान की हेकड़ी निकल गई। यही नहीं, कई देशों ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करना बंद कर दिया। यूएन सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान की अर्जी खारिज करते हुए उसे द्विपक्षीय मामलों में भारत से बात करने के लिए कहा। सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ने जब पहलगाम हमले की निंदा की और जवाबदेही की मांग की, तो अपनी निराशा को छिपाने के लिए उसने आरोप लगाया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करना अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। यह हमारा पहला कदम था, जो आने वाले महीनों में पाकिस्तान को गंभीर नुकसान पहुंचाएगा। गॉडफादर चीन खुद मुसीबत में है, इसलिए मदद करने में असमर्थ है। पाकिस्तान की दूसरी मुश्किल उसका सेना प्रमुख मुल्ला मुनीर है, जो मध्ययुगीन मानसिकता का इन्सान है। वह बलूचिस्तान में स्वतंत्रता सेनानियों से लड़ रहा है और हर हफ्ते अपने ही दर्जनों सैनिकों को खा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा में वह तहरीक-ए-तालिबान से लड़ रहा है और उसकी सेना वहां लड़ने से इन्कार कर रही है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने दावा किया कि वह भारत को सबक सिखाएंगे और फिर विनम्रतापूर्वक हमसे कहा कि हम उनके देश पर दोबारा हमला न करें। वाशिंगटन में उनका राजदूत कहता है कि पाकिस्तान भारत जैसे अधिक मजबूत राष्ट्र से नहीं लड़ सकता। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त राष्ट्र वगैरह से गुहार लगाते फिरते रहे कि वे भारत से कहें कि वह उन पर हमला न करे। अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष से बात करने के लिए जब फोन लगाया, तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने उठाया और उनसे भी मदद मांगी। कुल मिलाकर पाकिस्तान में पूरी तरह से भ्रम और घबराहट है।

> नोटिस टू एयरमैन (एनओटीएएम) जारी किए बगैर पाकिस्तान के मिसाइल परीक्षण पर भी सवाल उठा, तो पाकिस्तान की हेकड़ी निकल गई। यहीं नहीं, कई देशों ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करना बंद कर दिया।

# आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'




देश की बात



**योगेश कुमार गोयल**

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।

भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे।

इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही। पाकिस्तान के मीडिया ने प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए यह दावा किया कि पाकिस्तान ने भारत के 6 फाइटर जेट मार गिराए हैं, जिसमें 3 राफेल, 2 मिग-29 और 1 सुखोई शामिल हैं, साथ ही भारतीय सेना की 12वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के मुख्यालय को नष्ट करने का झूठा दावा भी किया गया। हालांकि भारत द्वारा इन बेबुनियाद झूठे दावों को सिरे से खारिज कर दिया गया है।

भारत का अगला कदम अब इस कार्रवाई को कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर वैश्विक समर्थन में बदलना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत आतंकवाद के खिलाफ अपने दृष्टिकोण को और मजबूत तरीके से प्रस्तुत करेगा। अमेरिका, फ्रांस, रूस और इजरायल जैसे देश पहले ही भारत के साथ खड़े नजर आ रहे हैं परंतु संयुक्त राष्ट्र और इस्लामी देशों के संगठन (आईओसी) में पाकिस्तान अपने झूठे प्रचार को हवा देने की कोशिश अवश्य करेगा, इसलिए भारत को अब इस कूटनीतिक लड़ाई में भी स्पष्टता और तथ्यों के साथ आगे बढ़ना होगा। बहरहाल, ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य और कूटनीतिक परिपक्वता का प्रतीक है। इसने साबित कर दिखाया है कि भारत अब संयम और जवाबदेही के साथ अपनी रक्षा नीति पर अमल कर रहा है। 'सिंदूर' का रंग भले ही सांस्कृतिक दृष्टि से सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक हो परंतु इस सैन्य कार्रवाई में यह रंग आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बन गया है। भारत ने दुनिया को यह बता दिया है कि वह न तो युद्ध चाहता है, न टकराव लेकिन यदि उसकी सीमाओं, नागरिकों और संप्रभुता को कोई चुनौती देगा तो उसका जवाब भी उतना ही सटीक, तीव्र और निर्णायक होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## घर जल रहा है

गली नंबर पाँच में आज सुबह-सुबह उस किस्म की अफ़रातफ़री थी, जैसी फालतू सोशल मीडिया पर वायरल हुए किसी भूतिया वीडियो में होती है। मगर यहाँ मामला ज़रा असली था। शर्मा जी के घर में आग लग गई थी। हां, वही शर्मा जी जो अपनी सोसायटी मीटिंग्स में "मैं तो समाज सेवा के लिए जीता हूं" कहकर मंच तोड़ देते थे। आग न जल रही थी, न जल रही थी-वो भभक रही थी। जैसे कोई पुरानी सास को बहू की नई साड़ी की कीमत बता दी जाए, वैसी भड़क। लोग चिल्ला रहे थे, "पानी लाओ, बाल्टी लाओ, बाल्टी की मम्मी को भी बुलाओ!" मगर शर्मा जी? वो मोबाइल में गूगल कर रहे थे-"जलते हुए घर के पड़ोसी को सांत्वना कैसे दें?" और फिर जैसे ही उन्होंने फोन जेब में रखा, टोपी सीधी की, और ऐलान किया-"मैं वर्मा जी के घर जा रहा हूं, उनके बेटे को बुखार है। इंसानियत सबसे पहले।" पड़ोसी भौचक्क, मोहल्ला सन्न, और आग को जैसे ऑक्सीजन मिली हो। शर्मा जी समाज सेवा के इतने बड़े फैन थे कि उन्होंने अपने घर की दीवारों को भी "स्वच्छ भारत" और "बेटी बचाओ" के पोस्टरों से सजाया था, ताकि आग जब लगे तो अच्छे विचारों के साथ लगे। ये वही शर्मा जी थे जो कहते थे, "हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि पड़ोसी के दुख में साथ देना सबसे बड़ी पूजा है।" कोई पूछे, साहब, पूजा में अगर घर ही भस्म हो जाए तो प्रसाद कहाँ चढ़ेगा? शर्मा जी की पत्नी, जिसे मोहल्ले वाले 'श्रीमती समाजसेवा देवी' कहते थे, वो तवा लेकर आग बुझा रही थी। तवा गरम हो गया, पर आग नहीं बुझी। शर्मा जी को कॉल किया-"सुनिए, एलपीजी सिलेंडर गरम हो रहा है, आएंगे?" और उधर से जवाब आया-"वर्मा जी का बेटा बहुत कमजोर हो गया है, उसे गाजर का हलवा बना रहा हूं। सेवा में व्यस्त हूं।" मोहल्ले वालों ने पहली बार महसूस किया कि आग की लपटें जब आदमी के विचारों से टकराती हैं, तो धुएं में सिर्फ लकड़ी नहीं जलती, रिश्ते भी राख हो जाते हैं। शर्मा जी जब वर्मा जी के घर पहुँचे तो वहाँ का माहौल कुछ अलग था। बच्चे को मामूली जुकाम था, मगर शर्मा जी ने उसे गोद में उठाया और बोले-"बेटा, अब डरने की ज़रूरत नहीं, अंकल यहाँ हैं।" और तभी वर्मा जी की बीवी बोल उठीं, "अरे शर्मा जी, आपका घर जल रहा है, आप यहाँ क्या कर रहे हैं?" शर्मा जी मुस्कराए जैसे मिस यूनिवर्स बन गए हों, बोले-"घर तो जलते रहते हैं, इंसानियत नहीं जलनी चाहिए।" वो मुस्कान वैसी ही थी जैसी नाटक में नायक आख़िरी सीन में मरने से पहले देता है। पर फर्क ये था कि यहाँ मरना घर को नसीब हुआ। शर्मा जी के घर की दीवारें अब मुहावरे बोलने लगी थीं-"जहाँ चाह वहाँ राह, मगर आग में सब भस्म।" मोहल्ले की भीड़ में एक बच्चा चिल्लाया-"मम्मी, शर्मा अंकल का टीवी पिघल गया!" मम्मी बोली-"चुप कर, वो टीवी नहीं, सेवा की भावना थी!" **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# ज्ञान और प्रेम के संगम : स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी

श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि का 170वां आविर्भाव दिवस

आज की बात



**डॉ श्रीमती मंजुलता**

'प्रेम ही ईश्वर है' यह केवल किसी कवि की उद्दात कल्पना के रूप में नहीं बल्कि सनातन सत्य के रूप में। मनुष्य चाहे किसी भी धर्म या पंथ का हो ...यदि वह प्रकृति द्वारा उसके हृदय में बिठाए गए इस प्रभुत्वकारी तत्त्व को उचित रूप से संवर्धित करता है तो वह माया की अंधकारमय सृष्टि में भटकने से अपने आप को निश्चित तौर पर बचा सकता है।" एक अद्भुत पुस्तक 'कैवल्य दर्शनम' से उद्धृत ये शब्द, मानवजाति को माया के मजबूत शिकंजे से आजाद होने का कितना संदर उपाय और आश्वासन प्रदान करते हैं। इस वर्ष की भाँति आज से 131 वर्ष पूर्व 1894 के महाकुंभ में मृत्युंजय बाबाजी ने ज्ञानावतार कहलाने वाले एक ऋषि स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी को इस पुस्तक की रचना करने का आदेश दिया। यही नहीं उसी भेंट में बाबाजी ने श्रीयुक्तेश्वरजी के गहन आध्यात्मिक अंतर्ज्ञान और जागतिक दृष्टिकोण के कारण उन्हें मुकुंद नाम के एक बालक को, श्री श्री परमहंस योगानन्द में परिवर्तित करने के लिए चुना। 10 वर्ष के गहन प्रशिक्षण को पाकर बालक मुकुंद योगानन्द बने जो पूर्व और पश्चिम के महान् संत और जगत् गुरु के रूप में जाने जाते हैं। अपने गुरु के आदेश पर ही उनसे प्राप्त मुक्तिदायक सत्यों को वितरित करने के उद्देश्य से योगानन्दजी ने पूर्व में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया तथा पश्चिम में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप की स्थापना की जहाँ पर इच्छुक भक्त आवेदन कर ध्यान की मुक्तिदायिनी उच्चत्तम प्रविधि, क्रियायोग को सीख सकते हैं।

अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत', जो एक महान् गौरव ग्रंथ की श्रेणी में आता है, और जिसने कोटि-कोटि लोगों के जीवन को बदलने में अपनी भूमिका निभाई है, में योगानन्दजी अपने गुरु श्रीयुक्तेश्वरजी के बारे में बताते हैं – "वे मितभाषी, आडंबरहीन और गंभीर थे। उनका मौन रहना उनकी अनंत ब्रह्म की गहन अनुभूति के कारण था।" एक और स्थान पर 'अपने गुरु के आश्रम की कालावधि' नामक पाठ में वे कहते हैं, "श्री युक्तेश्वरजी के पवित्र चरणों का स्पर्श करते समय मैं सदा ही रोमांचित हो उठता था.... उनकी ओर से एक सूक्ष्म विद्युत धारा प्रवाहित होती थी।....मैं जब भी अपने गुरु के चरणों पर माथा टेकता था, मेरा संपूर्ण शरीर जैसे एक मुक्तिप्रदायक तेज से भर जाता था।" अनुशासन प्रिय एवं कठोर होने के साथ-साथ, श्रीयुक्तेश्वरजी का बाल सुलभ हृदय प्रेम से परिपूर्ण था। वे अपने शिष्यों को अत्यंत प्रिय थे और उन्हें बहुत प्रेम करते थे, बिना किसी अपेक्षा के। ज्ञान और प्रेम का अद्भुत संगम उनमें परिलक्षित होता था। योगानन्दजी के प्रेम के वशीभूत हो पहले ही भेंट में उन्होंने अपना सर्वस्व देने को कह दिया था। वे केवल अपने शिष्यों का योगक्षेम चाहते थे। उन्हें किसी भी प्राणी जैसे बाघ, शेर या विषैले सांपों से कोई भय नहीं था। उसका एक कारण था, प्राणी जगत से प्रेम। यह तो सर्वविदित है कि कोई भी प्राणी अपनी रक्षा हेतु मानव पर वार करता है। यदि मानव प्रेम पूर्ण हृदय से उस जीव को आश्वासत कर दे कि वह उसका कोई अहित नहीं करेगा तो वह हिंसक नहीं होगा। श्रीयुक्तेश्वरजी ने इसी तथ्य को भली भाँति उजागर किया। 10 मई को उनके अविर्भाव दिवस पर, ब्रह्माडीय चेतना में सदैव अपनी उपस्थिति का आभास कराने वाले इस ईश्वरतुल्य संत के आशीर्वादों को आत्मसात् करने हेतु आइए उन्हें शत-शत नमन करें।



श्रीमती मंजु लता गुप्ता ने दिल्ली के शिक्षा विभाग से प्रवक्ता, अर्थशास्त्र के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृति ली और स्वयं को गुरु सेवा के लिए समर्पित किया। अपने छात्र व छात्रों को सफल व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक तथा व्यवसायिक परामर्श प्रदान कर उनके विश्वास की पात्र रही हैं। - **श्रीमती मंजु लता गुप्ता**

**अधिक जानकारी : yssofindia.org**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

सिंह चला, भगदड़ मची, जंगल में सब ओर।
अब ये कैसा शोर है, पूछ रहे हैं ढोर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# सरसंघचालक की पहल से बदल सकती है जातिवाद की तस्वीर

अलग बात



**योगेंद्र योगी**

राजनीतिक उद्देश्य के निहितार्थ ही सही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने अगड़े, पिछड़े और अंतरजातीय विवाह की शुरुआत करा कर देश में जातिवाद के दुष्चक्र को तोडऩे की दिशा में एक सकारात्मक पहल की है। देश की तरक्की और एकता-अखंडता का अक्ष्क्षुण रखने में समाज का जाति और उपजातियों में बंटा होना प्रमुख बाधा है। सदियों से चली आ रही जातिवाद की जड़े इतनी गहरी हैं कि इसको समूल उखाड़ कर देश का नवनिर्माण करना किसी दुष्कर चुनौती से कम नहीं है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने वाराणसी में पिता बनकर 125 लड़कियों का कन्यादान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवाह समाज निर्माण का आधार है। इस भव्य समारोह में सवर्ण, दलित और पिछड़े समाज के 125 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इससे पहले भावगत और संघ परिवार कई बार हिन्दुओं की एकता की दुहाई दे चुके हैं। इस एकता में सबसे बड़ी बाधा जातिवाद है। आरएसएस की समझाइश के बावजूद जातिवाद का असर कम नहीं हुआ। इसके लिए सामूहिक विवाह की शुरुआत करा कर पहल की गई। जातिवाद तोडऩे की दिशा में यह महज एक कदम है, जबकि फासला सैकड़ों मील का है। यह संभव है कि आरएसएस आगे भी इसी तरह की पहल को जारी रखे। एक-एक कदम बढ़ा कर ही शायद एक दिन बगैर जाति के राष्ट्रवाद का सपना साकार हो सके। इसमें अभी भी बाधाओं की कमी नहीं है। ऐसा नहीं है कि आरएसएस और भाजपा का इसमें कोई छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा नहीं है। राजनीतिक सिद्धि के बावजूद यह प्रयास सकारात्मक ही माना जाएगा। भाजपा ने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर यह साबित किया भी किया है वोट बैंक की मौजूदा जातिवाद की राजनीति के बावजूद विकास की बुनियाद पर सत्ता प्राप्त की जा सकती है। इसका बड़ा उदाहरण राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन में भी देखने को मिला। इससे पहले भाजपा भी अन्य राजनीतिक दलों की तरह राज्यों में बड़े नेताओं की बंधक बनी हुई थी। इन नेताओं की उपेक्षा करके चुनाव जीतना और किसी और को मुख्यमंत्री बनाना संभव नहीं था, किन्तु भाजपा ने यह भ्रम तोड़ दिया। इसके साथ जाति आधारित नेताओं के पार्टी को ब्लेकमेल किए जाने की परंपरा को भी पछाड़ दिया। हालांकि दूसरे राजनीतिक दलों में ऐसा करने का साहस अभी तक नहीं है, विपक्षी दलों में इसकी छटपटाहट जरूर नजर आती है। अंतरजातीय विवाह करने पर अक्सर जातिवाद का कहर न सिर्फ नवविवाहितों को बल्कि उनके पूरे परिवार तक को झेलना पड़ता है। भारत के उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ऑनर किलिंग आम हैं। भारत में ऑनर किलिंग तब होती है जब कोई जोड़ा अपनी जाति या धर्म के बाहर शादी करता है। करनाल की एक सत्र अदालत ने खाप पंचायत के आदेश के विरुद्ध विवाह करने वाले एक युवा जोड़े की हत्या के लिए पांच लोगों को पहली बार मृत्युदंड की सजा सुनाई। इसने खाप पंचायत के एक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसने विवाह को अवैध घोषित कर दिया था और हत्या के समय वह मौजूद था। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और आठ राज्यों को नोटिस जारी कर ऑनर किलिंग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी। सरकार ने सतर्कतापूर्ण रुख अपनाते हुए भारतीय दंड संहिता में संशोधन करने और खाप पंचायतों (जाति आधारित संविधानेतर निकाय) पर लगाम लगाने के पूर्व कानून मंत्री एम. वीरप्पा मोइली के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हालांकि, इसने राज्यों से परामर्श करने और एक विशेष कानून बनाने की गुंजाइश पर विचार करने के लिए मंत्रियों के एक समूह का गठन करने का फैसला किया, जो ऑनर किलिंग को एक सामाजिक बुराई के रूप में मानेगा। प्रस्तावित ऑनर किलिंग कानून को लेकर विशेषज्ञों में मतभेद है। कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि अगर सही तरीके से लागू किया जाए तो मौजूदा कानून ऑनर किलिंग को रोकने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि अन्य का मानना है कि ऑनर किलिंग की समस्या से निपटने के लिए अधिक सख्त और विशिष्ट प्रावधानों की आवश्यकता है। भारत में 2019 और 2020 में ऑनर किलिंग की संख्या 25-25 थी और 2021 में 33 थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद 430 उड़ानें हुईं रद्द, 10 मई तक बंद रहेंगे 27 एयरपोर्ट्स



**नई दिल्ली।** भारत की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' सफलतापूर्वक किए जाने के बाद गुरुवार को करीब 430 नागरिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। यह देश की कुल शेड्यूल उड़ानों का करीब 3 प्रतिशत है। इसके साथ ही 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद रहेंगे। फ्लाइटराडर24 प्लेटफॉर्म के फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, पाकिस्तान और भारत के पश्चिमी गलियारे का एयरस्पेस का ज्यादातर हिस्सा नागरिक विमानों से फ्री था। फ्लाइट को ट्रैक करने वाले पोर्टल के मुताबिक, पाकिस्तान के ऊपर हवाई क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर एवं गुजरात के बीच भारत के पश्चिमी क्षेत्र में नागरिक हवाई यातायात नहीं था। इसकी वजह एयरलाइनों द्वारा संवेदनशील क्षेत्र से दूरी बनाए रखना है। जिन एयरपोर्ट्स को बंद रखा गया है, उनमें श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलवारा, पठानकोट, भुंतर, शिमला, गग्गल, धर्मशाला, किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, मुंद्रा, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, कांडला, केशोद, भुज, ग्वालियर और हिंडन शामिल हैं। बुधवार को 300 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया था। इस दौरान उत्तर और पश्चिमी भारत के 21 एयरपोर्ट्स बंद थे। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसके संपर्क केंद्रों पर वर्तमान में बहुत अधिक कॉल आ रही हैं। एयरलाइन ने कहा, "हमारे सभी प्रतिनिधि सक्रिय रूप से ग्राहकों की सहायता कर रहे हैं, कुछ मामलों में संपर्क होने में अपेक्षा से अधिक समय लग सकता है। कृपया निश्चिंत रहें, हम आपकी सहायता के लिए यहां हैं।" एयरलाइन ने कहा, "जिन ग्राहकों की उड़ानें वर्तमान व्यवधानों से प्रभावित हैं, उनके लिए एयर इंडिया कैंसिलेशन पर फुल रिफंड और रीशेड्यूलिंग पर वन-टाइम छूट की पेशकश कर रही है। यह 10 मई, 2025 तक प्रभावित उड़ानों पर बुक की गई टिकटों के लिए मान्य है।"एयर इंडिया ने कहा कि हम हमारे सैन्य और रक्षा कर्मियों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए आभारी है।

## भारतीय सेना ने मां-बहनों के सिंदूर की लाज रखी : गिरिराज

**एजेंसी। पटना**



● आम जनता से लेकर केंद्रीय मंत्री तक सेना के पराक्रम की प्रशंसा कर रहे हैं

भारतीय सेना की ओर से किए गए "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद पूरा देश गर्व कर रहा है। क्या आम और क्या खाश सभी पाकिस्तान पर हुई इस कार्रवाई की प्रसंशा पर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी सेना के पराक्रम को सलाम किया है। गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कहा कि सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। सेना ने मां-बहनों के सिंदूर की लाज रखी है। उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले का जिस तरह से जवाब दिया गया है, उससे पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है।भारतीय सेना हर परिस्थिति में जवाब देने में सक्षम है। आगे भी अगर जरूरत पड़ी तो दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब मिलेगा, जिस भाषा को वो बाखूबी समझते हैं।

उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी, जिसके बाद सेना ने 6 और 7 मई की दरमयानी रात कड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के भीतर सक्रिय 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सेना की इस कार्रवाई में 90 से अधिक आतंकी मारे गए हैं।

## टीआरएफ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अभियान चले, पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए : ओवैसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पाकिस्तान के अंदर जारी आतंकवादियों के कैंप को तबाह करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी गई। सर्वदलीय बैठक के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस पर जानकारी दी। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ अभियान चलाया जाए और पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की प्रशंसा की है। बैठक में मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ एक इंटरनेशनल कैंपेन चलाना चाहिए। खासतौर से सुरक्षा परिषद इसकी घोषणा करे। हमें यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका को बताना है कि वह अपने मुल्क में इस संगठन को तुरंत आतंकी संगठन घोषित करे। उन्होंने आगे कहा कि फरवरी 2025 में आतंकी हाफिज सईद के बेटे की एक स्पीच है पीओके में, जिसमें उसने कहा था कि 2025 में हम लोग जिहाद करेंगे। ये जिहाद का नाम लेकर भारत में कत्ल करना चाहते हैं, आतंक फैलाना चाहते हैं। हम यूएस से अपील करेंगे कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को आतंकी संगठन घोषित करे। पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए। यूनाइटेड किंगडम से ट्रेड डील भी किया गया है। हम यूके सरकार से भी कहेंगे कि वो भी टीआरएफ को बैन करे। ब्रिटेन का वित्त मंत्रालय पाकिस्तान को बैन करे। अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने जा रहे हैं, ऐसे में अमेरिका भी पाकिस्तान को आतंकी सूची में डाले। दूसरी तरफ, 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "सर्वदलीय बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बहुत अच्छे से हुई है। गंभीर विषय था और सभी नेताओं ने गंभीरता से अपनी बात को रखा है।"उन्होंने आगे कहा, "सबसे पहले रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी और परिस्थिति, हालात के बारे में भी बताया। इसके बाद सभी ने अपना मत रखा और सुझाव भी दिए।

## ऑपरेशन सिंदूर : शिवसेना ने पीएम मोदी को बताया योद्धा, लगाए पोस्टर

**एजेंसी। मुंबई**




● पीएम मोदी को पोस्टर में "योद्धा" के रूप में दर्शाया गया

मुंबई में ऑपरेशन सिंदूर के बाद कई जगहों पर शिवसेना ने भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए पोस्टर लगाए हैं। खास तौर पर यह पोस्टर दादर में लगाया गया है। इस पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी को एक योद्धा के रूप में दिखाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पूरा देश एक स्वर में प्रधानमंत्री और भारतीय सेना की तारीफ कर रही है। विपक्ष ने भी इस अहम वक्त में भारतीय सेना और केंद्र सरकार के साथ खड़े रहने का वादा किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार की ओर से प्रेस ब्रीफिंग की गई। इसमें सैन्य अफसरों ने हवाई अटैक की जानकारी दी। एक क्लिप भी चलाई गई जिसमें अटैक से पहले और बाद की स्थिति दिखाई गई। थल सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया, "पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान में पिछले तीन दशकों से आतंकवादी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा था, जो पाकिस्तान और पीओके दोनों में फैला हुआ है।" उन्होंने बताया कि इसमें भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। ये हमले नौ लक्षित स्थानों- मुजफ्फराबाद, कोटली, बहावलपुर, रावलकोट, चकस्वरी, भीमबर, नीलम घाटी, झेलम और चकवाल में किए गए। वहीं, गुरुवार को केंद्र सरकार संसद के पुस्तकालय में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया, "सरकार ने 8 मई, 2025 को सुबह 11 बजे नई दिल्ली में संसद पुस्तकालय भवन, संसद परिसर में समिति कक्षः जी-074 में सर्वदलीय नेताओं की बैठक बुलाई है।"इससे पहले 7 मई को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऑपरेशन के लिए भारतीय सेना की बहादुरी की जमकर सराहना की। कैबिनेट मंत्रियों ने इस सफल अभियान के लिए पीएम मोदी को बधाई दी और उनके नेतृत्व में पूर्ण विश्वास जताया।

# पीएम मोदी ने मंत्रालयों के सचिवों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

**प्रधानमंत्री के निर्देश**

- निरंतर सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता
- संस्थागत समन्वय और स्पष्ट संचार पर बल
- राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता



● सभी आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट किया गया

**पीएम मोदी ने मंत्रालयों को बेहतर समन्वय और आपात तैयारियों के निर्देश दिए"**

प्रधानमंत्री मोदी ने जोर दिया सभी मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है ताकि कामकाज बिना किसी रुकावट के चलता रहे और संस्थाएं मजबूत बनी रहें। इसके साथ ही उन्होंने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों की योजना और तैयारियों की समीक्षा की। सचिवों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने मंत्रालयों के कार्यों की व्यापक समीक्षा करें और आवश्यक प्रणालियों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करें, विशेष रूप से तैयारियों, आपातकालीन प्रतिक्रिया और आंतरिक संचार प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही सचिवों ने मौजूदा स्थिति में सरकार के दृष्टिकोण के साथ अपनी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। सभी मंत्रालयों ने मौजूदा हालातों में अपने कार्यों की पहचान कर ली है मंत्रालय किसी भी तरह की नई परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार हैं। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचनाओं और फर्जी खबरों का मुकाबला करना और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावा, मंत्रालयों को राज्य अधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ निकट समन्वय बनाए रखने की सलाह दी गई है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। इस बैठक में देश की सुरक्षा को लेकर हाल की घटनाओं के मद्देनजर तैयारियों और मंत्रालयों के बीच तालमेल की समीक्षा की गई। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह, विदेश, सूचना और प्रसारण, ऊर्जा, स्वास्थ्य, और दूरसंचार जैसे प्रमुख मंत्रालयों के सचिव शामिल थे। पीएम मोदी ने संवेदनशील दौर में निरंतर सतर्कता, संस्थागत तालमेल, और स्पष्ट संचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और नागरिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। बता दें कि भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन "सिंदूर" के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सधी हुई लक्षित कार्रवाई की। इस कार्रवाई में भारतीय सेना ने इन सभी आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 7 और 8 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन भारत की एयर डिफेंस प्रणाली ने इन्हें नाकाम कर दिया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

**एलओसी पर पाकिस्तान की गोलीबारी पर कांग्रेस नेता ने कहा-**

## दम है तो भारतीय सेना से मुकाबला करो

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। लेकिन, पाकिस्तान अभी भी सुधरा नहीं है और 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में पाकिस्तान की ओर से एलओसी पर हो रही लगातार गोलीबारी में 15 आम लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान की इस नापाक हरकत पर दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान को भारतीय सेना से मुकाबले करने की चुनौती दी और कहा कि पाक को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। गुरुवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से यह बेहद कायरतापूर्ण और शर्मनाक हरकत है। पहलगाम में उन्होंने निहत्थे नागरिकों को निशाना बनाया और अब भी वे निहत्थे लोगों पर हमला कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना को नागरिकों से क्या लेना-देना है? अगर हिम्मत है तो आप सेना का सामना क्यों नहीं करते। क्योंकि, पाकिस्तान ने जब भी सेना पर हमला किया, पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब मिला है। वहीं, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दिल्ली में ऑल पार्टी मीटिंग हुई। इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। विपक्षी दलों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई।

## बयान दर्ज कराने के लिए फिर एसआईटी के सामने पेश हुआ सपा विधायक का बेटा

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल संभल में पिछले साल 24 नवंबर को हुई हिंसा के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बृहस्पतिवार को एक बार फिर विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश हुए। सुहैल ने इससे पहले छह मई को संभल कोतवाली थाने में एसआईटी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था। पिछले साल 24 नवंबर को संभल शहर के कोर्ट गर्वी इलाके में स्थित शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा से संबंधित मामले में सुहैल इकबाल के साथ-साथ संभल से सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क भी आरोपी हैं। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही जामा मस्जिद उस जगह पर बनी है जहां पहले कभी हरिहर मंदिर था। सुहैल ने संवाददाताओं से कहा, एसआईटी ने मुझे आज फिर पूछताछ के लिए बुलाया है और मैं पूरा सहयोग करने आया हूं। वे जो भी पूछेंगे, मैं उसका जवाब दूंगा।

## उत्तरकाशी के गंगनानी में हेलीकॉप्टर क्रैश सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जांच के दिए निर्देश

**एजेंसी। उत्तरकाशी**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी के गंगनानी में गुरुवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे पर दुख जताया है और उन्होंने इस पूरी घटना की जांच के लिए निर्देश भी दिए हैं। उत्तरकाशी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस-प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। घटना स्थल पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं और पूरे मामले की पल-पल की जानकारी खुद सीएम धामी ले रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। ईश्वर हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने एवं हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में लगातार अधिकारियों के संपर्क में हूं और हर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।"जानकारी के अनुसार, गंगोत्री जा रहा एक निजी हेलीकॉप्टर सुबह करीब 9 बजे गंगनानी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

**बिहार : नौगछिया का जन औषधि केंद्र बना वरदान, लाभार्थी बोले**

## दवाएं खरीदने के लिए अब सोचना नहीं पड़ता

**एजेंसी। भागलपुर**



भागलपुर के नौगछिया जैसे बाढ़ग्रस्त इलाके के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र वरदान बनकर उभरा है। लोगों का कहना है कि यहां पर अच्छी दवा और सस्ती दवा तो मिलती ही है। लाभार्थियों ने बताया कि जन औषधि केंद्र से गरीबों को काफी मदद मिल रही है।

नौगछिया के केंद्र संचालक अमित कुमार ने बताया कि जन औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विजनरी कदम है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों का इलाज के दौरान घर तक बिक जाता था। उन्होंने कहा कि उन्हें इलाज कराने में सबसे पहले आर्थिक समस्या आती थी। इस समस्या को दूर करने के लिए यह विजनरी कार्यक्रम है। जन औषधि केंद्र की वजह से गरीब परिवार दवा में खर्च होने वाले पैसे को बचाकर 90 प्रतिशत तक सस्ती दवाई लेकर पैसे बचा रहा है। केंद्र पर 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। उन्होंने बताया कि जो पेट दर्द की दवा बाजार में 5 रुपये में मिलती है, वह यहां पर 90 पैसे में 10 गोली दी जा रही है। दवा लेने आए सुबोध गुप्ता ने बताया कि जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली दवाएं 75 प्रतिशत तक सस्ती मिल रही हैं। 600 रुपये की दवा मुझे जन औषधि केंद्र पर 150 रुपये में ही मिल जाती है। यहां पर फायदा मिलने के बाद अपने वार्ड के सभी लोगों को यहीं से ही दवा लेने के लिए कहा है, जिससे सभी को इसका फायदा मिल सके। उन्होंने कहा कि अब बाजार से हम लोग कम ही दवाएं लेते हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री मोदी को बहुत धन्यवाद देते हैं। हम लोगों को बहुत सारा पैसा इलाज में ही खर्च हो जाता था। दवा लेने आई निशा कुमारी ने बताया कि बाहर हम दो हजार में दवा लेते थे, वह जन औषधि केंद्र पर तीन गुना तक कम में मिल रहा है। प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि कुछ दवाएं यहां नहीं मिलती हैं, उनको भी उपलब्ध कराया जाए। गौरतलब है कि 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी)' एक अभियान है जिसे फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने केंद्रीय फार्मा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के साथ मिलकर शुरू किया है। इसका उद्देश्य 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र' समर्पित दुकानों के माध्यम से आम जनता को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है।

## अमृतसर के गांव में मिसाइल का मलबा मिला, भारतीय सेना मौके पर पहुंची



**एजेंसी। अमृतसर**

आतंकी शिविरों और पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर लक्षित हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इसी के बीच पंजाब के सीमावर्ती जिले अमृतसर के निवासियों में उस समय दहशत फैल गई, जब गुरुवार को रात करीब 1 बजे उन्होंने विस्फोटों की आवाज सुनी और आसमान में रोशनी चमकती देखी, जिसके बाद बिजली गुल हो गई। शहर के बाहरी इलाके जेठूवाल, माखन विंडी और पंधेर में सुबह खेतों से मिसाइलों के मलबे बरामद किए गए।

**अमृतसर में सीमा के पास मिसाइल का मलबा मिला**

सीमा क्षेत्र में जहां मिसाइल का मलबा मिला है, वहां सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। जंडियाला के एसएचओ हरचंद सिंह संधू ने बताया कि सूचना मिलने के बाद सेना के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा, "मुझे ग्रामीणों से सूचना मिली और हम यहां पहुंचे। यह खेतों में मिला एक जिंदा विस्फोटक है। सेना यहां है और यह तय कर रही है कि इसे यहां से ले जाया जाएगा या यहीं निष्क्रिय किया जाएगा।" उन्होंने आगे कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि मलबा पाकिस्तान की ओर से आई मिसाइल का है। ग्रामीणों को वहां से हटाया जा रहा है।

# पाकिस्तान का झूठ बेनकाब : गुजरांवाला में भारतीय ड्रोन गिराने का दावा फर्जी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




पाकिस्तान द्वारा भारतीय ड्रोन को गुजरांवाला में गिराने का दावा पूरी तरह से झूठा साबित हुआ है। प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) फैक्ट चेक ने इस दावे को खारिज करते हुए खुलासा किया कि पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल्स द्वारा शेयर की जा रही तस्वीर 2022 की यूक्रेन-रूस युद्ध की है। पाकिस्तानी अकाउंट्स ने दावा किया था कि पाक सेना ने गुजरात के डिंगा गांव झंड पीर के पास एक भारतीय मानव रहित विमान (यूएवी) को गिरा दिया। हालांकि, पीआईबी ने अपनी जांच में पाया कि यह तस्वीर पुरानी है और इसका भारत-पाकिस्तान से कोई संबंध नहीं है। पीआईबी ने एक न्यूज रिपोर्ट का हवाला देते हुए इसकी पुष्टि की, जिसमें यह तस्वीर 2022 में यूक्रेन-रूस संघर्ष के दौरान प्रकाशित हुई थी। पीआईबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पोस्ट पर लिखा, "क्या यह भारतीय ड्रोन वास्तव में पाकिस्तान में इंटरसेप्ट किया गया? पाकिस्तान आधारित सोशल मीडिया हैंडल्स एक पुरानी तस्वीर साझा कर रहे हैं, जिसमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान सेना ने गुजरांवाला, पाकिस्तान में एक यूएवी ड्रोन को इंटरसेप्ट किया है। वायरल हो रही तस्वीर वर्ष 2022 के यूक्रेन-रूस संघर्ष से संबंधित है। पीआईबी ने 2022 की एक समाचार रिपोर्ट का लिंक भी पोस्ट में दिया है जो स्पष्ट करती है कि ये तस्वीर यूक्रेन-रूस युद्ध से संबंधित है, न कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष से।

ज्ञात हो कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत के सफल आतंकवाद विरोधी हमलों के मद्देनजर, पाकिस्तान सरकार से जुड़े कई मीडिया आउटलेट और सोशल मीडिया अकाउंट्स को ऑपरेशन से जुड़े तथ्यों को विकृत करने के स्पष्ट प्रयास में भ्रामक और मनगढ़ंत कंटेंट प्रसारित करते हुए बेनकाब किया गया है। बुधवार को, भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए, जिसमें काफी लोग हताहत हुए। यह ऑपरेशन सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई का एक महत्वपूर्ण क्षण था। हमलों के बाद, पाकिस्तान की ओर से सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों की बाढ़ सी आ गई। इसमें पाकिस्तानी मीडिया हाउस और संबद्ध हैंडल शामिल रहे, जिन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर असत्यापित और झूठी कहानियां गढ़ीं। ऐसे ही एक झूठे दावे में बताया गया कि पाकिस्तान ने अमृतसर में एक भारतीय सैन्य अड्डे पर बमबारी की थी।

## एक भी मिसाइल नहीं रोक सके

# पाकिस्तानी नागरिक ने खोली पाक सेना और उसकी कमजोर रक्षा प्रणाली की पोल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



बुधवार को जब भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में प्रमुख आतंकी ठिकानों पर बमबारी की, तो पाकिस्तान ने अपनी साख बचाने के लिए झूठे प्रचार का सहारा लिया। हालांकि, पाकिस्तान के ही कुछ लोग ऐसे भी हैं जो बिना हिचक के पूरी बेबाकी के साथ अपनी सेना की खामियों को उजागर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी नागरिक का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें उसने पाकिस्तानी सेना की रक्षा प्रणाली में बड़ी खामियों और किसी भी हमले को विफल करने की तैयारी के बारे में खुलकर बात की है। वीडियो में पाकिस्तानी नागरिक कह रहा है, "कल रात भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 24 मिसाइल हमले किए और हैरानी की बात है सारे टारगेट पर जाकर लगे। इंडिया ने अपना टारगेट हासिल कर लिया और हम एक भी मिसाइल को रोक नहीं सके। हम पूरी तरह नाकाम रहे और भारत ने अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। कहावत है 'घर में घुसकर मारना', और भारत ने यही काम करके दिखाया। हम भारत को रोक नहीं सके।

उसने आगे कहा, "आप लोग यह मत सोचें कि मैं भारत की तारीफ कर रहा हूं। आप सुनते आ रहे हैं कि ईरान ने इजरायल की ओर लक्ष्य करके हजारों मिसाइल दाग दी। लेकिन वास्तव में इजरायल में एक भी मिसाइल नहीं गिरती क्योंकि उनका डिफेंस सिस्टम बहुत मजबूत है। ईरान की केवल एक-दो मिसाइल ही मुश्किल से इजरायल में जाकर गिर पाती हैं। इजरायल के डिफेंस सिस्टम की तुलना में हमारा हाल बुरा है। हम भारत की 24 मिसाइल में एक को भी गिरा नहीं पाए।"वीडियो में पाकिस्तानी नागरिक ने अपने देश की सुरक्षा तैयारियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा, "गनीमत यह रही कि भारत ने हमारे सैन्य ठिकानों या रिहायशी इलाकों पर हमला नहीं किया। भारत ऐसा करता तब भी हम उन मिसाइलों को रोक नहीं पाते। भारत की एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में रातभर अफवाहों का दौर चलता रहा कि हमने भारत के विमान गिरा दिए।

# जम्मू-कश्मीर के मदरसों व मस्जिदों ने पाकिस्तानी गोलाबारी से घर छोड़ने वालों के लिए दरवाजे खोले

- **यह पहल केवल धार्मिक नहीं, मानवीय है, चाहे जरूरतमंद किसी भी धर्म या समुदाय से हो, उनके लिए सहायता उपलब्ध है**
- **सीमाओं पर तनाव व अस्पतालों में रक्त की कमी को देखते हुए रक्त शिविर लगाया जा रहा है ताकि समय पर जरूरतमंदों को खून मिल सके**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान की ओर से भारी गोलीबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह शरण लेने लगे हैं। ऐसे लोगों के लिए जम्मू-कश्मीर के मदरसों व मस्जिदों ने अपने दरवाजे खोल दिए हैं? वे वहाँ आकर रह सकते हैं , भोजन कर सकते हैं। इस बारे में जम्मू के प्रमुख मुस्लिम विद्वान मुफ्ती सगीर अहमद ने कहा है कि जम्मू क्षेत्र की सभी मस्जिदें और मदरसे उन विस्थापितों के लिए खुले हैं, जिन्हें पाकिस्तान की गोलाबारी के कारण अपने घर छोड़ने पड़े हैं।बुधवार को पुंछ जिले में पाकिस्तानी गोलाबारी में 13 लोगों की मौत और 40 से ज्यादा के घायल होने के बाद हालात काफी गंभीर हो गए हैं। ऐसे में जम्मू के बठिंडी इलाके में 'मरकज-उल-मारीफ' मदरसे द्वारा एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें खुद मुफ्ती सगीर अहमद ने दर्जनों युवाओं के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, "इस्लाम हमें सिखाता है कि एक जान बचाना पूरी मानवता को बचाने जैसा है।"मुफ्ती सगीर का कहना है कि सीमाओं पर तनाव और अस्पतालों में रक्त की कमी को देखते हुए यह शिविर लगाया गया, ताकि समय पर जरूरतमंदों को खून मिल सके। अब तक 50 यूनिट से ज्यादा रक्त एकत्र किया जा चुका है, जिसे जम्मू मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सौंपा जाएगा।मुफ्ती सगीर ने बताया कि उनका मकसद केवल एक मजहब के लोगों की मदद करना नहीं, बल्कि हर उस इंसान तक पहुंचना है जो मुसीबत में है। उन्होंने कहा कि "यदि हमें किसी को जगह देनी पड़े, तो हमारे मदरसे और मस्जिद तैयार हैं। यह हमारा फर्ज है और इस्लाम की यही तालीम है।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह पहल केवल धार्मिक नहीं, मानवीय है। चाहे जरूरतमंद किसी भी धर्म या समुदाय से हो, उनके लिए सहायता उपलब्ध है।केवल धार्मिक संस्थाएं ही नहीं, वकीलों,चिकित्सकों व तमाम सामाजिक संगठनों ने भी इस आपदा में मानवता के पक्ष में खड़ा होने का निर्णय लिया है।

जम्मू हाईकोर्ट बार एसोसिएशन भी शुक्रवार को एक रक्तदान शिविर आयोजित करने जा रहा है, जिसमें वकीलों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की गई है।इसके अलावा जामिया जिया-उल-इस्लाम नामक एक और शैक्षणिक संस्थान ने सीमा से विस्थापित 50 से अधिक लोगों को आश्रय दिया है। इनमें ज्यादातर वे लोग हैं जिन्हें हालिया गोलीबारी के कारण अपने गांव छोड़ने पड़े।जहां एक ओर सीमाओं पर तनाव और गोलियों की आवाज़ गूंज रही है, वहीं दूसरी ओर मस्जिदों की माइक से सुकून का पैगाम दिया जा रहा है। यह कहानी न सिर्फ सहानुभूति की है, बल्कि भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब और धर्मनिरपेक्ष भावनाओं की मिसाल भी है।इस मुश्किल घड़ी में जब चारों ओर डर और दर्द का माहौल है, मस्जिदें व मदरसे राहत का केंद्र बनकर उभरे हैं। इससे लगता है कि इंसानियत अभी भी जिंदा है।

# ऑपरेशन सिंदूर की कमान संभालने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह के वेतन व सुविधाएं क्या हैं?

**ब्यूरो**





**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विस्तार से बताई थीं।इसके बाद लोगों में यह जानने की उत्सुकता हो गई है कि इन दोनों जाबाजों ने कहां से पढ़ाई की हैं, दोनों को कितनी तनख़्वाह व अन्य सुविधाएँ मिलती हैं ,उनकी उपलब्धियां क्या-क्या हैं? पहले कर्नल सोफिया के बारे में ।यह सेना वाले परिवार से हैं। इनके पिता , दादा सेना में थे , पति भी सेना में हैं। इनका जन्म 1981 में गुजरात के वडोदरा में हुआ। उन्होंने बड़ौदा विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में एमएससी किया है। उसके बाद सेना में भर्ती हुईं और 1999 में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से ट्रेनिंग लेने के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने वर्ष 2016 में पुणे आयोजित बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास फोर्स 18 में भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व किया था। कर्नल सोफिया को उत्तर-पूर्व भारत में बाढ़ राहत कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सिग्नल ऑफिसर-इन-चीफ का प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ था। कर्नल सोफिया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी ने बताया कि उनके दादा और पिता भी सेना में थे। कर्नल सोफिया के पति मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में अफसर है।भारतीय सेना में कर्नल रैंक पे लेवल-13 के अंतर्गत आती है। जो कुछ मीडिया में छपा है उसके अनुसार, उनकी बेसिक सैलरी 1,30,600 से 2,15,900 रुपये प्रति महीने के बीच होती है। उन्हें मिलिट्री सर्विस पे 15,500 रुपये प्रति माह, महंगाई भत्ता बेसिक सैलरी का लगभग 46% और अन्य भत्ते प्राप्त होते हैं। इसके अलावा उन्हें सरकारी आवास, वाहन, स्वास्थ्य सेवाएं और रिटायरमेंट लाभ भी मिलते हैं। ऐसे में कर्नल सोफिया की मासिक सैलरी लगभग 1.8 लाख रुपये से लेकर 2.5 लाख रुपये तक हो सकती है।अब जानते हैं विंग कमांडर व्योमिका सिंह के बारे में । व्योमिका सिंह अपने परिवार में सशस्त्र बलों में शामिल होने वाली पहली हैं। व्योमिका ने 18 दिसंबर 2004 को वायुसेना में 21वीं शॉर्ट सर्विस कमीशन (महिला) फ्लाइंग पायलट कोर्स के तहत प्रवेश लिया था और 18 दिसंबर, 2019 को उन्हें फ्लाइंग ब्रांच में स्थायी कमीशन मिला था। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने 2,500 से ज्यादा घंटे फ्लाइट्स उड़ाने का अनुभव हासिल किया है। व्योमिका सिंह को चेतक और चीता जैसे हल्के हेलीकॉप्टर को जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर जैसे चुनौती पूर्ण इलाकों में उड़ने का अनुभव है। विंग कमांडर रैंक भारतीय वायुसेना में पे लेवल-12A के अंतर्गत आती है। जो कुछ मीडिया में आया है उसके अनुसार इनकी बेसिक सैलरी 1,21,200 से 2,12,400 रुपये प्रति माह, मिलिट्री सर्विस पे 15,500 रुपये प्रति माह, फ्लाइंग अलाउंस 25,000 रुपये प्रति माह, महंगाई भत्ते के साथ सरकारी आवास, वाहन, स्वास्थ्य सेवाएं, और रिटायरमेंट लाभ भी मिलते हैं। उनकी कुल सैलरी 1.7 लाख से 2.4 लाख रुपये प्रतिमाह तक हो सकती है।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान खाली करने का निर्देश दिया

**वाशिंगटन ।** अमेरिका ने अपने नागरिकों को कहा है कि आप लाहौर को छोड़कर जल्द से जल्द वापस लौट आएं या फिर कहीं शरण ले लें। पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार जिस तरह से तनावपूर्ण स्थिति हो रही है। उसे देखते हुए अमेरिक ने अपने नागरिकों के लिए ये एडवाइजरी जारी की है। संघर्ष क्षेत्र में अमेरिकी नागरिकों को एडवाइजरी में शामिल हैं। सुरक्षित आश्रय की तलाश करें,ऐसी निकासी योजनाएँ बनाएँ जो अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न हों,यात्रा दस्तावेज़ अद्यतित और आसानी से सुलभ हों,अपडेट के लिए स्थानीय मीडिया पर नज़र रखें,उचित पहचान पत्र साथ रखें और अधिकारियों के साथ सहयोग करें। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने सुरक्षा अलर्ट में कहा कि उसे ऐसी प्रारंभिक रिपोर्ट भी मिली है।

# संकट के समय में हम सब सरकार के साथ हैं

## विपक्षी दलों ने "ऑपरेशन सिंदूर" के बारे में सर्वदलीय बैठक में कहा

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई थी।जिसकी अध्यक्षता पीएम ने नहीं बल्कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। सूत्रों के अनुसार , रक्षामंत्री ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि यदि पाकिस्तान हमला करेगा तो भारत जवाबी हमला करेगा। सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए भारतीय हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि संकट के समय में हम सरकार के साथ हैं।खड़गे ने कहा, "बैठक में हमने सुना कि उन्हें (केंद्र को) क्या कहना था। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ गोपनीय जानकारी बाहर साझा नहीं की जा सकती। हमने उनसे कहा कि हम सभी सरकार के साथ हैं।सर्वदलीय बैठक के बाद एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, "मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की है। मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ एक वैश्विक अभियान चलाना चाहिए। मैंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को अमेरिका से इसे आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने का अनुरोध करना चाहिए। हमें एफएटीएफ में पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट करने का भी प्रयास करना चाहिए।" ओवैसी ने कहा, "सरकार के पास कश्मीर में पाकिस्तान से भिड़ने और कश्मीरियों को अपनाने का सुनहरा अवसर है। पुंछ में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उन्हें आतंकवाद पीड़ित घोषित किया जाना चाहिए। सरकार को उन्हें मुआवजा देना चाहिए और उनके लिए घर मुहैया कराने चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन के कारण उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि (ऑपरेशन सिंदूर से) यह है कि भवालपुर और मुरीदके – दो ज्ञात आतंकवादी स्थल नष्ट कर दिए गए। कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट्स ने बताया है कि बठिंडा में एक राफेल गिरा है। भारतीय वायु सेना को इसका खंडन करना चाहिए क्योंकि इससे हमारे सशस्त्र बलों का मनोबल नहीं गिरना चाहिए।"सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिन्होंने सभी को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी और सभी नेताओं ने अपने सुझाव दिए। सभी नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की और उन्हें बधाई दी और कहा कि हम सरकार और सशस्त्र बलों का समर्थन करेंगे। हमें कुछ सुझाव भी मिले हैं।" किरेन रिजिजू ने कहा, "फर्जी खबरें फैलाने के लिए कई फर्जी खबरें प्रचारित की जा रही हैं, और इसलिए, मैं इस समय सभी से अपील करता हूं कि वे देश से या देश के भीतर से आने वाली किसी भी फर्जी खबर पर भरोसा न करें और केवल प्रामाणिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

## ईरान ने ठुकराया अमेरिका से सीधी बातचीत का प्रस्ताव



**तेहरान ।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि तेहरान ने वाशिंगटन के साथ सीधे परमाणु वार्ता का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने बुधवार को ईरान के प्रेस टीवी से बात करते हुए इजरायली न्यूज वेबसाइट वाईनेट की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था। साथ ही उन्होंने ओमानी मध्यस्थता से निराशा के कारण सीधे परमाणु वार्ता का अनुरोध किया था।

# भारत की प्रसिद्ध करांची बेकरी के विरुद्ध हैदराबाद में विरोध प्रदर्शन

**ब्यूरो**

- **हैदराबाद व सिकंदराबाद में कराची बेकरी के 15 स्टोर हैं**
- **यह अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन , ऑस्ट्रेलिया सहित 20 से ज्यादा देशों में बिस्कुट सहित कई चीजों का निर्यात करती है**

**नई दिल्ली।** भारत व पाकिस्तान के बीच में तनाव बढ़ता जा रहा है। इस दौरान कई अराजक , स्वार्थी व विद्वेष फैलाने वाले तत्व भी सक्रिय हो गये हैं। उदाहरण है हैदराबाद में प्रसिद्ध करांची बेकरी के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन। इस बेकरी के मालिक ने कहा हमारे दादा ने इसका नाम कराची के नाम पर रखा था। उन्होंने कहा कि काफी लोग प्रदर्शन कर रहे हैं कि यह कराची की है। लेकिन असलियत यह है कि यह भारतीय ब्रांड है ना कि पाकिस्तान का ब्रांड है। देश की प्रमुख समाचार एजेंसी से बातचीत में हैदराबाद में कराची नाम की बेकरी के मालिक ने कहा, 'यह हमारा ब्रांड कराची बेकरी 1953 से हैदराबाद में ही है। हमारे दादा ने इसे हैदराबाद में ही शुरू किया था। हम लोगों को आज 72 साल हो गए, सब कुछ हमारा इंडिया में ही है। ब्रांड हमारा कराची बेकरी इसलिए रखा गया था क्योंकि हमारे दादा 1947 में विभाजन के बाद जब वो भारत आए थे तो वहां से एक नाम वो लेकर आए थे।'कराची नाम की बेकरी के मालिक ने आगे कहा, 'उस टाइम पर भी वो हैदराबाद में ही थे और हैदराबाद में हमारे दादा यह नाम लेकर आए थे।' एक अन्य शख्स ने कहा, 'हमारे मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, हमारे डीजीपी साहब और हमारे कमिश्नरेट सब को रिक्वेस्ट करते हैं कि हमे सपोर्ट करिए। इस समय सारा इंडिया जो गुजर रहा है इस समस्या से हम सब कुछ समझते हैं। हमारा सपोर्ट करें। सभी अधिकारी हमारी बेकरी के नाम में किसी भी तरह के बदलाव को रोकने में मदद करें। लोग शहर भर में बेकरी की दुकानों पर तिरंगा लगा रहे हैं। काफी लोग विरोध कर रहे हैं कि ये कराची की है। लेकिन असलियत यह है कि यह भारतीय ब्रांड है ना कि पाकिस्तान का ब्रांड है।' मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बेकरी की दुनिया में कराची बेकरी का नाम बहुत ऊपर रखा जाता है।बीते कई दशकों से कराची बेकरी हैदराबाद में केक का हब बना हुआ है। कराची बेकरी की सबसे बड़ी खासियत इसका बजट होता है। यहाँ कई तरह के बिस्कुट भी मिलते हैं। हैदराबाद व सिकंदराबाद को मिलाकर कराची बेकरी के 15 से ज़्यादा स्टोर मौजूद हैं। कंपनी 20 से ज्यादा देशों में बिस्कुट समेत कई चीजों का निर्यात करती है। इनमें अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

# सामंथा रूथ प्रभु ने राज निदिमोरू के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि की?

सामंथा रुथ प्रभु ने निर्देशक राज निदिमोरु के साथ कुछ कैंडिड तस्वीरें शेयर की हैं, क्योंकि वह 9 मई को सिनेमाघरों में अपनी पहली प्रोडक्शन वेंचर शुभम की रिलीज के लिए तैयार हैं। तस्वीरों ने नेटिज़न्स का ध्यान खींचा, क्योंकि कुछ निजी पलों में सिटाडेल: हनी बनी के फिल्म निर्माता राज निदिमोरु भी शामिल थे।




सामंथा रूथ प्रभु ने निर्देशक राज निदिमोरू के साथ कुछ कैंडिड तस्वीरें शेयर की हैं, क्योंकि वह 9 मई को सिनेमाघरों में अपनी पहली प्रोडक्शन वेंचर शुभम की रिलीज के लिए तैयार हैं। तस्वीरों ने नेटिज़न्स का ध्यान खींचा, क्योंकि कुछ निजी पलों में सिटाडेल: हनी बनी के फिल्म निर्माता राज निदिमोरू भी शामिल थे, जिनके साथ सामंथा के अब एक अफवाह भरे रिश्ते में होने की बात कही जा रही है। दोनों को एक साथ तिरुपति जाते हुए भी क्लिक किया गया था।



राज्य स्तरीय शहरी महिला स्वयं सहायता समूह परिचर्चा

# शहरी स्वयं सहायता समूहों की संख्या को किया जाएगा दोगुना : मंत्री सुदिव्य

नवीन मेल संवाददाता



रांची। नगर विकास सह पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को एकीकृत ब्रांड नाम के तहत बाज़ार में उतारा जाएगा, ताकि उनकी संगठित और प्रभावी मार्केटिंग की जा सके। मंत्री श्री सुदिव्य कुमार गुरुवार को नगर भवन, हज़ारीबाग में आयोजित राज्य स्तरीय शहरी महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की एक महत्वपूर्ण परिचर्चा में झारखंड के सभी ज़िलों से आई समूह की बहनों से सीधा संवाद कर रहे थे । इस अवसर पर उन्होंने उनके कार्यों की सराहना की। मंत्री ने कहा कि समूह की बहनों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे और अधिक पेशेवर बन सकें और अपने उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कर सकें। उन्होंने कहा राज्य सरकार की योजना है कि एसएचजी उत्पादों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन मार्केटप्लेस की व्यवस्था की जाए, ताकि उनके सामानों की बिक्री बढ़े और उनकी आमदनी में इजाफा हो सके।

## मुख्यमंत्री आवास से लेकर कई वीआईपी स्थानों पर 60 दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में आने वाले दिनों में कुछ संगठनों, कुछ दलों के द्वारा प्रदर्शन, जुलूस और रैली की सूचना मिलने के बाद रांची जिला प्रशासन के द्वारा एक्शन लिया गया है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से सीएम आवास, हाई कोर्ट सहित कई प्रमुख स्थानों पर अगले 60 दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। रांची डीसी कार्यालय के द्वारा दी गई सूचना के अनुसार प्राप्त सूचनानुसार कतिपय संगठनों/दलों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली इत्यादि किए जाने की सूचना है। हाल के दिनों में पूर्व में निर्धारित स्थान जाकिर हुसैन पार्क की जगह यह कार्यक्रम राजभवन मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास, काँके रोड पर भी हो रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने एवं विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा लोक परिशांति भंग होने की संभावना है। जिसको लेकर अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू किया गया है। यह निषेधाज्ञा दिनांक-06.05.2025 के प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 04.07.2025 (60 दिन) या अगले आदेश तक जो पूर्व लागू हो तक रहेगा।

# पेज एक के शेष

### एस-400 'सुदर्शन...

मिसाइल और यहां तक कि मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) सहित कई हवाई लक्ष्यों को मार गिराने की क्षमता है। इसमें चार अलग-अलग प्रकार की मिसाइलें हैं जो 400 किलोमीटर की दूरी तक के लक्ष्य को भेद सकती हैं। इसमें दो अलग-अलग रडार सिस्टम हैं, जो 600 किलोमीटर की दूरी तक हवाई लक्ष्यों का पता लगा सकते हैं और एक साथ 80 हवाई लक्ष्यों को निशाना बना सकते हैं। अगर इस सिस्टम को तैनात किया जाए तो यह सिग्नल मिलने के 3 मिनट के भीतर फायरिंग के लिए तैयार हो जाता है।

### भारत ने पाकिस्तान...

क्षेत्रों को निशाना बनाया। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी और भुज शामिल थे। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों के जरिए इन स्थानों को निशाना बनाया। हालांकि, काउंटर यूएएस और एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से भारत ने इन हमलों को निष्क्रिय कर दिया। हमलों को निष्क्रिय करने के बाद मलबे को बरामद कर लिया गया है।

### वरिष्ठ पत्रकार सुनील...

यह आधुनिक पंचतंत्र है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अनीता रश्मि, विशिष्ट अतिथि डॉ जंग बहादुर पांडे, अध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, विभा रानी श्रीवास्तव, प्रशांत कर्ण पूर्वी भारत प्रभार संयोजक एवं सुधीर कुमार सुधाकर राष्ट्रीय संयोजक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मीरा सोनी एवं गिरिजा कोमल ने किया। काव्य पाठ में रचनाकार डॉ सुरिंदर कौर नीलम, ममता, रेणु त्रिवेदी, सारिका भूषण, रुना रश्मि, मनीषा सहाय, रेणु बाला धार, मीनू सिन्हा मीनल, निर्मला कर्ण, सुनील बादल, कामेश्वर सिंह 'कामेश', अंजेश कुमार, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, गोपाल पाठक, जय गोविंद 'मनु', निराला पाठक तथा अनेक साहित्यप्रेमी श्रोता व रचनाकारों की गरिमापूर्ण उपस्थिति ने आयोजन को एक साहित्यिक पर्व का स्वरूप प्रदान किया। मुख्य अतिथि अनीता रश्मि ने पुस्तक को 'स्त्री-विमर्श और जीवन दृष्टि की सुंदर प्रस्तुति' कहा। कार्यक्रम के अंत में संयोजक प्रशांत कर्ण ने धन्यवाद ज्ञापित करते कहा, यह आयोजन केवल एक विमोचन नहीं, बल्कि साहित्यिक आत्मीयता और सृजनशीलता का संगम था। यह आयोजन साहित्यिक बिरादरी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, और आने वाले समय में इस कृति के व्यापक पाठकीय स्वागत की संभावना को भी सुदृढ़ करता है।

### भारत में सैन्य...

